बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 2 मई 2024
वर्ष-34, अंक-95, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना 16
अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग 2

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## दुष्कर्म के बाद किशोरी की फंदे से लटकाकर हत्या

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- तिर्वा कन्नौज के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी फरार

**अमृत विचार :** थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर बरामदे में सो रही किशोरी से मारपीट और धमकाकर दुष्कर्म किया गया। शिकायत करने की बात कहने पर आरोपी ने उसे फंदे पर लटका कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी (14) के परिजन मंगलवार की रात शादी समारोह में गए थे। किशोरी घर के बाहर बरामदे में सो रही थी। इसी दौरान कनकपुर्वा गांव का विवेक पहुंचा और डरा-धमका कर दुष्कर्म किया। जब किशोरी ने शिकायत करने की धमकी दी तो आरोपी ने उसे फंदे पर लटका कर हत्या कर दी। देर रात परिजन घर पहुंचे तो उन्हें घटना का पता चला। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म व हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

## बना रिकॉर्ड, जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से ऐसा हुआ है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन



- घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये का संग्रह

(13.4%) और आयात (8.3%) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया। जीएसटी मार्च में 1.78 लाख करोड़ से अधिक रहा जबकि अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ था। वित्त मंत्रालय के मुताबिक गत माह केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रहा। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 37,826 करोड़ रुपये शामिल हैं। अप्रैल में कुल उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1,008 करोड़ रुपये भी हैं। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 50,307 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी के लिए 41,600 करोड़ रुपये का निपटान किया।

डेलॉयट इंडिया में साझेदार महेश जयसिंह ने कहा कि जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी होने से प्रणाली में दूसरे दौर के सुधारों की दिशा में बढ़ने का मंच तैयार हो गया है। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज में साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में इसका औसत मासिक संग्रह करीब 0.90 लाख करोड़ था लेकिन अब यह 2.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है।

### आर्थिक गतिविधियों में तेजी और दक्ष कर संग्रह से यह संभव हुआ : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और कर संग्रह में दक्षता के दम पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। सीतारमण ने 'एक्स' पर इस मील के पत्थर को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय और राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में मजबूत गतिविधियां और कुशल कर संग्रह की बदौलत जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। घरेलू लेनदेन और आयात में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बीते साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की दर 19 रुपये घटी

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन की कीमत में बुधवार को मामूली 0.7% की वृद्धि के साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 19 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.7% बढ़कर 101,642.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने 19 किग्रा वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 19 रुपये घटाकर 1,745.50 रुपये कर दी।

### डीआरडीओ ने किया 'स्मार्ट' का परीक्षण

**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार सुबह ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार 'स्मार्ट' अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्का टॉरपीडो वितरण प्रणाली है, जिसे नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को हल्के टॉरपीडो की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक बढ़ाने के लिए डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।

### शाहजहां के फरार भाई को सीबीआई का समन

**कोलकाता।** सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में जमीन हथियाने के मामले की जांच में टीएमसी से निलंबित एवं गिरफ्तार शाहजहां शेख के भाई को बुधवार को समन जारी किया। शाहजहां का भाई शेख सिराजुद्दीन फरार है तथा सीबीआई का मानना है कि उसने इस घोटाले में अहम भूमिका निभाई है। अधिकारी ने कहा कि छह मई को कोलकाता कार्यालय में सिराजुद्दीन को पेश होने के लिए समन जारी हुआ है।

# दिल्ली-एनसीआर में 100 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल के जरिए मिली धमकी से छात्रों-अभिभावकों में दहशत, रूस से भेजे जाने का संदेह

नई दिल्ली/नोएडा, एजेंसी

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल से मिली धमकी के बाद बुधवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच में उन्हें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि यह धमकी एक अफवाह प्रतीत होती है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि स्कूलों को जो ईमेल मिला है, वह एक ही स्रोत से भेजा गया है जिसका मकसद दहशत फैलाना था। उन्होंने कहा कि इसके रूस से भेजे जाने का संदेह है। उन्होंने कहा कि यह भी हो सकता है कि दोषियों ने डार्क नेट का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा ली हो।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस आईपीसी के कड़े प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सकती है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, उसे बुधवार दोपहर 12 बजे तक विभिन्न स्कूलों से ऐसे 97 फोन कॉल आए जिनमें बम रखे होने की धमकी की जानकारी दी गई थी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के कई निजी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने सभी स्कूलों की गहन जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।



डीपीएस को बम की धमकी के बाद निरीक्षण करते सुरक्षाकर्मी।

- गृह मंत्रालय ने कहा- सभी स्कूलों को एक ही स्रोत से भेजे गए ईमेल

### पुलिस ने ईमेल के स्रोत का पता लगाया

दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने अनेक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए भेजे गए ईमेल के स्रोत का पता लगा लिया है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। सक्सेना ने मॉडल टाउन के डीएवी स्कूल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बम रखे होने की धमकी वाले ईमेल पर बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों के साथ स्कूल परिसरों में सघन तलाशी ली। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने 'एक्स' पर लिखा कि जांच में कुछ नहीं मिला है। नोएडा में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की नोएडा और ग्रेटर नोएडा स्थित शाखाओं और अन्य स्कूलों को भी धमकी भरे ईमेल भेजे गए।

### बिहार राजभवन को भी धमकी, बढ़ी सुरक्षा

**पटना।** बिहार के राजभवन में बम की सूचना वाले ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि राजभवन में जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। मंगलवार सुबह राजभवन और बिहार पुलिस को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें राज्यपाल के आवास में बम की जानकारी है, जो अफवाह रहा।

### लखनऊ के एमिटी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** वृन्दावन योजना सेक्टर आठ स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने धमकी मिली जो जांच में फर्जी निकली। बम स्क्वायड व पुलिस ने बच्चों को बाहर निकालकर सर्च ऑपरेशन चलाया। डीसीपी पूर्व प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में बम से उड़ाने का मेल स्कूल के आइडी पर आया था।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोविशील्ड का मामला

## विशेषज्ञ समिति से कराई जाए दुष्प्रभावों की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर कर कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम कारकों की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में चिकित्सा विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया। याचिका के अनुसार, ब्रिटेन मुख्यालय वाली दवा कंपनी 'एस्ट्राजेनेका' ने कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ उसका टीका बहुत दुर्लभ मामलों में कम प्लेटलेट काउंट और रक्त के थक्के बनने का कारण बन सकता है। इस टीके को भारत में कोविशील्ड के रूप में लाइसेंस के तहत बनाया गया था।



वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर याचिका में केंद्र को उन लोगों को मुआवजे के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है, जो गंभीर रूप से दिव्यांग हैं या जिनकी कोविड के दौरान लगाए गए टीके के किसी भी दुष्प्रभाव के कारण मृत्यु हो गई है। दावा किया गया है कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ संबंध को स्वीकार किया है, जिसमें असामान्य रूप से प्लेटलेट्स का स्तर कम होता है और रक्त के थक्के बनते हैं। याचिका में कहा गया है कि कोविड-19 के बाद दिल का दौरा पड़ने और व्यक्तियों के बेहोश होने से मौत के मामलों में वृद्धि हुई है। युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं।

### कंपनी से चंदा लेकर हत्या का षड्यंत्र रचा : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर एक वैक्सीन निर्माता से राजनीतिक चंदा वसूलने के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की।

### मामले में स्पष्टीकरण दे केंद्र सरकार : राजीव शुक्ला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार कोविशील्ड वैक्सीन प्रकरण पर तत्काल स्पष्टीकरण दे।

## सलमान के घर फायरिंग के आरोपी ने की आत्महत्या

मुंबई, एजेंसी

- हवालात में चादर से फंदा बना लगा ली फांसी
- हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में था गिरफ्तार

बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने गोलीबारी करने के एक आरोपी ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के हवालात में बुधवार को आत्महत्या करने की कोशिश और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी 23 वर्षीय अनुज थापन ने हवालात के शौचालय में चादर से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। थापन को सरकारी जीटी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में दुर्घटना से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि थापन मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था और उसे सोनू कुमार बिश्नोई के साथ कथित तौर पर शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता को हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पाल और गुप्ता को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## स्कूल के छात्रावास में बच्ची से दुष्कर्म, तीन पर केस

भोपाल, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिए एसआईटी से जांच के आदेश

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया गया, जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने के आदेश दिए, जबकि विपक्षी कांग्रेस ने इस घटना को लेकर उनकी सरकार पर निशाना साधा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना वास्तव में कब हुई। मिसरोद थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। इस संबंध में एक शिकायत के बाद पुलिस ने मंगलवार रात तीन लोगों के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्रद्धा तिवारी ने बताया कि आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है क्योंकि लड़की ठीक से कुछ बता नहीं पा रही है। हम पीड़िता से दोबारा बात कर आरोपी की पहचान करेंगे। हम पहले उसकी मेडिकल जांच कराएंगे और बयान दर्ज करेंगे।

भदौरिया ने कहा कि छात्रावास की सीसीटीवी फुटेज बरामद कर ली गई है क्योंकि घटना की तारीख स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि भोपाल के एक स्कूल में छोटी बच्ची से दरिंदगी की घटना दिल दहला देने वाली है।

### उज्जैन के आश्रम में 19 बच्चों से कुकर्म

**आचार्य और सेवादार के खिलाफ रिपोर्ट**

**उज्जैन।** शहर के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों का यौन शोषण का आरोप लगा है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इनके खिलाफ शिकायत की। दोनों के खिलाफ महाकाल थाने में मंगलवार देर रात 12.30 बजे मामला दर्ज किया गया। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया जबकि सेवादार फरार है। बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था। दोनों बच्चों को कमरे में बुलाकर घिनौना काम करते थे। शुरू में तीन बच्चों के साथ गलत काम होने की जानकारी सामने आई। अभिभावकों ने मंगलवार को बैठक की तो पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई। आश्रम संचालक ने बताया कि कुछ समय पहले अभिभावकों ने सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। फिर एक के बाद एक बच्चों की शिकायत आने लगी। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई।

## गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- दावा : पंजाबी गायक मूसेवाला हत्याकांड में था मुख्य आरोपी

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ की कथित तौर पर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित होटल फेयरमाउंट में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एक अमेरिकी समाचारपत्र के अनुसार मंगलवार की शाम 5.25 बजे अज्ञात हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में इसकी जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भारत सरकार ने बराड़ पर यूएपीए लगा रखा है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है। वह भारत में कई बड़े अपराधों में शामिल है। लंबे समय से बराड़ के कनाडा में होने की बात मानी जा रही थी। साल 2019 में बराड़ स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई करने के लिए कनाडा गया था। वह कनाडा के 25 मोस्टवांटेडों में शामिल था। भारत के कई नेताओं को धमकी भरे फोन कॉल करने, फिरौती और हत्याओं के दावों को पोस्ट करने में भी आरोपी है।

## सीबीआई ने की 10 राज्यों में 30 स्थानों पर छापेमारी, कई अहम चीजें बरामद

चेन्नई, एजेंसी

- एप से आधारित निवेश योजना के सिलसिले में की गई कार्रवाई

सीबीआई ने बुधवार को एप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाले निवेश योजना से संबंधित मामले की जांच के दौरान 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस दौरान सीबीआई टीम ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद कीं।

सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन एप से जुड़ी निवेश योजना के तहत धोखाधड़ी की शिकायत पर दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन एप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी थे। जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा माइनिंग मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह करते थे। एचपीजेड एक एप आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का झांसा देते हैं। सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, बेंगलुरु, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश में 30 ठिकानों पर छापेमारी की। टीम को बड़ी संख्या में ईमेल अकाउंट की भी जानकारी मिली। सीबीआई ने बताया कि आरोपी पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में निवेश पर भारी लाभ मिलने का प्रलोभन देकर एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश कराते थे। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 150 बैंक खातों का प्रयोग निवेशकों से धन एकत्र करने में किया था। इन फंडों का उपयोग शुरू में निवेशकों को विश्वास में लेने के लिए भुगतान के लिए किया जाता था।

## अब्बास अंसारी को जमानत देने से हाईकोर्ट का इंकार

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने चित्रकूट जेल कांड मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने बुधवार को पारित किया।

इसके पूर्व न्यायालय ने अब्बास अंसारी और राज्य सरकार के वकीलों की बहस सुनने के पश्चात 24 अप्रैल को मामले में निर्णय सुरक्षित कर लिया था। मामले में अब्बास के साथ चित्रकूट जेल के अधिकारी व अब्बास की पत्नी निखत बानो को अभियुक्त बनाया गया था।

## मई में उत्तर भारत में पड़ेगी सामान्य से अधिक गर्मी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और दो से चार दिन लू चल सकती है।

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल माध्यम से संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केवल पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उनके मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत में पारा सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। इसी तरह उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, गंगा के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है। महापात्र ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, प. बंगाल, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है।

### आईएमडी का अलर्ट




### देशभर में सामान्य बारिश का अनुमान

आईएमडी प्रमुख ने बताया कि मई 2024 में देश भर में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक और शेष भागों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना और तमिलनाडु में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश और केरल में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए बेहतर एकादश बनाने में जुटी सभी टीमें

## जेक फ्रेजर मैकगुर्क को नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह

सिडनी, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को मिचेल मार्श की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। आईपीएल ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगुर्क और स्टीव स्मिथ को टीम में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बुधवार की सुबह मिचेल मार्श को टी-20 कप्तान भी नियुक्त कर दिया है।

मार्श इससे पहले तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे। विश्वकप के लिए टीम के तेज गेंदबाजी क्रम में पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के अलावा टीम में युवा गेंदबाज नाथन एलिस को भी जगह दी गई है। वहीं विकेटकीपिंग में जोश इंग्लस को पहली पसंद के कीपर मैथ्यू वेड के बाद रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। बल्लेबाजी क्रम में चयनकर्ताओं ने अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी टीम में हैं। मध्यक्रम में ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस और टिम डेविड का साथ शायद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर मैथ्यू वेड देंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया कि एगर और ग्रीन को अन्य खिलाड़ियों से पहले टीम में तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा शामिल हैं।

## अफगानिस्तान ने किया टीम का ऐलान

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए राशिद खान की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने अफगानिस्तान की टीम में केवल चार बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह जदरान और बैकअप विकेटकीपर मोहम्मद इशाक को शामिल किया है।

टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, नबी, गुलबदीन नईब, करीम जनत और नांगेयालिया खरोटे के रूप में छह ऑलराउंडर्स को जगह दी गई है। अफगानिस्तान की स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुजीब और नूर, राशिद पर होगी। इसके अलावा टीम में नबी और खरोटे भी टीम में हैं। वहीं तेज गेंदबाज के तौर पर नवीन उल हक एकमात्र दाहिने हाथ के गेंदबाज हैं। उनके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज फजलहलक फारूकी और फरीद अहमद भी टीम में हैं। नूर, जनत और इशाक के लिए यह पहला टी-20 विश्वकप होगा। इसके अलावा हजरतउल्लाह जजई भी 15 सदस्यीय टीम में नहीं हैं। उन्हें रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

## न्यूयॉर्क में फ्लोरिडा से लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन' पिचें

**न्यूयॉर्क।** आगामी टी20 विश्व कप के लिये फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन' पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी। ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड ओवन के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी। टूर्नामेंट के दौरान एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस टीम न्यूयॉर्क में ही रहेगी ताकि पिच के रख रखाव में मदद कर सके। टूर्नामेंट दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा।

# चेन्नई ने पंजाब को दिया 163 रन का लक्ष्य

## सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज ने खेली 62 रन की शानदार पारी, धोनी ने बनाए 14 रन



अर्धशतक पूरा करने बाद दर्शकों का अभिवादन करते चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़।>>



**64** रनों की साझेदारी कर सलामी जोड़ी ने दिलाई बेहतर शुरुआत के बाद लड़खड़ाया मध्यक्रम

**चेन्नई 162/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रोसेयु बो बराड़ | 29 | 24 | 5/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो अर्शदीप | 62 | 48 | 5/2 |
| शिवम दुबे पगबाधा बराड़ | 0 | 1 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा चाहर | 2 | 4 | 0/0 |
| समीर रिजवी का हर्षल बो रबाडा | 21 | 23 | 1/0 |
| मोईन अली बो राहुल चाहर | 15 | 9 | 1/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी रन आउट | 14 | 11 | 1/1 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 4-0-23-1, अर्शदीप 4-0-52-1, कुरेन 3-0-37-0, बराड़ 4-0-17-2, राहुल चाहर 4-0-16-2, हर्षल 1-0-12-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

चेन्नई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और अजिंक्य रहाणे (29) की शानदार पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने बुधवार को आईपीएल के 49वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की ऋतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 64 रन जोड़े। हालांकि इस जोड़ी के बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी।

नौवें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने पहले अजिंक्य रहाणे 24 गेंदों में (29) और इसी ओवर में शिवम दूबे (शून्य) पर आउटकर पंजाब को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद रवींद्र जडेजा (2) और समीर रिजवी (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मोईन अली (15), एमएस धोनी(14) रन बनाकर आउट हुए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 48 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुये सर्वाधिक (62) रन बनाए। डैरिल मिचेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 162 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने दो-दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह एक-एक विकेट मिला।

## खेल डायरी

### घोषणा में देरी का कारण खिलाड़ियों की फिटनेस

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन संबंधी समस्याओं के कारण अपनी विश्व कप टीम की घोषणा को मई के अंत तक टाल दिया है। पीसीबी ने कहा कि पाकिस्तान 23 या 24 मई को अपनी टी20 विश्व कप टीम की घोषणा करेगा जो आईसीसीद्वारा प्रतिस्पर्धी टीमों के लिए विश्व कप तकनीकी समिति से अनुमति के बिना अपनी टीम में बदलाव करने के लिए निर्धारित समय सीमा भी है। प्रबंधन और चयनकर्ता मुहम्मद रिजवान, आजम खान, इरफान खान नियाजी और हारिस राउफ की मामूली चोटों से चिंतित हैं और आयरलैंड तथा इंग्लैंड में उनके प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। चयनकर्ता गुरुवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा करेंगे। टीम प्रबंधन और चयनकर्ता विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले चयनित खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन का आकलन करेंगे। अब तक भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने अपनी विश्व कप टीमों की घोषणा की है।

### मुंबई पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने कहा मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया यह इस सत्र में धीमी ओवर गति संबंधित टीम का दूसरा अपराध था तो पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। बाकी सदस्यों पर छह छह लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

### महिला हॉकी लीग में हरियाणा-महाराष्ट्र जीते

**रांची।** हरियाणा ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण के दूसरे दिन बुधवार को यहां मणिपुर को 8-0 जबकि महाराष्ट्र ने मिजोरम को 3-0 से हराया। हरियाणा के लिए एकतरफा जीत में शशि खासा (49वें, 50वें और 56वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि रितिका ने दो गोल दागे। टीम के लिए पूजा (दूसरे मिनट), मंजू चौरसिया (20) और भतेरी (37) ने एक-एक गोल किया। महाराष्ट्र को भी मिजोरम के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। तनुश्री दिनेश काडू ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके महाराट्र को बढ़त दिलाई जबकि मोनिका टिर्की ने 26वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। कप्तान अश्विनी कोलेकर (50वें मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

### सेमीफाइनल में पहुंचे चार भारतीय मुक्केबाज



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। यशवर्धन (63 .5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश : चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। युवा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) बुधवार रात अपने-अपने युवा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में उतरेंगे।

# जीत के ढर्रे पर आना चाहेगी हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी



लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही।

दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है । पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी और कप्तान सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनके पास चहल, बोल्ट का अनुभव और आवेश, संदीप का जोश है।

## मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल

# ये यादें साथ रहेंगी : राफेल



**मैड्रिड।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने हराया। हार के बाद नडाल ने कहा यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने कारेन खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। जिन्होंने ओंस जबाउर को हराया।

## बॉलीवुड हलचल

### राजामौली ने बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का किया ऐलान



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का ऐलान कर दिया है। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है। एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है, जब महिष्मति के लोग उनका नाम जपते हैं, तो ब्रह्मांड की कोई भी ताकत उन्हें वापस लौटने से नहीं रोक सकती। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड, एक एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर, जल्द ही आएगा। वीडियो में टाइटल को धुएं से निकलते हुए दिखाया गया है। बैकग्राउंड में लोगों को बाहुबली के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है।

### दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी के फैंस को इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद एक साथ दिखेंगे। बताया जा रहा है कि जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अक्षय और अरशद जल्द ही दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चल सकती है। बताया जा रहा है कि 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी और 2025 में फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे सकती है।

## एमएसके प्रसाद बोले-काफी होंगे तीन तेज गेंदबाज, अमेरिका और वेस्टइंडीज में धीमी पिचों की उम्मीद

# क्या विश्व कप की चुनौती में सफल हो पाएंगे अर्शदीप और सिराज

- आईपीएल के इस सत्र में अब तक महंगे साबित हुए हैं दोनों की भारतीय तेज गेंदबाज



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की टी20 विश्व कप टीम में चार स्पिनरों से पता चलता है कि भारतीय चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल धीमी पिचों की उम्मीद है लेकिन क्या उन्होंने 15 सदस्यीय टीम में केवल तीन तेज गेंदबाजों को चुनकर कोई गलती की है। तेज गेंदबाजी में पसंद पर भी सवाल उठे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले तेज गेंदबाजी विभाग में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का चयन तय था जबकि अन्य तेज गेंदबाजों को लीग में खुद को साबित करना था।

मंगलवार को चुनी गई टीम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रुख अपनाया और एक जून से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में बुमराह का साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना। भारत के लिए सिराज ने 10 और अर्शदीप ने 44 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। इन दोनों का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन भारत के लिए उनके अतीत के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम जगह मिली है।

सिराज ने 9.50 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं जबकि अर्शदीप महंगे साबित हुए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 9.63 रन की दर से रन लुटाए हैं। अर्शदीप ने हालांकि नौ मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की राय में विश्व कप में तीन तेज गेंदबाजों को ले जाना काफी होगा और उन्हें चुने गए खिलाड़ियों से भी कोई दिक्कत नहीं है। वहां की पिचों से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है और इसीलिए वे चार स्पिन विकल्पों के साथ जा रहे हैं। प्रसाद ने टीम को संतुलित बताया, हालांकि उन्हें लगता है कि राहुल इसमें जगह पाने के हकदार थे। बल्लेबाजी के नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल जैसा खिलाड़ी चूक गया है लेकिन मुझे यकीन है कि वह जोरदार वापसी करेगा।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# चारपाई पर ग्रामीण का शव, पत्नी पर प्रेम-प्रसंग में हत्या का आरोप

## मुंह से निकल रहा था खून, जांच में जुटी पुलिस, गुरुवार को शव का कराया जाएगा पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना धौरहरा के गांव रानीपुरवा मजरा हौकना मटेरा में बुधवार की सुबह एक ग्रामीण का शव घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला। इससे गांव में सनसनी फैल गई। उसके मुंह से खून निकल रहा था। परिवार के लोग मृतक की पत्नी पर प्रेम प्रसंग के चलते हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि महिला के गांव में कई व्यक्तियों से संबंध हैं। पति उसकी हरकतों का विरोध करता था, जिससे उसे रास्ते से हटा दिया गया। देर से शव आने से पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। गुरुवार को पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराएगी। पुलिस ने मृतक की पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

घटना गांव रानी पुरवा हौकना मटेरा की है। गांव निवासी घनश्याम निषाद (45) पुत्र जयराम का शव बुधवार को घर के अंदर कमरे में चारपाई पर बरामद हुआ है। उसके मुंह से खून निकल रहा था। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। शव देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। तमाम ग्रामीण की भीड़ जुट गई। परिवार वालों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की मां जगरानी (75), पत्नी संगीता व 12 वर्षीय पुत्र श्यामलाल से पूछताछ की। परिवार वालों के मुताबिक घनश्याम निषाद मंगलवार की रात घर के बाहर सो रहे थे। आधी रात के बाद उन्हें घर में किसी के होने की आहट मिली। इस पर वह उठकर घर के अंदर चले गए। इसके बाद बाहर नहीं आए। सुबह उनका शव चारपाई पर पड़ा बरामद हुआ। परिवार के लोगों और बेटे ने मृतक की पत्नी पर प्रेम प्रसंग के चलते गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस पर पुलिस मृतक की मां, पत्नी संगीता देवी और बेटे को थाने ले गई, जहां पुत्र और मां को पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया गया। वहीं पत्नी पुलिस की हिरासत में है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। ग्रामीण बताते हैं कि मृतक की पत्नी चरित्र की ठीक नहीं है। घनश्याम काफी सीधा और मृदुल स्वभाव का था। मेहनत मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाता था। उसके तीन तीन बच्चे हैं। दो लड़कियों की शादी हो चुकी है। घर पर मां, पत्नी व 12 वर्षीय पुत्र श्याम लाल रहते हैं। घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### लापरवाहीः पुलिस ने नहीं बुलाई फोरेंसिक टीम

हत्या, बड़ी चोरी, डकैती जैसे जघन्य अपराधों के मामले में फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर मौजूद वैज्ञानिक साक्ष्यों को एकत्र करने के शासन के आदेश हैं ताकि घटना में शामिल व्यक्ति के पकड़े जाने पर पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर उसे सजा दिला सके। साथ ही घटना स्थल के सबूत नष्ट न हो। इसके लिए येलो टेप लगाकर घटना स्थल को सुरक्षित करने के निर्देश हैं, लेकिन थाना धौरहरा पुलिस ने हत्या की वारदात होने के बाद भी न तो घटना स्थल को येलो टेप लगाकर सुरक्षित किया और न ही फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। यहां तक डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर नहीं पहुंची। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह का कहना है कि इस घटना में फोरेंसिक टीम की जरूरत नहीं थी, क्योंकि शव चारपाई पर घर के ही अंदर पड़ा था।

### बेटा बोला, मां ने किसी को बुलाकर कराई पिता की हत्या

सोशल मीडिया पर मृतक घनश्याम निषाद के बेटे श्यामलाल (12) का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह साफ तौर पर कह रहा है कि उसकी मां ने किसी को बुलाकर पिता की हत्या कराई है। वीडियो में वह कह रहा कि उसने अपनी आंखो से अपनी मां और कथित युवक को देखा है। वह आरोपी युवक का नाम तो नहीं जानता है, लेकिन यदि वह सामने आ जाएगा तो पहचान लेगा।

> प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग में गला दबाकर हत्या प्रतीत हो रही है। मृतक की पत्नी को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम होगा। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> दिनेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली धौरहरा।

# मैलानी में ट्रेन से कटकर किशोर की गई जान

संवाददाता, मैलानी।

▸▸ **परिवारीजनों ने पुलिस के भय से आत्महत्या का जताया शक**

**अमृत विचारः** थाना मैलानी के रामलीला वार्ड निवासी विकास (15) पुत्र दाताराम की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। परिवार वालों ने मोहल्ले के ही लोगों पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया है।



विकास। (फाइल फोटो)

विकास की मां निर्मला ने बताया तीन दिन पूर्व रेलवे की जमीन पर लगे सागौन में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। जिसमें एक गाय जल गई थी। गाय मालिक सिब्बू की पत्नी ने विकास को डराया धमकाया कि आग तुमने लगाई है आग लगने से गाय की जलकर मौत हो गई है। तुम पर एफआईआर दर्ज करवा कर जेल भिजवा देंगे। परिवार वालों का कहना है कि इसी डर से मृतक विकास घर से सोमवार से ही गायब हो गया। तबसे ही परिजन तलाश कर रहे थे। बुधवार को रेलवे कर्मचारियों ने मैलानी से पलिया रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने विकास की शिनाख्त की। शव देखते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने दवा विक्रेताओं को मतदान के प्रति किया प्रेरित

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित कर मतदान प्रतिशत बढाने के लिए ड्रग इंस्पेक्टर सुनील रावत ने बुधवार को दवा बाजार में व्यापारियों संग बैठक की। उन्होंने 13 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए दवा व्यापारियों से अपील की। जिला औषधि निरीक्षक ने केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों व दवा विक्रेताओं के साथ बैठक कर कहा कि सभी लोग 13 मई को मतदान अवश्य करें। घर परिवार से लेकर आस पास रहने वालों को भी बूथ पर भेजकर मतदान करवाएं। जिलाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं महामंत्री शरद मल्होत्रा ने कहा कि दवा कारोबारियों से मतदान में हिस्सा लेकर प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। बैठक में अनंतराम गुप्ता, विवेक भल्ला, सतीश गुप्ता, हरदीप सिंह, मनीष गुप्ता, रवि गुप्ता, आलोक अग्रवाल, चीनू तलवार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शत प्रतिशत उपस्थिति पर बच्चों को किया सम्मानित



उच्च प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुरवा के सम्मानित किए गए बच्चे।

**संवाददाता, निघासन, अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र में अब तक शत प्रतिशत उपस्थिति वाले कई स्कूलों के बच्चों को स्कूलों के प्रधानाध्यापकों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नवीन शिक्षा सत्र पहली अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। निघासन क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का आकलन भी शुरू हो गया है। दुर्गा पुरवा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत होने पर कक्षा 8 के बच्चों को स्कूल के प्रधानाध्यापक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान सहायक अध्यापक श्याम किशोर मौर्य, शारीरिक शिक्षा शिक्षक मनोज कुमार, गृह विज्ञान की शिक्षक स्वाती वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पलिया में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ 16 से तैयारियां शुरू

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बरवंड़ा, सिंगहिया में 16 मई से चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा महोत्सव का आयोजन होगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजक अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा पलिया के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 मई की सुबह नौ बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। चार दिवसीय इस आयोजन में हर दिन अलग-अलग आयोजन होंगे। 19 मई को दीप महायज्ञ, सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम के साथ समापन होगा।।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे गांव बनिका निवासी ज्ञानी उर्फ हरिओम को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### लू से बचाव को लेकर किया गया जागरूक

**गोला गोकर्णनाथ।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हीट वेव (लू) के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी देकर बचाव के तरीके बताए गए। जीवविज्ञान शिक्षक आमिर हुसैन ने हीट वेव को लेकर जानकारी दी। डॉ राजेश कुमार ने कहा कि बच्चों को तापमान परिवर्तन का ध्यान रखना चाहिए, सिर को गमछे या कैप से ढक कर ही दोपहर में बाहर निकलें। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने बताया कि ढीले कपड़े पहनें, नींबू पानी, आम का पना, ग्लूकोज, पानी आदि आवश्यकता अनुसार पीते रहें। तोरई, लौकी, अंगूर, तरबूज, खरबूजा, ककड़ी, खीरे का सेवन करते रहें। रामसनेही, नागेश वर्मा, तेजराम गंगवार, दुर्गेश कुमार, श्रीश गुप्त आदि मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी कर बैंक से निकाला कर्ज, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, मोहम्मदी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने और बैंक से कर्ज निकाले जाने के मामले में सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। तहसील क्षेत्र के गांव बिजौलिया खानपुर निवासी ग्राम बिजौलिया खानपुर निवासी हरजिंदर सिंह ने बताया कि गांव के प्रताप, दिलवाग, बलकार सिंह, निर्मल सिंह, सुखजिंदर सिंह, कर्मजीत कौर और सुरजीत कौर ने उसके सम्मिलित खाता की भूमि के स्थान पर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर अलग-अलग बैंकों से ऋण निकाल लिया है और कई दलित लोगों की भूमि को बिना परमिशन के फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा ली, जिसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना एसआई अवनीश कुमार को सौंपी गई है।

### गन्ना सर्वे शुरू, यूनिट हेड सर्वे कार्य का किया निरीक्षण

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के यूनिट हेड ने क्षेत्र में कराए जा रहे सर्वे कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और किसानों से बातचीत कर उन्हें जानकारी दी। क्षेत्र में गन्ने के सर्वे का कार्य चल रहा है। गन्ना विकास समिति पलिया ने 31, भीरा ने 4, बेलरायां ने 5 और संपूर्णानगर समिति ने संयुक्त सर्किल बनाई है। यह टीमें गन्ने का सर्वे कर रही हैं। बुधवार को चीनी मिल के यूनिट हेड ओपी चौहान मझगई क्षेत्र के ग्राम तिकोना फार्म पहुंचे। लखविंदर सिंह, ज्ञानेश शुक्ला, रमाकांत पांडेय, अनुपम मिश्रा आदि किसानों के खेतों पर जाकर जांच की। उन्होंने कहा कि 150 मिलीलीटर कोराजन कीटनाशक प्रति एकड़ प्रयोग करने से कीटों से निजात मिलेगी। गन्ना फसल में यूरिया 50 किलो प्रति एकड़ ट्राप ड्रेसिंग करने के लिए कहा।

### सम्राट अशोक की जयंती पर मौर्य समाज ने निकाली रैली

**संवाददाता, निघासन, अमृत विचार :** सम्राट अशोक की जयंती के उपलक्ष्य में प्रगतिशील मौर्य समाज ने निघासन में एक रैली निकाली और समाज के लोगों को जागरूक किया। रैली पृथ्वीपुर चौराहे से होकर निघासन होते हुए ढखेरवा तक पहुंची। प्रगतिशील मौर्य समाज के युवा नेता उमेश मौर्य ने बताया की मौर्य समाज के लोग पृथ्वी पुरवा चौराहे पर एकत्र हुए, जहां से रैली निघासन के मुख्य चौराहा, रकेहटी, सिसैया, खरवहिया होते हुए ढखेरवा चौराहा पहुंची, जहां भारी संख्या में मौर्य समाज का लोगों ने स्वागत किया गया।

### आग से दो घर जले, हजारों का नुकसान

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सिसनौर के मजरा नौगवां में बुधवार दोपहर तेज हवाओं के बीच अज्ञात कारणों से लगी आग में दो घर जल गए हैं, जिनमें हजारों का नुकसान हुआ है। ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत सिसनौर के नौगवा गांव में अचानक लगी आग से जगदम्बा पुत्र बाबूराम तथा मूरत पुत्र विष्णु के घर जलकर राख हो गए। पीड़ितों ने बताया कि दोपहर के समय अचानक लगी आग ने उनके घरों को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों घरों में आग से चारपाई, बिस्तर, कपड़े, गेहूं, चावल के साथ जरूरी सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान मुनीश कुमार वर्मा ने सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने पीड़ित से बातचीत कर सरकार द्वारा दिए जाने वाला मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

### आग से एक घर स्वाहा, गृहस्थी जली

**मैगलगंज, अमृत विचार :** थाना मैगलगंज क्षेत्र के बरदहा गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र अमेरिका कहार के घर में बुधवार दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग ने घर में लगी उपलों से भरी बठिया को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस व फायर बिग्रेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन आग की चिंगारी धर्मेंद्र के मकान के बगल स्थित बिट्टू पुत्र सूबेदार के घर में लगे भूसे तक पहुंच गई। इससे भूसा भी जलकर राख के ढेर में बदल गया।

# बस्ता प्रतियोगिताः विजेता छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत



विजेता छात्र छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य व सह प्रबंधक। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बस्ता प्रतियोगिता हुई। इनके विजेताओं को प्रार्थना सभा में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शुभारंभ मुख्य अतिथि सह प्रबंधक रवि भूषण साहनी ने किया। बस्ता प्रतियोगिता के निर्णायक शिक्षक राजेंद्र प्रसाद ओझा, आयुष वर्मा, प्रवेंद्र कुमार सिंह, रमेश चंद्र पाठक ने हर्ष शुक्ला, अरुणेश वाजपेई, मोहम्मद फैसल, जितिन वर्मा, शिवांक गौड़, आयुष वर्मा, अर्पित वर्मा, सत्यम यादव एवं संगम चौहान को विजेता घोषित किया। इनको सह प्रबंधक रवि भूषण साहनी ने पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं। इसलिए हर प्रतियोगिता में प्रतिभाग अवश्य करना चाहिए। जो छात्र छात्राएं इस प्रतियोगिता में पुरस्कार पाने से वंचित रह गए हैं। वह अगली प्रतियोगिता के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर अभी से तैयारी करनी शुरू कर दें। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ाई कम राजनीति ज्यादा

▸▸ **डीआईओएस के निरीक्षण में नहीं मिला शैक्षिक माहौल**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डीआईओएस ने बुधवार को आर्य कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्राओं से विषय संबंध प्रश्न पूछे। मगर, छात्राएं सही जवाब नहीं दे सकीं। इस पर डीआईओएस ने नाराजगी जताकर प्रधानाचार्य से जवाब तलब किया है।



आर्य कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं से संवाद करते डीआईओएस

डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11:30 आर्य कन्या इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। मगर, कॉलेज का शैक्षिक माहौल प्रभावित मिला। कक्षाओं में पढ़ाई नहीं होती मिली। छात्राएं बेसिक सवालों तक के जवाब नहीं दे सकी। आर्ट की कक्षा में मौजूद करीब 40 छात्राओं में से एक छात्रा ही स्मृति और प्राकृतिक चित्रण के बारे में बता सकी। उन्होंने बताया कि शिक्षिकाएं उपस्थित मिली, लेकिन पढ़ाई का माहौल प्रभावित मिला। बताते हैं कि कॉलेज में गुटबाजी हावी है। इसी के चलते पढ़ाई कम राजनीति ज्यादा होती है। डीआईओएस ने बताया कि प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभागीय कार्यवाही होगी।

## घास काटने गए ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर किया घायल

**संवाददाता, ममरी (खीरी), अमृत विचार :** मोहम्मदी महेशपुर वनरेंज क्षेत्र में कठिना नदी के समीप बुधवार सुबह खेत में घास काटने गए ग्राम अयोध्यापुर निवासी नन्हेंलाल (53) पुत्र मोतीलाल पर झाड़ी में छिपे बाघ ने हमला करके गंभीर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों, परिजनों ने घायल को गोला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। मोहम्मदी रेंज और कोतवाली मोहम्मदी की पुलिस चौकी मूडा निजाम क्षेत्र के ग्राम अयोध्यापुर निवासी नन्हेंलाल (53) बुधवार सवेरे सात बजे मोहम्मदी वन रेंज के सहजनिया जंगल से एक किलोमीटर दूर कठिना नदी के समीप खेत में घास काट रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच नदी की झाड़ी में छिपे बाघ ने उन पर हमला करके गंभीर घायल कर दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सप्पू वर्मा और ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे रेंजर नरेशपाल सिंह, फॉरेस्टर शिवकुमार कश्यप, रोहित श्रीवास्तव, अभिषेक वर्मा आदि वनकर्मियों और परिजनों ने घायल को 108 एंबुलेंस से सीएचसी गोला पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। बाघ के हमले की केवल यही घटना नहीं हुई है इससे पहले भी मंगलवार की शाम सात बजे देवीपुर गांव की आबादी में घुस आए तेंदुआ को ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों से दौड़ा कर जंगल में खदेड दिया। रेंजर नरेशपाल सिंह का कहना है कि वनकर्मियों की टीम बाघ की निगरानी में लगा दी गई है। जो जंगल से सटे ग्रामों में जाकर ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए जागरुक कर रही है।

# ईवीएम व वीवीपैट का बूथवार किया आवंटन

लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन ने बुधवार को जिले की दोनों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सभी आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के लिए ईवीएम और वीवीपैटों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते सीडीओ अनिल कुमार सिंह।

खीरी संसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी, सीडीओ अनिल कुमार सिंह सिंह ने दोनों संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों, उनके अभिकर्ताओं, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैटों का रेंडमाइजेशन कार्य कराया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में ईवीएम और वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन में जिले के कुल बूथ 2890 के सापेक्ष 125 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट, 125 प्रतिशत बैलेट यूनिट और 135 प्रतिशत वीवीपैट का रैंडमाइजेशन हुआ। इस रेंडमाइजेशन में इन मशीनों का बूथ वार आवंटन कर दिया गया है। इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (ईवीएम) बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय आनंद, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफ अहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी और दोनों संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों उनके अभिकर्ताओं, राजनीतिक दलों के जुड़े हुए प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## तीन अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**पसगवां, अमृत विचारः** अपराध कर धनार्जन करने वाले रहे तीन अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

थानाध्यक्ष दीपक राठौर ने बताया कि इसी थाना क्षेत्र के ग्राम उकुरमुहां निवासी इदरीस व छंगा और सुफियान के विरुद्ध आए दिन शिकायतें आती रहती हैं कि तीनों व्यक्ति अपराध कारित कर धन अर्जित करते हैं। ये तीनों बाइक के चेचिस और इंजन नंबर बदलकर बाइक को बेच देते हैं। इनके विरुद्ध चोरी और धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। अगस्त 2023 में इनके पास पुलिस ने छह बाइकें बरामद की थीं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

# आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** तहसील के निकट स्थित ग्राम कोंधवा के पास खेत में लगी आग से थ्रेसिंग के लिए एकत्र की गई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। खेत स्वामी ने रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहसील कार्यालय भवन के पीछे गेहूं के खेत में तेज धुआं उठा तो अफरातफरी मच गई। कोंधवा के लोगों ने अग्निशमन दल को सूचना दी। अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। तब खेत में एकत्र फसल राख हो चुकी थी। मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी लालजी प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उन्होंने गेहूं की मड़ाई के लिए फसल खेत में एक जगह पर लगवाई थी, जिसमें पड़ोसी खेत स्वामी के भतीजे ने रंजिशन आग लगा दी है। जिसमें उनका 50 क्विंटल गेहूं जल गया और उन्हें एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। पड़ोसी खेत स्वामी ने चकरोड पर कब्जा कर रखा है, जिसकी शिकायत एसडीएम से की है, जिस कारण वह रंजिश मानता है।



कोंधवा में जलती गेहूं की फसल।

# आयुर्वेदिक अस्पताल में बनेंगे हर्बल गार्डन, मरीजों को मिलेगा फायदा

▸▸ **अस्पताल में जगह न होने पर गमलों में लगेंगे औषधीय पौधे**

▸▸ **राजापुर आयुर्वेदिक अस्पताल में गमलों में तैयार हुआ हर्बल बगीचा**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** कोरोना काल में आयुर्वेदिक पद्धति से कोविड-19 का उपचार काफी कारगर साबित हुआ था। इसलिए अब आयुर्वेद से इलाज को बढ़ावा देने के लिए आयुर्वेदिक अस्पतालों में हर्बल गार्डन बनेगा, जिसमें कम से कम 20 प्रकार के औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। इसका उद्देश्य अस्पताल में आने वाले मरीजों को इन पौधों की पहचान कराकर बीमारियों में उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है।



आयुर्वेदिक अस्पताल सुंदरवल में मरीज देखतीं महिला चिकित्सक।

> आयुर्वेदिक अस्पतालों में औषधीय पौधे लगाकर हर्बल गार्डन तैयार किए जा रहे हैं। अस्पताल आने वा ले मरीजों को इन पौधों की पहचान कराने के साथ उपयोग करना भी बताया जाएगा, जिससे लोग घर में किचन हर्बल गार्डन तैयार कर नियमित सेवन करते रहें। इससे बीमार होने का खतरा काफी कम हो जाता है।
> -डॉ. हरवंश कुमार, जिला आयुर्वेद अधिकारी



जिले में आयुर्वेदिक अस्पतालों की संख्या 36 है। इन पर हर माह 70 से 75 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसके अन्य तमाम लोग ऐसे हैं जो अंग्रेजी दवाओं की बजाय आयुर्वेदिक दवाओं को प्राथमिकता देते हैं। इसकी वजह आयुर्वेद दवाओं का साइड इफेक्ट न के बराबर होना और आसानी से इनकी उपलब्धता है। हालांकि पहचान न होने के कारण लोग घर से लेकर आस पास उगे पौधों का उपयोग नहीं कर पाते हैं। इसलिए शासन ने आयुर्वेद अस्पतालों में हर्बल गार्डेन तैयार कर कम से कम 20 औषधीय पौधे लगाकर उनके नाम की पट्टिका लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अस्पताल आने वाले मरीजों को पौधों के औषधीय गुणों की जानकारी देकर उनकी पहचान और उपयोग करने के बारे में जानकारी देनी होगी, जिससे लोग घर पर लगाए जाने वाले पौधों को लगाकर सामान्य बीमारियों का स्वयं इलाज कर सकें। आयुर्वेद पद्धति में तमाम बीमारियों का जड़ से इलाज हो जाता है।

### प्रमुख औषधीय पौधे

सदाबहार, तुलसी, हरड़, जामुन, बहेड़ा, पाषाणभेद, तेजवत्र, मंडूकपर्णी, नीम, गिलोय, मीठी नीम, आंवला, पकरिया, वासा, बड़ी करेली, गूलर, छोटी करेली, करौंदा, तुलसी, चांदनी, अश्वगंधा, नींबू, शतावरी, घृतकुमारी, अनार, अजवाइन, शरीफा, दमबेल, कासमर्द, बरगद, दालचीनी, पीपल, बेल, अर्जुन, ज्वरांकुश, लौंग, अशोक, शलायन्नी, चंदन, पलाश, चीड़ यानि देवदार आदि।

### हर्बल पौधों का लाभ

हर्बल पौधों से बीमारी में काफी लाभ मिलता है। तुलसी का पौधा हर कोई घर में लगाता है। हालांकि इसको लोग धार्मिक मान्यता के चलते लगाते हैं। मगर, यह रोगों के इलाज में भी काफी कारगर है। इसके सेवन से पाचन शक्ति मजबूत होती है। सर्दी, जुकाम बुखार में यह मदद करता है। एलोवेरा पेट के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इसके सेवन से पेट संबंधी बीमारियां नहीं होती। जोड़ों के दर्द में भी यह असर करता है। इसके गूदे के पीसकर स्किन पर लगाने से स्किन संबंधी रोग भी दूर होते हैं। गिलोय से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसकी डंडी को पानी में उबालकर काढ़ा बनाकर पीने से पुराने से पुराने बुखार में राहत मिलती है। वहीं सदाबहार के फूल व पत्ते से शुगर में लाभ मिलता है। इसे उबालकर भी पी सकते हैं। इसके फूल व पत्तों का काढ़ा बनाकर भी पिया जा सकता है। पत्थरचट्टा के पत्तों का उपयोग पथरी के इलाज के लिए किया जाता है। इसके पत्तों की चटनी बनाकर खाने से पथरी गलकर निकल जाती है। इसके अलावा मोच आने पर पत्ते को गर्म कर मोच वाले स्थान पर लगाने से आराम मिलता है। नीम की पत्तियों से शुगर, फोड़े फुंसी संबंधी बीमारियों को दूर किया जाता है। इसकी पत्तियों को उबालकर उबले हुए पानी से नहाने से इंफेक्शन नहीं होता। नीम का दातुन करने से दांत संबंधी बीमारियां नहीं होती।



राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल राजापुर में गमले में लगे औषधीय पौधे।

# छात्राओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



हसनैन इंटर कालेज में जागरूकता पोस्टर दिखाती छात्राएं।

संवाददाता, कुकरा

▸▸ **मेहंदी सजाकर पोस्टर के जरिए शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक**

**अमृत विचारः** कस्बे के हसनैन इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूक के तहत मेहंदी और पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। हसनैन इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर, महेंदी प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यालय में छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता अभियान में समाज को जागरूक करने की प्रेरणा दी गई। चलो देश को उन्नति की राह ले चले हम। चलो आज सब मिलकर मतदान करें हम।। छोड़ दो अपने सारे काम चलो पहले करें मतदान। पोस्टर आलेखन में इकरा ने प्रथम कविया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रयोगिता में बुशरा ने प्रथम, आसिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य गौरव दीक्षित, स्वामी दयाल वर्मा, अनिल सिंह, राजेश गुप्ता, मोहम्मद जुनेद, कौशल वर्मा, रजनी बाजपेई, पूजा देवी, कफील अहमद आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# चैती मेला का समापन : गीत-संगीत और चुटकलों से श्रोताओं को बांधे रखा

## सांस्कृतिक मंच पर स्मारिका विमोचन, विपिन सचदेवा ने गीत सुनाकर किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।


चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्मारिका का विमोचन करते अतिथि।

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया। समापन समारोह में कई अव्यवस्थाएं भी रहीं।

मेला मैदान स्थित चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर हुए समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम रत्नाकर मिश्र, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुम्बई के सुप्रसिद्ध गायक विपिन सचदेवा ने फिल्मी गीत सुनाकर शमां बांध दी। मुम्बई के सुप्रसिद्ध गायक विपिन सचदेवा ने- मुझे अल्ला की कसम तुमसे प्यार हो गया, बिना ईद के ही चांद का दीदार हो गया। युगल गीत कानपुर से सैलजा कुशवाहा और सुजाता अरोड़ा ने प्रस्तुत किए। विपिन और सैलजा ने- बेखुदी में सनम उठ गये जो कदम गाकर शमां बांध दी। हास्य कलाकार राजन श्रीवास्तव लाफ्टर ने दर्शकों को हसाकर लोटपोट कर दिया। इसके साथ ही ओ मेरी महबूबा, कौन है जो सपनों में आया, गुलाबी आंखे, पर्दा है पर्दा, ये रेशमी जुल्फे ये सरबती आंखे, ओ हरे दुपट्टे वाली,दरदे दिल दरदे जिगर, कमरिया डोले डोले डोले डोले राजा जी आदि सुना कर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। एआर रहमान के घराने से निकले हुए शिष्य सूफी सिंगर अमित द्विवेदी ने गीत गाया। आरके इंटरटेनर्स के राजेश दीक्षित द्वारा के कानपुर के सांस्कृतिक बैंड मनीष कुमार के नेतृत्व में की बोर्ड पर अभिनव श्रीवास्तव और सूरज, ड्रम सेट पर रोशन अली, ढोलक पर सुजीत वर्षा और अजीत वर्षा, लीड गिटार पर केएम शर्मा, बेस गिटार पर लवी मैसी, ओक्ता पैड पर राजीव शर्मा ने साथ दिया। मंच संचालन परविंदर सिंधू, गरिमा श्रीवास्तव ने किया। सांस्कृतिक मंच पर नगर पालिका परिषद द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया। समापन समारोह में अशोक सक्सेना, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, डॉ रामऔतार यादव, सभासद नानकचन्द्र वर्मा, आनन्द सोनी सहित तमाम सभासद और पालिका के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### इनका हुआ सम्मान

चैती मेला के समापन समारोह में सांस्कृतिक मंच पर प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम रत्नाकर मिश्र, सीओ अजेन्द्र कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह, अग्निशमन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह शिंदे, मेला प्रभारी पुलिस सुनील सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ गणेश सीएचसी अधीक्षक, एसडीओ विद्युत विनीत वर्मा, जेई मिथलेश, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में यदुशील शिक्षा निकेतन, प्रथम स्थान, रामजानकी इंटर कालेज, उमा देवी चिल्ड्रेंस एकेडमी, पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर, कृषक समाज इंटर कालेज, शारदे ज्ञान मंदिर, गोला गौरव के लिए सुरेश शुक्ल संदेश कवि/संत, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज की स्मृति सिंह ऊंची भूड़, इंटर मीडियट परीक्षा में प्रदेश में पांचवां स्थान और जिले में प्रथम स्थान पाने के कारण पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही कुंवर मल्लिकार्जुन सिंह राजपूत, आयुशी सोनी, आनन्द त्रिवेदी को सम्मानित किया गया।

# उत्तराखंड में खीरी के दो दोस्तों की मौत से बिलख उठा परिवार

संवाददाता, मैगलगंज

▸▸ दोनों दोस्त हरिद्वार में एक कंपनी में रहकर चलाते थे डीसीएम

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में एक कंपनी की डीसीएम चलाने वाले थाना मैगलगंज क्षेत्र के दो दोस्तों की हादसे में मौत की खबर आते ही दोनों बाइक से अपने गांव वापस आ रहे थे। परिवार में चीख पुकार मच गई। परिवार के लोग शव लेने के लिए के लिए बुधवार की तड़के उत्तराखंड गए हैं। देर रात तक दोनों शवों के गांव पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

गांव कल्लुआ मोती निवासी अनिल कुमार शुक्ला का पुत्र बलराम (29) और पड़ोसी गांव अहिरी निवासी राघव शुक्ला (24) पुत्र रामदत्त शुक्ला आपस में गहरे दोस्त थे और उत्तराखंड में रहकर एक कंपनी की डीसीएम चलाते थे। परिजनों ने बताया कि दोनों मंगलवार की शाम कंपनी से एक ही बाइक पर सवार होकर गांव के लिए निकले थे तभी नेशनल हाईवे 74 पर मंगलवार रात करीब दो बजे पुलभट्टा थाना क्षेत्र के सिरौली कला गांव स्थित ढाबे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। पुलभट्टा पुलिस ने दोनों के पास से मिले आधार कार्ड के माध्यम से दोनों की पहचान की और परिवार के लोगों से संपर्क कर हादसे की खबर दी। इससे परिवार के लोग बिलख पड़े। उनमें चीख पुकार मच गई। बुधवार की तड़के परिवार के लोग शव लेने के लिए उत्तराखंड चले गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद देर रात तक शव पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### गांजा, तमंचा व कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस भीरा-कुकरा मार्ग पर चक मोड के पास चेकिंग कर रही थी। इसी बीच गांव पसियापुर की ओर से आ रहा राजेश कुमार निवासी पसियापुर पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। शक होने पर उसे घेर कर पकड़ लिया गया। उसके पास तलाशी लेने पर छह सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ है। एसओ चेतन तोमर ने गांव रामनगर कलां के पास मोहनलाल पुरवा नहर पुलिया के पास अरविंद कुमार निवासी रामनगर कलां को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

## सार-संक्षेप

### बसपा प्रत्याशी को मिल रहा जनसमर्थन, उमड़े लोग


जनसंपर्क के दौरान अंशय कालरा से मिलने उमड़े लोग।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खीरी लोकसभा से आगामी चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार अंशय कालरा ने लोकसभा क्षेत्र के दाउदपुर, बैबहा मुन्नू सिंह, अलीगंज, मूडा सेक्टर, भैठिया, भैसौरी, कुशमौरी, जगन्नाथपुर, मूडा जवाहर और रामपुर में जनसंपर्क किया। बसपा प्रत्याशी के जनसंपर्क में लोग उमड़ रहे हैं। उन्होंने लोगों से बातचीत की और उनको आश्वासन दिया कि बाबा साहब आंबेडकर के लिखे संविधान की सुरक्षा ही उनका प्रथम लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि खीरी के लोगों के हाथ में ही संविधान का सुरक्षित भविष्य है। उन्होंने हर आयु के व्यक्ति को धन्यवाद कहते हुए कहा कि इस बार के चुनाव हमारे संविधान के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। गांवों की सभाओं में जनसमर्थन को लेकर बसपा प्रत्याशी उत्साहित हैं। जनसम्पर्क के साथ-साथ अंशय कालरा ने आगामी सात मई को लखीमपुर में होने वाली बसपा सुप्रीमों मायावती की विशाल रैली के बारे में लोगों को बताया और ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील की।

### छात्र संसदः छात्राओं को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ


छात्र संसद की पदाधिकारियों को शपथ दिलाती जीजीआईसी की प्रधानाचार्य

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें छात्र संसद की पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने बताया कि छात्र संसद के लिए निर्वाचित छात्राओं में लोकतंत्र के प्रति लगाव उत्पन्न करने के लिये हर साल विद्यालय में छात्र संसद का गठन होता है, जिसके माध्यम से छात्राएं संसदीय प्रणाली एवं लोकतंत्र के प्रति जागरूक होती है। शपथ ग्रहण समारोह की मुख्य अतिथि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी द्विवेदी ने निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विभाग प्रमुख छात्राओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर विद्यालय के प्रभावी संचालन एवं उन्नति के लिए समर्पित रहने,विद्यालय के वातावरण को संस्कारक्षम बनाने में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। संचालन प्रीति अग्रवाल ने किया। प्रबंधक चंद्र भूषण साहनी सहित समस्त स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं।

# हमलावरों ने पिटाई कर नष्ट किए तरबूज, व्यापारी समेत चार घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना खमरिया क्षेत्र में जबरन तरबूज तोड़ने का विरोध करना तरबूज व्यापारी और उसके साथियों को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने सभी की जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं लाठी-डंडों से पीटकर तरबूज फोड़ डाले और फसल नष्ट कर दी। हमलावरों की पिटाई से व्यापारी समेत चार लोग घायल हुए हैं। थाना खमरिया पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। हरियाणा जिले के थाना जमुनानगर के गांव लापुर निवासी मंजूर पुत्र फजर अली ने बताया कि वह अपने साथियों शामली जिले के थाना कैराना के गांव मोई निवासी बल्किशा पत्नी शकील, शकील पुत्र वकील, शौकिना पत्नी गुलशेर, गुलशेर पुत्र नूर मोहम्मद निवासी बेगी नाजर थाना गंगोह जिला सहारनपुर व मुकीम पुत्र मंजूर निवासी लापुर के साथ चहमलपुर के पास घाघरा नदी के किनारे तरबूज की खेती कर रहे हैं। रेत में उनकी तरबूज की फसल तैयार खड़ी है। 29 अप्रैल 24 की शाम करीब पांच बजे जंगल नंबर 03 निवासी ऋषिराम, नरेंद्र, मंजीत, पुरुषोत्तम अपने पांच अन्य साथियों के साथ खेत में आए और तरबूज तोड़कर बोरियों में भरने लगे। इसी बीच जब उनकी नजर आरोपियों पर पड़ी तो वह मौके पर पहुंचे और तरबूज तोड़ने का विरोध किया। गाली देने लगे, मना करने पर लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी। जब लोग बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बक्शा और सभी को दौड़ा दौड़ाकर जमकर पिटाई। हमलावरों की पिटाई से मंजूर, गुलशेर व मुकीम घायल हो गए। घायल मंजूर ने आरोपियों के खिलाफ थाना खमरिया पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों को अस्पताल भेजा है।

# शराब पीने से मना किया तो बेटे ने मां को पीटकर किया अधमरा

▸▸ मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकला आरोपी पुत्र, गिरफ्तार

▸▸ भाई की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/निघासन

**अमृत विचारः** थाना निघासन क्षेत्र में शराब पीने से मना करने पर छोटे बेटे ने अपनी मां को लाठियों से पीटकर अधमरा कर दिया और मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकला। परिवार वालों ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने महिला के बड़े बेटे की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर उसे तलाश रही है।

गांव पांडेय पुरवा मजरा मूड़ाबुजुर्ग निवासी गंगाराम ने बताया कि उसका छोटा भाई कमलेश कुमार शराब का आदी है। वह शराब पीकर आए दिन मां फूलमती के साथ ही परिवार के अन्य लोगों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है। मंगलवार की शाम करीब पांच बजे वह गांव के निकट स्थित अपने खेत पर था। मां घर पर अकेली थी। इसी बीच कमलेश कुमार शराब पीकर घर आ धमका और मां के साथ गाली-गलौज करने लगा। मां ने जब गालियां देने से मना किया और शराब न पीने की हिदायत दी तो कमलेश भड़क गया। आरोप है कि कमलेश ने घर के अंदर रखी लाठी उठा लाया और मां पर ताबड़तोड़ प्रहार कर अधमरा कर दिया। मां की चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गए तो आरोपी मरणासन्न हालत में छोड़कर मौके पर से भाग निकला। पड़ोसियों ने उसे घटना की जानकारी दी। इस पर वह घर पहुंचा तो देखा मां बेहोशी की हालत में खून से लथपथ पड़ी थी। यह देख उसके होश उड़ गए। एंबुलेंस 108 से घायल मां को सीएचसी निघासन ले गया और भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल महिला के बड़े बेटे गंगाराम ने आरोपी अपने छोटे भाई के खिलाफ थाना निघासन पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे तारानगर के निकट बंधा रोड से गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

> घायल महिला के बड़े बेटे की तहरीर पर कमलेश के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला का उपचार सीएचसी में चल रहा है। आरोपी को गिरफ्तार र चालान भेजा गया है।
>
> -सुरेश कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक, थाना निघासन

### बेटे ने पिता पर बांके से किया हमला, घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना मैगलगंज के गांव ओलियापुर चनवा निवासी गोविंद ने बताया कि मंगलवार को उनका पुत्र राजपाल हैरो लेकर जा रहा था। उन्होंने हैरो ले जाने से मना किया, इससे राजपाल भड़क गया और गाली गलौज करने लगा। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो धारदार बांका से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। घायल की तहरीर पर थाना मैगलगंज पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।

# विद्यार्थियों को श्रमिक दिवस का बताया महत्व



दुन्नीदेवी विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी। अमृत विचार

**संवाददाता, अलीगंज। अमृत विचार :** पहली मई श्रमिक दिवस पर दुन्नी देवी गयादीन स्मारक विद्यालय में विद्यार्थियों को श्रमिक दिवस का महत्व बताया गया। प्रधानाचार्य नीलिमा पंडिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में शिक्षिका लीना क्रास्ता ने श्रम दिवस की जानकारी दी। छात्रा वंशिका और अर्चिता ने भाषण में श्रमिकों की महत्ता को बताया। नन्हे बच्चों ने नृत्य, गायन, फैन्सी ड्रेस द्वारा कर्मचारियों का मनोरंजन किया। विद्यालय के संरक्षक रविप्रकाश वर्मा ने कर्मचारियों के योगदान के लिए उनकी सराहना की। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य ने ग्रीटिंग कार्ड, उपहार द्वारा कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। संचालन लीना क्रास्ता और राखी वर्मा ने किया।

### सुरमा के ग्रामीण करेंगे मतदान, बहिष्कार का निर्णय लिया वापस

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** थारू बाहुल्य गांव सुरमा के ग्रामीणों ने तहसीलदार के आश्वासन पर मतदान न करने का निर्णय मंगलवार को वापस ले लिया है। इससे जिला प्रशासन ने राहत महसूस की है। गांव सूरमा के ग्रामीण काफी लंबे समय समय दुधवा-चंदन चौकी मार्ग से उनके गांव को जोड़ने वाली सड़क न बनने की मांग कर रहे थे, लेकिन जिला प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इसको लेकर सोमवार को नाराज ग्रामीणों ने बैनर टांग कर रोड नहीं तो वोट नहीं का ऐलान कर प्रदर्शन किया था। मंगलवार को एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने तहसीलदार आरती यादव को सुरमा गांव भेजा। गांव पहुंची तहसीलदार ने ग्रामीणों से वार्ता की। उनकी समस्या को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाकर सुलझाने का आश्वासन दिया। इस पर ग्रामीण मान गए और मतदान न करने का लिया गया निर्णय वापस ले लिया। तहसीलदार ने गांव वालों से कहा कि सभी मतदाता मतदान में बढ़ चढ़कर कर भाग लें।

### युवकों ने नाबालिग छात्रा से की मारपीट, अगवा करने का किया प्रयास

**संवाददाता, संसारपुर, अमृत विचार :** कस्बा संसारपुर के बोझिया मार्ग पर तालाब के पास कुछ युवकों ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा नौ में अध्ययनरत छात्रा के साथ मारपीट कर उसे अगवा करने का प्रयास किया। विद्यालय के गेटमैन के ललकारने के बाद मौके पर लोगों के पहुंच जाने से युवक उसे छोड़कर भाग निकले। क्षेत्र की बांकेगंज चौकी अंतर्गत एक गांव की निवासी महिला ने आरोप लगाया कि उसके परिवार का गांव के ही निवासी एक परिवार से पुराना विवाद चल रहा है। उसी रंजिश में बुधवार उसकी नाबालिग बेटी जो कि संसारपुर कस्बे के एक आवासीय विद्यालय की कक्षा नौ की छात्रा है। वह सुबह विद्यालय में टेस्ट देने के लिए घर से निकली थी, जैसे संसारपुर बोझिया मार्ग पर स्थिति तालाब के पास पहुंची। तभी कुछ युवकों ने पुत्री के साथ मारपीट कर उसे अगवा करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची छात्रा की मां ने चौकी प्रभारी संसारपुर को तहरीर देकर, मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# जिला पंचायत सदस्य ने श्रमिकों को किया सम्मानित


गोला में श्रमिकों को सम्मानित करते जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचारः** मजदूर दिवस पर जिला पंचायत सदस्य ने मजदूरों का माल्यार्पण कर, फल भेंटकर सम्मानित किया है।

श्रमिक दिवस पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अन्सारी ने फूल मालाओं से सम्मानित करने के साथ फल वितरण किये। उन्होंने कहा कि मजदूरों और कामगारों की मेहनत और लगन की बदौलत ही आज दुनिया के हर क्षेत्र में विकास हो रहा हैं। मजदूरों की इसी महत्ता को याद दिलाता है। पहली मई को मजदूर दिवस उन लोगों के नाम समर्पित है जिन्होंने अपने खून पसीने से देश और दुनिया के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसी भी देश समाज संस्था उद्योग में मजदूरों कामगारों का अतुलनीय योगदान है। नैमिष वर्मा, बीडीसी गुड्डू मंसूरी, अफसर अली मंसूरी, नन्दकिशोर भार्गव, आमिर हसन, सरताज अंसारी, जलील अंसारी, महताब आलम, आसिफ अली अंसारी, नईम खान, अनस खान आदि मौजूद रहै।

# जिले भर में मना सम्मानपूर्वक श्रमिक दिवस



गोष्ठी में बोलते मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष।


महिला श्रमिकों को गमछा, बिस्किट व पानी की बोतल देते भाविप के लोग।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**मजदूर दिवस**

▸▸ श्रमायुक्त कार्यालय के लोगों ने शिविर लगाकर बताई योजनाएं

▸▸ भारत विकास परिषद के लोगों ने मजदूरों को किया सम्मानित

**अमृत विचारः** शासन की ओर से श्रमिकों से लेकर उनके परिवार के लिए तमाम योजनाएं संचालित है। मगर, जानकारी और पंजीकरण न होने के कारण श्रमिक योजनाओं का लाभ पाने से वंचित है। मजदूरों को इन योजनाओं की जानकारी देने के लिए मंगलवार को जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम हुए। इसमें सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय के लोगों ने श्रमिक अड्डों पर जाकर योजनाओं की जानकारी देकर इनका लाभ पाने के लिए पंजीकरण कराने के बाबत बताया।

श्रम परिवर्तन अधिकारी संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया मजदूर दिवस पर बुधवार को जिले के सभी श्रमिक अड्डों पर जागरूकता शिविर लगाए गए। इनमें मुख्य रूप से शहर के सदर चौराहा सहित कस्बा खीरी, निघासन, गोला, मोहम्मदी, पलिया आदि जगहों पर कैंप लगाकर मजदूरों को श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी देकर शासन से चलाई जा रही हितकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि महिला एवं पुरुष श्रमिकों के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनके तहत शिशु के जन्म से लेकर पढ़ाई और शादी, श्रमिकों को पेंशन एवं मौत व दिव्यांग होने की पर सहायता राशि दी जाती है। इसका लाभ उन्हीं श्रमिकों को मिलता है जिनका कार्यालय में पंजीकरण होता है। इसलिए सभी श्रमिक कार्यालय में अपना पंजीकरण अवश्य करा लें।


श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी देता श्रम आयुक्त कार्यालय का कर्मचारी।

### श्रमिकों को बांटे गमछा, बिस्किट व पानी की बोतल

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद ने बुधवार को मजदूर दिवस मनाया। संगठन के पदाधिकारियों ने संकटा देवी चौराहे पर पहंचकर मालगोदाम के आस पास मौजूद श्रमिकों को मजदूर दिवस की दी। परिषद के पूर्व अध्यक्ष हरि प्रकाश त्रिपाठी, वर्तमान अध्यक्ष रुचि ऋतुराज एवं कार्यक्रम प्रभारी श्यामजी गुप्ता, कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान ने मजदूर मोहनलाल, अनोखे, सावित्री, कालिका प्रसाद को रोली तिलक लगाकर अंग वस्त्र के साथ पानी की बोतल और बिस्किट दिए। शाखा अध्यक्ष रुचि ऋतुराज ने कहा कि मजदूर दिवस पर परिषद के लोगों ने जिले भर में सैकड़ों मजदूर भाई, बहनों का सम्मान किया है। देश की अर्थव्यवस्था एवं विकास का पहिया मजदूरों की मेहनत से चलता है। इसलिए सभी को श्रमिकों की सेवाओं का सम्मान करना चाहिए। सुरेश चंद्र गुप्ता, शाखा प्रभारी डॉ.राजवीर सिंह, सतीश टंडन, योगेश गुप्ता, आशा दीक्षित, रामजन्म बरनवाल, अंकुर शुक्ल, मनीष मिश्रा आदि मौजूद रहे। उधर, मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने नसीरुद्दीन मौजी भवन में मजदूर दिवस पर बैठक कर 11 सूत्रीय मांग संबंधी ज्ञापन राष्ट्रपति एवं मुख्य न्यायाधीश को भेजा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश को आजादी मिले 76 साल हो गए। मगर, अभी तक किसी सरकार ने 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों को तैनात नहीं किया। उन्होंने मजदूरी 700 रुपए करने एवं विश्वकर्मा, बढ़ई, लोहार, सुनार, ठठेरा आदि शिल्पियों को 1000 रुपये प्रतिदिन मजदूरी निर्धारित कर साठ साल के बाद श्रमिकों को पांच हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन देने, किसानों का कर्जा, बिजली बिल माफ करने की मांग की है। पंडित वेद प्रकाश शर्मा, अंजनी कुमार, तेजपाल, लालता प्रसाद, रामविलास मौर्य, माया देवी आदि मौजूद रहे। चिल्ड्रेंस एकेडमी में मजदूर दिवस पर प्रबंधक कुमुद गोविल ने सहायिका सपना, रश्मि को मृदुभाषी एवं रेनू व सरोजिनी को कार्य कुशल और राधिका व रुखसार को स्फूर्तिवान की उपाधि देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने रिक्शा एवं वैन चालकों सहित सभी सहायक कर्मचारियों को उपहार देकर भोजन कराया।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम मूलचन्द्र से बदलकर मूलचन्द्र लोधी रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **पुत्र श्री हरीशंकर ग्राम करियामऊ थरियाँव फतेहपुर - 212622**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बीटेक तृतीय वर्ष 2017 इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (AKTU) अनु.1313821019 व इनरोलमेंट नं. 13182110417 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **पवन सिंह पुत्र वृजभूषण सिंह नि. ग्राम नेवादा कनू तह. अमेठी, जनपद अमेठी।**

**तलाश गस्ती-गुमशुदा**

**थाना बछरावां जनपद रायबरेली**



1. नाम पता गुमशुदा **- मनोज कुमार गौतम** (उम्र 45 वर्ष) 2. **पिता का नाम** - छोटेलाल गौतम, **जाति**- गौतम 3. **पता**- ग्राम जोहवा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली 4. **सूचनाकर्ता** - श्री छोटेलाल पुत्र स्व0 बैजनाथ निवासी ग्राम जोहबा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली मो0नं0 8009630418 **हुलिया एवं पहनावा** - रंग-गोरा, आंख, नाक, कान कद औसत, **लम्बाई करीब**-05 फिट 3 इंच, **पहनावां**- नीली शर्ट चौखाना, पैन्ट नीली, काली चप्पल पहने हुए है। निवेदन है कि उक्त गुमशुदा मनोज कुमार के बारे में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो कृपया नीचे लिखे नम्बरो पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

(सय्यैद नियाजी हुसैन) उपनिरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0-7985873571

प्रभारी निरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0 9454404126

**गुमशुदा**



**श्री राम आसरे** पुत्र गंगा आयु 90 वर्ष लगभग, ग्राम- गदाईपुर, थाना- जहाँगीराबाद के निवासी हैं। यह 14 वर्षो से लापता हैं, इसकी सूचना F.I.R. दर्ज कराई जा चुकी है। अभी तक लापता हैं। **विजय कुमार पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम- गदाईपुर, परगना व तहसील नवाबगंज, जनपद- बाराबंकी।**

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# उन्नाव लोकसभा क्षेत्र का 37 साल तक बांगरमऊ ने किया प्रतिनिधित्व

## आजाद भारत के पहले सांसद निर्वाचित होने का नगर के वीडी त्रिपाठी को मिला था गौरव

रामसेवक यादव बांगरमऊ

**उनके पुत्र को दो बार सांसद निर्वाचित होने के बाद संभालनी पड़ी थी प्राचार्य की कुर्सी**

**आल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के चेयरमैन पद भी संभालते रहे थे जेडआर अंसारी**


विश्वंभर दयाल त्रिपाठी।


लीलाधर अस्थाना।


कृष्ण देव त्रिपाठी।


जियाउर्रहमान अंसारी।

**अमृत विचार।** इस विधानसभा क्षेत्र ने लगातार 37 वर्षों तक उन्नाव संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया है। देश आजाद होने के बाद कराए गए पहले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-1952 में भी स्थानीय निवासी विशंभर दयाल त्रिपाठी निर्वाचित होने में सफल रहे थे। खास बात है कि देश के सर्वोच्च सदन के लिए चुने गए सभी सांसद अब तक ईमानदारी के मिशाल माने जा रहे हैं।

जिले के पहले सांसद विश्वंभर दयालु त्रिपाठी नगर के मोहल्ला महा ब्रम्हनान के निवासी थे। उनकी सादगी के चर्चा वर्तमान तक जारी है। इससे पहले उन्होंने संविधान सभा की प्रारूप कमेटी का सदस्य पद संभाला। जिले के अलग-अलग स्थानों पर उनके द्वारा संचालित इंटर कालेज सहित मुख्यालय स्थित डीएसएन कालेज आज भी शिक्षा की अलख जलाएं हुए हैं। उन्होंने किसानों को उनकी जमीनों का मालिकाना हक दिलाने के लिए एक लाख किसानों के साथ लखनऊ तक पैदल मार्च कर लोगों पर अपनी पकड़ साबित करने में कामयाबी हासिल की थी। हालांकि वह आजीवन किराए के मकान में रहते रहे और निधन के समय उनकी जेब में एक पैसा नहीं मिला था।

उन्नाव संसदीय क्षेत्र के तीसरे सांसद के तौर पर पूर्व सांसद स्व. त्रिपाठी के पुत्र कृष्ण देव त्रिपाठी चुने गए। सांसद निर्वाचित होने से पहले विदेशी विश्वविद्यालयों से कई डिग्रियां प्राप्त करने वाले जिले के तीसरे सांसद एक महाविद्यालय में प्राचार्य का पद संभाल रहे थे। प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त ने उन्हें लखनऊ बुलाकर जबरन कांग्रेस पार्टी का टिकट थमा चुनाव लड़ने के मजबूर कर दिया था। दो बार सांसद रहने के बावजूद पेंशन की व्यवस्था न होने से आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्हें फिर उरई (जालौन) के एक महाविद्यालय में प्राचार्य पद की नौकरी करने को मजबूर होना पड़ा।

नगर के मोहल्ला पुर्विया टोला निवासी जियाउर्रहमान अंसारी संसदीय क्षेत्र के लिए चौथे सांसद के तौर पर निर्वाचित घोषित हुए। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री रहते उन्होंने ओपेक देशों से विशेष संबंध बनाए और देश को समृद्धशाली बनाया। वह आल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के चेयरमैन का पद संभालते हुए एकीकरण व परस्परिक सौहार्द बनाए रखने के लिए समर्पित रहे। उन्हें पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का निकटस्थ माना जाता रहा। जिले के पांचवें सांसद बांगरमऊ के मोहल्ला चौधराना निवासी पूर्व तालुकेदार चौधरी राघवेंद्र सिंह हुए। इमरजेंसी में वह जेल गए और तत्कालीन सरकार को लिखित माफीनामा देने के बजाए इमर्जेंसी समाप्त होने तक जेल में रहे। नगर ही नहीं जिले के संम्पन्न परिवार से होने के बावजूद सांसद कार्यकाल में दिल्ली में आवंटित सरकारी आवास से संसद भवन तक वह रिक्शा का इस्तेमाल करते रहे।

**बांगरमऊ निवासी सांसद**

- 1952 में विश्वंभर दयालु त्रिपाठी।
- 1957 में दोबारा विश्वंभर दयालु त्रिपाठी।
- 1962 में कृष्णदेव त्रिपाठी
- 1967 में कृष्णदेव त्रिपाठी
- 1971 में जियाउर्रहमान अंसारी
- 1977 में चौधरी राघवेंद्र सिंह
- 1980 में जियाउर रहमान अंसारी
- 1984 में जियाउर्रहमान अंसारी

## किशोरी हुई बरामद युवक को भेजा जेल

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी को वहीं का अपने साथ ले गया था। बुधवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर आरोपी युवक को कोर्ट में पेश किया। बता दे कि 10 अप्रैल एक गांव निवासी किशोरी को एक युवक अपने साथ ले गया था। फसल काट कर लौटे परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस में इसकी सूचना दी। 13 अप्रैल को पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस युवक को तलाश में जुटी थी।

## टकराईं मैजिक व लोडर, दो घायल

संवाददाता सफीपुर उन्नाव


धक्का देकर हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन को हटाती पुलिस व लोग।

**अमृत विचार।** सवारियों से भरी मैजिक सामने से आ रही लोडर से टकरा गई। इसमें चालक व एक यात्री को चोटें आ गईं। वहीं, अन्य लोग बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे करवाया।

उन्नाव-हरदोई हाईवे स्थित पर गांव अहमदाबाद मथार के सामने सफीपुर से सवारियां लेकर जा रही मैजिक आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करते समय बांगरमऊ से आ रहे लोडर से टकरा गई। वहां मौजूद लोगों ने मैजिक में सवार यात्रियों को सुरक्षित निकाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मैजिक चालक व एक घायल यात्री को अस्पताल भेजा। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मैजिक चालक व एक यात्री को मामूली चोटें आई हैं।

## अराजक तत्वों ने राज्य पक्षी सारस को मार डाला

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- लाठी के प्रहार से चोट लगने की संभावना
- अधिक खून बहने से इलाज के दौरान दम तोड़ा


घायल सारस की इलाज के दौरान चली गई जान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजगैन क्षेत्र के राजाबाग गांव में अराजक तत्वों ने एक सारस (राज्य पक्षी) की टांगे तोड़ दीं। शहर में संचालित हनुमंत जीव आश्रय सेवा संस्थान के लोग इसकी सूचना पर घायल सारस को उठाकर लाए और उसका इलाज शुरू कराया। साथ ही डीएम से घायल सारस को बरेली भेजकर समुचित इलाज कराने की गुहार लगाई है। जानकारी पर वन विभाग के एसडीओ सदर एसके वर्मा तत्काल मातहतों के साथ जीव आश्रय पहुंचे। जहां से इलाज के लिए उसे लाया गया, लेकिन इसी दौरान अधिक खून बह जाने से सारस की मौत हो गई।

जीव आश्रय के संस्थापक अखिलेश अवस्थी को मंगलवार शाम राजाबाग गांव के पास घायल सारस की जानकारी मिली। इस पर उन्होंने एंबुलेस भेजकर घायल पक्षी को जीव आश्रय मंगा लिया। साथ ही उसका प्राथमिक उपचार कराते हुए सोशल मीडिया के जरिए न सिर्फ आश्रय से जुड़े लोगों के साथ राज्य पक्षी के साथ हुआ वाक्या साझा किया, बल्कि डीएम को भी उनके व्हाट्स एप नंबर पर इसकी जानकारी उपलब्ध कराते हुए समुचित इलाज कराने की गुहार लगाई।

डीएम के निर्देश पर वन विभाग व पशुपालन विभाग भी सारस का इलाज कराने के लिए फिक्रमंद हो गया। आनन-फानन में सारस को इलाज के लिए लाया गया। वन विभाग के एसडीओ सदर ने बताया कि यहां इलाज के साथ घायल राज्य पक्षी को बाहर भेजकर बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच सारस ने दम तोड़ दिया।

**सारस की आक्रामकता से हुआ हमला**

जीव आश्रय संस्थापक के अनुसार घायल पाया गया सारस आक्रामक है। संभावना है कि छेड़छाड़ करने पर वह किसी पर हमलावर हुआ होगा। जिसके चलते डंडे या लाठी के प्रहार से टांगे घायल हो गईं। उन्होंने बताया कि इससे पहले तत्कालीन डीएम रविंद्र कुमार ने एक घायल बतख का इलाज बरेली में कराया था।

## प्रेक्षक की मौजूदगी में हुआ ईवीएम का रेंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को दिया विवरण

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में सामान्य प्रेक्षक बाबू ए की मौजूदगी में जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने लोकसभा चुनाव में प्रयोग की जाने वाली ईवीएम का रेंडमाइजेशन कराया। विभिन्न राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन कराते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को इसका विवरण भी उपलब्ध कराया गया।

प्रभारी अधिकारी ईवीएम डा. सुरेश ने दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को द्वितीय रेंडमाईजेशन की विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद आयोग की वेबसाइट ईएमएस 2.0 पर विधानसभावार मतदान बूथों पर उपलब्ध कराई जाने वाली ईवीएम का विवरण का ब्योरा अपलोड किया गया। साथ ही बची हुई ईवीएम को आरक्षित श्रेणी में रिजर्व रखा गया। सभी ईवीएम को वेयर हाउस में रखवाया गया है।

प्रेक्षक की मौजूदगी में ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने रेंडमाईजेशन का संपूर्ण ब्योरा प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी भी प्रतिनिधयों को दी गई। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह के अलावा कई अन्य प्रशासिनक अधिकारी भी मौजूद रहे।



रेंडमाइजेशन में मौजूद अधिकारी व राजनीतिक दल के लोग। अमृत विचार

## घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने के दिए निर्देश

संवाददाता, पुरवा, उन्नाव



तहसील प्रशासन को निर्देशित करते अपर आयुक्त प्रशासन।

- बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया

**अमृत विचार।** अपर आयुक्त प्रशासन रणविजय सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के सात मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी बीएलओ को समय पर घर-घर जाकर मतदाता पर्चियां व वोटर आईकार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उच्चाधिकारी ने मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक बनाने पर भी जोर दिया।

जिले में 13 मई को मतदान कराने की तैयारियां दिन बीतने के साथ पूरी की जा रही हैं। जिले का प्रशासनिक अमला मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिशों के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वार तैनात किए गए प्रेक्षक भी सकुशल निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव कराने पर जोर दे रहे हैं। वहीं शासन स्तर के अधिकारी भी मतदाताओं के लिहाज से सुविधापूर्ण निर्वाचन संपंन कराना चाहते हैं। इसी के मद्देनजर अपर आयुक्त प्रशासन ने बुधवार को क्षेत्र के एमआरआरएस इंटर कालेज पुरवा, कटरा व ऊंचगांव किला मतदान केंद्रों में स्थापित होने वाले बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं को जायजा लिया। निरीक्षण में उच्चाधिकारी ने सभी बीएलओ को समय पर घर-घर जाकर मतदाता पर्चियां व वोटर आईडी पहुंचाने को कहा। उन्होंने कहा मतदान के लिए घरों से निकलने वाले मतदाताओं को पर्ची बनवाने के लिए इधर-उधर भटकने से निजात दिलाने के लिए पर्चियां घरों में पहुंचाई जानी चाहिए। इससे मतदाता सीधे मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने एसडीएम रनवीर सिंह व नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय सहित तहसील स्टाफ को मतदान दिवस पर पोलिंग पार्टियों के लिए मतदान केंद्र पर ही भोजन तैयार कराने के निर्देश दिए। साथ ही बीएलओ को घर-घर मतदाता जागरूकता संदेश पहुंचाने पर जोर दिया। अपर आयुक्त ने मतदान केंद्रों में शौचालय, पेयजल, प्रकाश की उपलब्धता को भी परखा।

## तमंचा व कारतूस के साथ युवक दबोचा गया

**पुरवा।** एसआई सियाराम चौरसिया ने बुधवार सुबह कस्बे के राजाबाजार तिराहे से मोहल्ला दलीगढ़ी निवासी नसीम उर्फ मिट्ठू को पकड़ लिया। शक के आधार पर जब तलाशी ली गई तो उसके पास एक तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद उसे थाने लाकर पूछताछ की गई । कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

## असलहे लिए युवक का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


असलहा के साथ युवक।

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने सोशल साइट पर असलहे के साथ रील बनाई और अपलोड कर दी। जिसे कुछ लोगों ने वायरल कर दिया। वायरल होते ही जिले के आलाधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया और युवक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये। जिस पर पुलिस युवक का पता लगाने में जुट गयी है। हालांकि ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

बता दें कि बुधवार को सोशल साइट पर एक 14 मिनट का वीडियो वॉयरल हुआ। जिसमें एक युवक हाथ में अवैध असलहा के साथ रील बनाता दिख रहा है। रील में बैकग्राउंड म्यूजिक बज रही है और उसमें असलहा खोलते हुये कह रहा है कि उम्र देख कर अंदाजा मत लगाइयों, क्या कह रहे हो छोरे तेरे यार के चर्चें बहुत दूर दूर तक हैं। रील का वीडियो वॉयरल होने पर उन्नाव के पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और वीडियो की जांच पड़ताल कर युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। वीडियो बांगरमऊ क्षेत्र का बताया जा रहा है। वहीं बांगरमऊ पुलिस ने युवक का पता लगाने के लिये खोज बीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वॉयरल वीडियो संज्ञान में आया है।

## सार-संक्षेप


यूकेलिप्टस के पेड़ों में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### खेत में लगी आग, दो किसानों का 15 क्विंटल भूसा जला

**बिछिया उन्नाव।** सदर तहसील के जगवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे खेत में पड़ा भूसा जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फार बिग्रेड ने मशक्कत कर आग बुझाई। इस दौरान किसानों को हजारों का नुकसान पहुंचा है। दही थाना क्षेत्र के जगवा मजरे तारगांव निवासी गोकरन पासी का करीब दस क्विंटल भूसा खेत में पड़ा था। पास में ही बदलू वर्मा का भी पांच क्विंटल भूसा पड़ा था। बुधवार दोपहर खेत में आग लग गई। जिससे दोनो किसानो का भूसा पूरी तरह से जल गया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया। भूसे के अलावा पास यूकेलिप्टस के पेड़ भी आग की चपेट में आने से झुलस गये।

### चिंगारी से खर-पतवार में लगी आग, गृहस्थी स्वाहा


नुकसान का आकलन करते लेखपाल

**परियर।** सदर तहसील क्षेत्र के पनपथा गांव में मनोज पुत्र रामकिशन निषाद की पत्नी बीते दिनों मायके गयी थी। इसके चलते बुधवार को मनोज खर-पतवार से बने बंगले में खाना बना रहा था। तभी अचानक छप्पर में आग लग गई। जब तक ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया तब तक छप्पर सहित पूरा बंगला जल गया और वहां रखा 30 बोरी गेहूं, 2 बोरी लाही व घरेलु सामान जलकर राख हो गया। मौके पर परियर चौकी प्रभारी राकेश तिवारी, क्षेत्रीय लेखपाल दीपचंद, प्रदीप कमल आदि ने पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। लेखपाल ने रिपोर्ट तहसील अधिकारियों को भेजने की बात कही है।

### हादसे में घायल ग्राम प्रधान की इलाज के दौरान मौत

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहान-अजगैन मार्ग पर फरहदपुर गांव स्थित धर्मकांटा के पास बीती 19 अप्रैल को चंदौली बुजुर्ग गांव के प्रधान कौशल (25) पुत्र सरजू प्रसाद की बाइक ट्रैक्टर-ट्राली में टकरा गई थी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें एसजीपीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया था। जहां उनका इलाज चल रहा था। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह चार बहनों दिशा, अंशुका, आरती व निशा में अकेला भाई था। इकलौते बेटे की मौत से मां सीमा का रो-रोकर बुरा हाल है।

**बदहाली** | गौशालाओं में रखे जा रहे गोवंश को भरपेट चारा तक नहीं मिल पा रहा

## दावों के विपरीत गौशालाओं में अव्यवस्थाओं का आलम

सोहरामऊ संवाददाता उन्नाव


खाली पड़ी चरही के सामने खड़े गोवंश।


बदतर हालत में पड़ी गौशाला। अमृत विचार

**अमृतविचार।** प्रदेश सरकार गौवंश को सुविधाएं मुहैया कराने के लाख दाव करे, लेकिन गौशालाओं में अव्यवस्थाओं का बोलबाला दिखाई देता है। लोगों का आरोप है कि नवाबगंज विकास खंड की गौशालाओं में अधिकारियों-कर्मचारियों की मनमानी से गौशालाओं में रखे जा रहे गौवंश को भरपेट चारा तक नहीं मिल पा रहा है।

क्षेत्र की महनौरा, रुदवारा, नंदौहा, बजेहरा, कोटवा आदि गौशालाओं की स्थिति दिनोंदिन बद्तर होती जा रही है। जानकारों के मुताबिक रुदवारा गौशाला में लिखा-पढ़ी में 74 गोवंश दर्शाए गए हैं, लेकिन मौके पर यहां 54 गौवंश ही मौजूद मिले। सभी गौवंश उपलब्ध न होने के सवाल पर केयर टेकर सुनीता आसपास कहीं घूमने जाने की जानकारी देती हैं। साथ आगे सवालों का जवाब देने के बजाए वह स्वयं को व्यस्त दिखाते हुए पल्ला झाड़ लेती हैं। महनौरा गौशाला में गंदगी का साम्राज्य दिखाई देता है। पिछले दिनों यह गौशाला कुछ गौवंश के अस्वस्थ होने पर चर्चा में रही है। नंदौहा गौशाला में कोई मुलाजिम तो नहीं दिखाई दिया, लेकिन अंदर 20 गौवंश दिखाई दिए। इन सभी गौवंशों के लिए गौशाला की ओर से पेट भरने के लिए कोई व्यवस्था नहीं दिखी। यानी सारी नांदें खाली पड़ी थी।

**तपिश झेल रहे गोवंश:** क्षेत्र की कोटवा ग्राम पंचायत में कहने के लिए गौशाला है, लेकिन गौशाला में छाया के कोई इंतजाम नहीं दिखते हैं। यहां मई-जून की गर्मी में गौवंश को मई-जून के सूरज की प्रचंडता का सामना ऐसे ही करना पड़ेगा। ग्राम पंचायत द्वारा संचालित कराई जा रही इस गौशाला में गौवंश को धूप से बचाव के उपाय न करने को लेकर ग्रामीण मनमानी का आरोप लगा नाराजगी जताते हैं।

**बजेहरा मोड़ बन गया हादसा स्थल**

सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित बजेहरा गांव मोड़ क्षेत्र में हादसा स्थल के तौर पर पहचाना जाने लगा है। लोगों के मुताबिक बीते करीब एक वर्ष में यहां गौवंश से टकराने की दर्जनों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। दुर्घटनाग्रस्त लोग जान से हांथ धोने से भले बच जाएं, लेकिन हांथ-पैर टूटने से नहीं बच पाते हैं। बावजूद इसके बजेहरा स्थित गौशाला का संचालन शुरू कर उपयोगी नहीं बनाया जा रहा है। क्षेत्र पंचायत के एडीओआईएसबी मनोज कुमार ने बताया रास्ता न उपलब्ध होने से गौशाला बंद है।

## घर में घुसे चोरों ने उड़ाए लाखों के जेवर व नकदी

संवाददाता गंज मुरादाबाद उन्नाव


अलमारी का टूटा लाकर।

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बल्लापुर में पीछे की दीवार के सहारे घर में घुसे चोरों ने अलमारी व बक्से का ताला तोड़ कर जेवर और नकदी समेत करीब आठ लाख का माल पार कर दिया। सुबह चोरी की जानकारी होने पर गृहस्वामी ने पुलिस इसकी जानकारी दी। सूचना पुलिस पहुंची और जांच कर वापस लौट गई

बल्लापुर गांव निवासी अंकित सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात को वह अपने घर में भूसा भरने के बाद रात करीब एक बजे वह परिजनों सहित सो गया। खेत की ओर बनी पीछे की दीवार से चोर उसके घर में दाखिल हुए। अलमारी व बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर सहित 77 हजार रुपए नगद उठा ले गए। बुधवार की सुबह नींद खुलने पर गृहस्वामी को घटना की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने पुलिस से करर्वाई की मांग की है।

## सीएचओ छुट्टी पर, इलाज के लिए ग्रामीण परेशान

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा के ऊंच गांव सानी में बनाए गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में नियुक्त सीएचओ इस समय लंबी छुट्टी पर है। उनके स्थान पर किसी की तैनाती नहीं होने से ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों के लिए सीएचसी की दौड़ लगानी पड़ रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश भी है।बता दे ग्राम पंचायत ऊंचगांव सानी में बने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सीएचओ अंकिता मिश्रा मार्च 2023 से अवकाश है। 13 माह बीत जाने के बाद भी अब तक सेंटर पर ना तो अंकिता मिश्रा लौटी और ना ही विभाग ने किसी और सीएचओ की नियुक्त की। इससे ग्रामीणों को बुखार सहित अन्य छोटी-छोटी बीमारियों पर सीएचसी के चक्कर लगाने पड़ते है। ग्रामीणों ने डीएम से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में जल्द डाक्टर की तैनाती कराए जाने की मांग की गई है।

# ट्रेन से गिर कर युवक व पटरी पार करते वक्त वृद्धा की चली गई जान

## गोरखपुर ओखा एक्सप्रेस से गिर कर पहिए के नीचे आकर कटा युवक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार



अंकुर

**अमृत विचार।** अलग -अलग हुए हादसे में युवक व वृद्धा की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर रेलवे पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव ट्रैक से हटवा कर रूट क्लियर कराने के साथ शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की खबर मिलने के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।

कुशीनगर जिले के राम गोला थाना अंतर्गत पकड़ियार वरकंटी गांव निवासी अंकुर (20) पुत्र श्रीशंभु अपने जीजा जितेंद्र गांव के रोहित, ललित, पंकज के साथ गुजरात के राजकोट काम की तलाश में जा रहा था। सभी गोरखपुर ओखा एक्सप्रेस ट्रेन में बैठे थे। भीड़ अधिक होने से अंकुर गेट के पास बैठा था। इसी दौरान लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग के मगरवारा स्टेशन के पास मंगलवार रात उसे झपकी लग गई और ट्रेन के नीचे गिर कर पहिए की चपेट में आकर कट गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी पहुंची और शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया और शव मोर्चरी में भेजा। कानपुर से जीजा व साथी भी पहुंचे और परिजनों को इसकी घटना की जानकारी दी। उसकी मौत की खबर सुनकर मां मीरा देवी सहित बहने सुशीला व शिवानी बेहाल हो गई। बड़ा भाई सुशील हैदराबाद में नौकरी करता है। वह भाई की मौत की सूचना पर घर लौट रहा है।

**● ट्रैक पार करते समय वृद्धा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत**

नरैनी (85) सदर कोतवाली के खजुरिया बाग कल्याणी मोहल्ला की निवासी थीं। मंगलवार शाम वह हरदोई पुल के नीचे सब्जी मंडी आने के लिए घर से निकली थी। ट्रैक पार करते समय वह हरदोई पुल के पास ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गई। लोगों से उसे पहचान लिया और परिजनों को सूचना देने के साथ उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से बेटे प्रेम शंकर व जगदीश रो- रो कर बेहाल रहे। गांव में भी लोग दुखी रहे।

# ट्रक की टक्कर से मैजिक पलटी, चार सवारी घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से सवारी भरा मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें बैठी चार सवरियों को गंभीर चोटें आई। जिन्हे पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। वहीं औरास थाना क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दूध लाद कर जा रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में घायल चालक व खलासी को इलाज के लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया।

बांगरमऊ से उन्नाव सवरियां लेकर जा रही टाटा मैजिक को सफीपुर कोतवाली क्षेत्र हरदोई-उन्नाव मार्ग पर अहमदाबाद माथर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे मैजिक सड़क पर पलट गई। हादसे में सदर कोतवाली के बड़ा चौराहा निवासी मैजिक चालक पूरनलाल प्रजापति (30) सहित बांगरमऊ के गोसा प्रयाग निवासी उर्मिला (32), रंजना (40), बांगरमऊ के छोटईखेड़ा निवासी राजेश्वरी (35) घायल हो गये। जबकि चार अन्य यात्री बच गए।

**● एक्सप्रेस वे पर कंटेनर पलटने से चालक व खलासी हुए घायल**

पुलिस घायलों को फतेहपुर चौरासी की सीएचसी पहुंचाया। इसी तरह मथुरा जिला के अलीपुर थाना अंतर्गत भुइंया गांव निवासी गांव निवासी टैंकर चालक रवि (50) गांव के ही खलासी आशू के साथ टैंकर में दूध लाद कर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से लखनऊ जा रहा था। तभी बुधवार सुबह औरास थाना क्षेत्र के पंचम खेड़ा गांव के पास चालक को झपकी लगने से टैंकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर में घुस गया। इसमें दोनों घायल हो गए। उन्हे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। टैंकर पलटने से उसमे भरा दूध सडक पर बह गया।

## सार-संक्षेप

### पेड़ों को काटने पर वन विभाग ने ठेकेदार पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**औरास उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के नरसा गांव में पुलिस और ठेकेदार की मिलीभगत से प्रतिबंधित पेड़ों को कटवाया जा रहा है। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची। जहां जांच पड़ताल की। जिसके बाद टीम ने ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। नरसा गांव में दो दिन पूर्व अमृत पाल पुत्र घासी के खेत में महुआ के पेड़ काटे गए वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि लकड़ी गायब थी और ठूठों की गोलाई वन विभाग की टीम ने नपाई कराने के पश्चात ग्रामीणों से बात किया। जहां पता चला कि कौशल पुत्र राधाकृष्ण निवासी हरौनी थाना हसनगंज, इरफान पुत्र नजरुद्दीन मोहान ने अमृत पाल से खरीदा था और बगैर परमिट के कटवा रहे थे। वन विभाग की टीम शिवमकुमार वनरक्षक के द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्षों का संरक्षण अधिनियम चार व अधिनियम दस के अंतर्गत केस दर्ज करा दिया है।

### काम चालू करने को लेकर बीडीओ ने दिये निर्देश

**पुरवा उन्नाव।** मनरेगा योजना के तहत 15 गांव पंचायतों में काम बंद होने से ब्लाक कार्यालय पर प्रगति शून्य जिला मनरेगा कार्यालय को भेजी गयी थी। जिस पर बीडीओ ने रोजगार सेवक व सचिवों से श्रमिको को बुलाकर कार्य कराने के निर्देश दिये हैं। विकासखंड में 56 गांवों में पंचायत श्रमिको से मनरेगा के काम कराती है। बीते माह में कार्य प्रगति शून्य रही। जिसकी जांच कराई गई। इसकी रिपोर्ट जिला मुख्यालय मनरेगा को भेजी गयी है। जिस पर खंड विकास अधिकारी डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने बताया जिन गांव पंचायतों में काम बंद चल रहे है। उन पंचायतों में काम शुरु करने के लिए रोजगार सेवक सचिवों को निर्देश दिये गये है। दो दिन के अंदर श्रमिकों को बुलाकर काम कराने के निर्देश दिये गये हैं।

### परिषदीय विद्यालयों में प्रति टैबलेट खर्च होंगे 2400 रुपए

**उन्नाव।** परिषदीय विद्यालयों को उपलब्ध कराए जा चुके टैबलेट्स के उपयोग के लिए प्रति सेट 2400 रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। यह भुगतान विद्यालय को जारी की जाने वाली कंपोजिट स्कूल ग्रांट से वहन की जाएगी। शासन स्तर से टैबलेट्स उपलब्ध कराते हुए शिक्षकों को स्वयं के सिम से संचालन करने के निर्देश जारी किए गए थे। शिक्षक टैबलेट्स के साथ सिम भी उपलब्ध कराए जाने की मांग कर रहे थे। विभाग व शिक्षकों के बीच इसी धींगामुस्ती के चलते टैबलेट्स का उपयोग नहीं शुरू हो सका है।

# टूटा क्रास हादसों को दे रहा है दावत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



रेलवे पुल के नीचे इस तरह टूटा लोहे का क्रास। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका गंगाघाट की ओर से रेलवे पुल के नीचे टूटे लोहे के क्रास की मरम्मत कराई गई थी। इधर पालिका कर्मियों ने नाली की सफाई की। जिस कारण क्रास को उखाड़ दिया। जिससे टूटा क्रास हादसे का सबब बना हुआ है। आये दिन लोग उसकी चपेट में आकर गिर रहे हैं। इसके बावजूद पालिका के जिम्मेदारों की इस ओर नजर नहीं पड़ रही है।

रेलवे पुल के नीचे बने नाली के क्रास को पालिका ने लोहे के पाइप से बनवाया था। इस मार्ग से चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, मिश्रा कॉलोनी, गगनी खेड़ा, नेतुआ, गोताखोर, राजीव नगर, सीताराम कॉलोनी, कर्बला हुसैन नगर के अलावा आस पास मोहल्ले के लोग आते जाते हैं। ढाई माह पहले पालिका की ओर से टूटे पाइप की मरम्मत कराई गई थी। मानकविहीन तरीके से कार्य कराया गया। इधर पालिका कर्मियों ने नाले की सफाई करने के लिये लोहे के पाइपों को खोला था। जिससे पाइप के एंगल उखड़ गये और उसकी चपेट में आकर पंद्रह दिनों से लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। राजना वाहन सवार मुंह के बल गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की इस ओर नजर नहीं पड़ रही है। जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं।

**बोले जिम्मेदार**

> क्रास के टूटने की जानकारी मिली है, जल्द ही उसकी मरम्मत कराई जायेगी। जिससे आने जाने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो सके।
>
> –मुकेश मिश्रा, ईओ नगर पालिका गंगाघाट

# खुशी: मौत के पांच घंटे बाद वृद्धा की लौट आई सांसें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोपीनाथपुरम मोहल्ले से मंगलवार को एक अचंभित कर देने वाला मामला सामने आया। जहां एक 95 वर्षीय वृद्धा की अचानक सांसे थम गई। जिस पर परिवार में कोहराम मच गया। मौत की सूचना पर दूर दराज से रिश्तेदार आ गये। परिवार गमगीन बैठा था, तभी पांच घंटे बाद वृद्धा ने करवट बदली। यह देख लोगों के होश उड़ गये। जिसके बाद डॉक्टर को बुलाया गया। जहां डॉक्टरों ने वृद्धा के जीवित होने की बात कही तो परिवार के लोगों को दोबारा खुशियां मिल गई।

गोपीनाथपुरम निवासी सुभाष शुक्ला ने बताया कि उनकी 95 वर्षीय मां फूलमती पिछले दो माह से बीमार चल रही हैं। उनका इलाज भी कराया जा रहा है। मंगलवार दोपहर अचानक उनकी तबियत बिगड़ी और उनका शरीर ठंडा हो गया। यह देख उनके होश उड़ गये और उनकी नब्ज टटोली गई। नब्ज न मिलने पर परिवार के लोगों ने फूलमती को मृत समझ जमीन पर लिटा दिया और उनके शरीर को एक चादर से ढक दिया। जिसके बाद दूर दराज रहने वाले रिश्तेदारों को फोन पर जानकारी दी गई। इस दौरान घर के बाहर टेंट लगाने के साथ ही आने जाने वाले लोगों के लिये कुर्सियां भी डलवा दी गई। वृद्धा के शरीर को घेर कर महिलाएं बैठ गई और रोती बिलखती रही। तभी अचानक पांच बजे वृद्धा ने करवट ली। यह देख सभी अचंभित हो गये।

**● करवट बदलने पर डॉक्टर पहुंचे, वृद्धा मिली जीवित**

# दुबई में होगा उन्नाव और शुक्लागंज के होम्योपैथिक डॉक्टरों का सम्मान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



डॉ. निखिल सिंह



डॉ. मनमोहन

**अमृत विचार।** उन्नाव और शुक्लागंज रहने वाले होम्योपैथिक डॉक्टरों द्वारा होम्योपैथिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दुबई के बुर्ज अल अरब दुबई में बर्नट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित वर्ल्ड हेल्थ समिट सीजन टू में बेस्ट होम्योपैथिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट और इममुनोलॉजिस्ट अवार्ड जुलाई माह में दिया जायेगा। डॉक्टरों का नाम आने पर परिवार के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके साथ ही उन्होंने जिले का नाम रोशन किया है।

**● होम्योपैथिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट और इम्यूनोलॉजिस्ट का दिया जाएगा अवार्ड**

नगर के सुभाष नगर निवासी मधु होम्यो केअर के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. निखिल सिंह चौहान को दुबई में सम्मानित किया जाएगा। चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ल्ड हेल्थ समिट सीजन टू में बेस्ट होम्योपैथिक गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट अवार्ड के लिए चुने गए हैं। इसके अलावा उन्नाव के पाटन में रहने वाले होम्योपैथिक डॉक्टर मनमोहन गुप्ता को बेस्ट होम्योपैथिक इममुनोलॉजिस्ट आवार्ड दिया जायेगा। जहां देश के तमाम होम्योपैथिक डॉक्टर मौजूद रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान से घर, परिवार व उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। डा. निखिल ने बताया कि 7 जुलाई 2024 को दुबई के बुर्ज अल अरब दुबई में बर्नट होम्योपैथिक द्वारा आयोजित वर्ल्ड हेल्थ समिट में उन्हें सम्मानित किया जायेगा। वहीं बता दें कि निखिल को इससे पहले उन्हें उत्तराखंड में राइजिंग स्टार अवार्ड 2023 मिल चुका है। उससे पहले नागपुर में ऑल इंडिया होम्योपैथिक रिसर्च सबमिट 2023 में ऑल इंडिया यूथ अवार्ड भी मिल चुका है। इसके अलावा मलेशिया में केंट होम्योपैथिक लेबोरेटरी की तरफ से डॉ. हरदेव प्रसाद मेमोरियल अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# कार्ड बांटने जा रहा युवक हादसे में गंभीर रूप से घायल



घायल को एम्बुलेंस से ले जाते जिला अस्पताल। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव के मोहान निवासी एक युवक अपनी बहन का कार्ड बांटने के लिये बाइक से उन्नाव जा रहा था, तभी फोरलेन स्थित सरैयां सब स्टेशन के सामने उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे वह डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया है।

मोहान निवासी इद्दू मास्टर की बेटी सामिया की 4 मई को शादी होनी है। जिस पर उसका बड़ा भाई अतीक बाइक से कानपुर कार्ड बांटने जा रहा था, जैसे ही वह बुधवार दोपहर करीब बारह बजे गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के फोरलेन स्थित सरैयां सब स्टेशन के सामने पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह डिवाइडर से टकराकर गंभीर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा।

# मंदिर के पास खड़े हरे पेड़ कटवाये शिकायत की

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्ह नगर स्थित एक मंदिर के पास हरे पेड़ खड़े थे, कुछ लोगों ने कब्जा करने की नियत से पेड़ कटवा दिये। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय लोगों ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस से की है।

मोहल्ले के रहने वाले मनीष रावत, पुत्ती लाल वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, अतुल कनौजिया ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मोहल्ले में सांई मंदिर के पास बने मनोकामनेश्वर व हनुमान मंदिर परिसर में हरे पेड़ कटकर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पेड़ काटने से मना किया। इसके बावजूद हरे पेड़ काट दिये गये। पुलिस ने जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# चारागाह समझने वालों को वोट के अस्त्र से जवाब देने की अपील

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



भदेउना में मंच पर पहुंचने से पहले लोगों का अभिवादन करतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन।

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र पंचायत के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से वोट मांगे। साथ ही भदेउना स्थित अंबेडकर पार्क में चुनावी सभा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी से 10 वर्षों का लेखा-जोख पूछने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र का चारागाह के तौर पर इस्तेमाल करने वालों को जवाब देने के लिए मत रूपी अस्त्र प्रयोग करना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस क्षेत्र को चारागाह के तौर पर इस्तेमाल करने का ढर्रा बना लिया है। 10 वर्ष पहले बनवाई गई तमाम ग्रामीण सड़कों का अस्तित्व समाप्त हो चला है। उन्होंने अपने कार्यकाल में सड़कों के निर्माण को तवज्जो नहीं दिया। नगर पालिका परिषदों व टाउन एरिया के हालत भी बद्तर हैं। बड़ी आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है। उन्होंने कहा गंगा एक्सप्रेस वे, एलिवेटेड एक्सप्रेस वे व रिंग रोड से आम आदमी का भला नहीं होने वाला है। उन्होंने सेहुरा, सथरा, अमलोना, प्यारेपुर, आंट, अतरी जूड़ापुरवा, पोटरहिया, जगदीशपुर, पंडित खेड़ा आदि गांवों का भ्रमण किया। पूर्व विधायक रामकुमार, पूर्व मंत्री सुधीर रावत, डा. अभिनव कुमार, जिलाध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र शुक्ला, अकरम प्रधान, सुरेश पाल, विजय त्रिपाठी, अनिल त्रिवेदी रहे।

# मारपीट के चार दोषियों को तीन -तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र में करीब 10 साल पूर्व हुई एक मारपीट के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने चार लोगों को दोषी ठहराते हुए उन्हें तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ सभी पर चार-चार हजार का अर्थदंड भी लगाया गया।

बता दे सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी ननकू पाल ने 18 मार्च 2014 को पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उसने बताया था कि बच्चों के आपसी विवाद को लेकर गांव के गिन्नी उर्फ नीरज, अवध कुमार, नीतू शर्मा व अनिल कुमार ने उसके साथ मारपीट की थी। जिससे उसे गंभीर चोटें आई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। मेडिकल रिपोर्ट व साक्ष्य एकत्रित कर आईओ रामराज सिंह ने धारा 308 की बढोत्तरी कर चारों के विरुद्ध 21 सितंबर 2016 को कोर्ट में चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या तीन में पूरी हुई। एडीजे ममता सिंह ने शासकीय अधिवक्ता विनय शंकर दीक्षित की दलील व साक्ष्य के आधार पर चारों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सभी को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है।

**चुनाव-2024** मतदान कार्मिकों को दो पालियों में दिया गया प्रशिक्षण, चूक की संभावना खत्म करने के लिए कराई गई परीक्षा

# अनुपस्थित 44 कार्मिकों पर अब कार्रवाई की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



प्रशिक्षण लेते मतदान कार्मिक। अमृत विचार



प्रशिक्षित कार्मिकों से जानकारी लेते सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी।

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को गुणवत्तापूर्वक सकुशल संपंन कराने के लिए मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण एसवीएम पूरनदास नगर दिया गया। दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 44 मतदान कार्मिकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए।

मतदान कार्मिकों के लिए बुधवार को आयोजित प्रशिक्षण सुबह नौ से एक और अपराह्न दो से छह बजे तक चला। पहली पाली में 197 और दूसरी पाली में 187 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें पीठासीन अधिकारियों सहित प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारी भी शामिल थे। इस तरह कुल 1576 कर्मचारियों को मतदान कराने के लिए द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

**● 384 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षित किया गया**

ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जयसिंह ने और ज़िला प्रशिक्षण अधिकारी रामबहल नेएलईडी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। एलईडी संचालन जेई एमआई दिलीप कुमार ने किया। इसके बाद 30 अलग-अलग कक्षों तीन-तीन मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान कार्मिकों को ईवीएम संचालन में दक्षता दिलाई। सामान्य प्रेक्षक बाबू ए ने कार्मिकों को बूथों के लिए रवाना होने से पहले प्राप्त होने वाली ईवीएम को जांचने की सलाह दी। साथ ही अभिकर्ताओं की नियुक्ति, माकपोल व ईवीएम सीलिंग आदि मतदान प्रक्रिया को भलीभांति समझने को कहा। उन्होंने ट्रेनर को निर्देशित किया कि कार्मिकों को स्वयं के पोस्टल बैलेट से होने वाले मतदान की जानकारी बार-बार दी जाती रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम गौरांग राठी ने मतदान को निर्वाचन प्रक्रिया की संवेदनशील व्यवस्था बताई। उन्होंने कहा कि किसी कर्मचारी की मामूली चूक जिले की क्षवि धूमिल कर सकती है। कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना ने जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर प्रशिक्षण के दौरान महिला मतदान कार्मिकों के साथ पहुंचने वाले छोटे बच्चों की सुविधा के लिए अलग व्यवस्था कराए जाने की जानकारी दी।

# मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण, जल्द लगेगा दस एमवीए का नया ट्रांसफार्मर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



एसडीओ और जेई से चर्चा करते मुख्य अभियंता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी में लोगों को भरपूर बिजली मिले। इसके लिये एसडीओ ने 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाये जाने के लिये उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा था। जिसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है। इसके बावजूद अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लगा। जिस पर बुधवार को विभाग के मुख्य अभियंता ने सब स्टेशन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने सब स्टेशन का निरीक्षण कर मौजूद मातहतों को दिशा निर्देश दिये।

नगर में बिजली का अधिक लोड होने के कारण ओवरलोडिंग से नगर में जगह-जगह रखे ट्रांसफार्मर फुंक रहे थे, विभाग ने गर्मी से पहले ट्रांसफार्मरों का लोड बढ़ाया। इसके साथ ही एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने एक्सईएन के माध्यम से उच्च अधिकारियों को भेजी। भेजे प्रस्ताव को स्वीकृत मिली लेकिन गर्मी शुरू होने के बाद ट्रांसफार्मर नहीं मिला। इसको लेकर अधिकारियों ने पत्राचार से कई बार रिमांडडर भेजा था। जिस पर बुधवार को मुख्य अभियंता राजीव कुमार सिंह ने सबस्टेशन का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने मौजूद एसडीओ के अलावा जेई विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी से बिजली को लेकर जानकारी की। इसके साथ ही उन्होंने सब स्टेशन में लगे ट्रांसफार्मरों की हकीकत देखी। जिस पर बिजली कर्मियों को दिशा निर्देश दिये। एसडीओ ने बताया कि 10 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाये जायेंगे। ट्रांसफार्मर लगने से नगर की बिजली व्यवस्था में सुधार होगा।

## एक नजर

### लोगों को मतदान करने की दिलाई गई शपथ

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रबंध समिति की मासिक बैठक में लोगों को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई गई। इंचार्ज प्रधानाचार्य ने लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान सभी का अधिकार है। विकास खंड सुरसा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा में बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति की मासिक बैठक हुई। जिसमें मतदाता जागरूकता शपथ इंचार्ज प्रधानाध्यापक मंजू वर्मा द्वारा सभी को दिलाई गई। साथ ही लोगों को निष्पक्ष और निस्वार्थ मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष हरिश्चंद्र ने आश्वासन दिया कि वह अपने आसपास लोगों को वोट देने के लिए सभी सदस्यों सहित जागरूक करने का प्रयास करेंगे। बीडीसी सदस्य महेंद्र सिंह द्वारा भी सहयोग करने आश्वासन दिया गया।

### डॉ देवेंद्र बनाए गए एसोसिएट प्रोफेसर

**हरदोई, अमृत विचार।** डॉ देवेंद्र शुक्ला को एसोसिएट प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज में बनाया गया है। डॉ शुक्ला को लखनऊ के जीसी होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च सेंटर में तैनाती मिली है। जनपद के हरियावां गांव निवासी श्री शुक्ला शहर में बतौर होम्योपैथी चिकित्सक बीते कई वर्षों से इनके तैनाती पर जनपद वासियों ने खुशी जताई है।

### भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद, 10 लोगों पर केस

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला आबकारी अधिकारी कुंवर पाल सिंह के नेतृत्व में बुधवार को आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की। लगभग 365 लीटर कच्ची शराब एवं लगभग 675 किलोग्राम लहन बरामद हुई। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत 10 अभियोग पंजीकृत किये गये।

# डीएम ने घर-घर जाकर बांटे स्वीप कैलेंडर व पम्फलेट

## मतदाता जागरूकता अभियान: लोगों को बताया मताधिकार का महत्व, दिलाई शपथ

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को महोलिया शिवपार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने स्वयं घर घर जाकर स्वीप कैलेंडर व पम्फलेट वितरित किये। उन्होंने विभिन्न परिवारों के बीच जाकर 13 मई को मतदान का वचन लिया और कहा कि 13 मई को सभी मतदाता बूथ पर अवश्य जाएं। कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में उन्होंने गांव के मतदाताओं से संवाद करते हुए कहा कि 13 मई दिन सोमवार याद रखें। परिवार के साथ स्वयं मतदान करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित सभी प्रतिभागी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलायी। कक्षा में जाकर विद्यालय के बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता और सम्बंधियों को मतदान के बारे में बतायें। चुनाव पाठशाला संवाद कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गयी। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ रामप्रकाश व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के लिए महराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदोई में फैसिलिटेशन सेण्टर एवं अतिरिक्त फैसिलिटेशन सेन्टर बनाए गए हैं। इनके प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन एवं आने वाले मतदाताओं को फैसिलिटेट किये जाने के लिए प्रशिक्षण स्थल पर कण्ट्रोल रूम/नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जा रहा है। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (पीएमजीएसवाई) हरदोई, नीलम देवी मो.नं. 9795172660 को कण्ट्रोल रूम प्रभारी नामित किया गया है। जो प्रातः 8 बजे से 3 बजे तक उपस्थित रहेंगी। उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र हरदोई दुर्गेश कुमार मो. नं. 8960660900 को प्रभारी नामित किया गया है, जो 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक कण्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कण्ट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित किया है कि 6 मई अर्थात प्रशिक्षण समाप्ति तक प्रशिक्षण स्थल महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदोई मे उपस्थित होकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। नामित अधिकारियों के मोबाइल नम्बर उक्त अवधि में कण्ट्रोल रूम नम्बर के रूम में कार्य करेंगे।



वोटर को कैलेंडर देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### सीएसएन पीजी कालेज व आईटीआई से रवाना होगी पोलिंग पार्टियां : जिला निर्वाचन अधिकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन में 13 मई को होने वाले मतदान के लिए 12 मई को प्रात: छह बजे से विधान सभा क्षेत्र सवायजपुर, शाहाबाद, सदर, गोपामऊ व साण्डी की पोलिंग पार्टियां सीएसएन पीजी कालेज परिसर से तथा विधान सभी क्षेत्र बिलग्राम-मल्लावां, बालामऊ एवं सण्डीला की पोलिंग पार्टियां आईटीआई परिसर हरदोई से रवाना की जायेगी। श्री सिंह ने पालिंग पार्टियों की रवानी व्यवस्थाओं में लगे समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये है कि पार्टी रवानगी की सभी व्यवस्थायें 12 मई की प्रात: छह बजे से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें और सभी प्रभारी अधिकारी अपने निर्धारित स्थल पर समय से पहले पहुंच कर पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढ़ग से रवाना करायें।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता करते प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी।

### प्रेक्षकों की उपस्थिति में हुई राजनीतिक दलों की बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में हरदोई व मिश्रिख के सामान्य प्रेक्षकों, पुलिस प्रेक्षकों व व्यय प्रेक्षकों की उपस्थिति में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व प्रत्याशियों की बैठक हुई। सामान्य प्रेक्षक मिश्रिख ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित किया जाये। सामान्य प्रेक्षक हरदोई ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। वलनरेबल व क्रिटिकल बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाये। पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि किसी भी समस्या के लिए मोबाइल नंबर पर कॉल की जा सकती है। हरदोई संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक ने कहा कि व्यय लेखा रेट चार्ट के आधार पर प्रतिदिन तैयार किया जाये। मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक ने कहा कि रजिस्टर पर प्रतिदिन का खर्च लिखा जाये और निर्धारित तिथियों में परीक्षण कराया जाये। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने प्रत्याशियों को सभी एआरओ का परिचय कराया। उन्होंने दोनों लोकसभाओं के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि सभी प्रत्याशी फैसिलिटेशन सेंटर पर दोनों लोकसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग अपना अधिकृत प्रतिनिधि भेज सकते हैं। यहां पर मतदान कार्मिकों द्वारा मतदान किया जा रहा है। सहमति देने वाले दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं से घर पर ही वोटिंग करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को को शर्तों के अधीन प्रत्याशियों के बूथ 200 मीटर के बाहर बनाये जा सकते हैं। मॉक पोल के दौरान प्रत्याशी गण अपने पोलिंग एजेंट को भेजने का कष्ट करें। मॉक पोल के लिए एजेंट समय से पहुंचे। प्रत्याशी व्यय रजिस्टर में प्रतिदिन के व्यय का उल्लेख किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रश्नों का भी समाधान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने फैसिलिटेशन सेंटरों का किया निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में चल रहे द्वितीय प्रशिक्षण व मतदान कार्मिकों हेतु बनाये गए फैसिलिटेशन सेंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र पर बनाये गए कंट्रोल रूम, हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्थाएं देखी। प्रशिक्षण कक्षों में जाकर उन्होंने मतदान कार्मिकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में ईवीएम, वीवीपैट आदि की सभी बारीकियों को अच्छी तरह से समझ लें। पीठासीन अधिकारी 12 मई को अपने मोबाइल में एमपीएस ऐप डाऊनलोड कर लें और मतदान के दौरान मॉकपोल तथा निर्धारित समय पर मतदान प्रतिशत की सूचना प्रेषित करते रहें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रेक्षकों की उपस्थिति में हुआ ईवीएम का रेंडमाइजेशन

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में हरदोई व मिश्रिख लोकसभा के सामान्य प्रेक्षकों व पुलिस प्रेक्षक की उपस्थिति में ईवीएम के द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न हुई इस साथ ही ईवीएम का बूथवार आवंटन हो गया। सबसे पहले हरदोई लोकसभा क्षेत्र की पाचों विधानसभा की ईवीएम का क्रमवार रैण्डमाइजेशन किया गया। इसके पश्चात मिश्रिख लोकसभा के पांचो विधानसभा क्षेत्रों का रैण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गयी। सम्पूर्ण प्रक्रिया को समस्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों व दोनों लोकसभा के प्रत्याशियों ने देखा। जिलाधिकारी की अनुमति से सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बीएन इंटर कॉलेज भगवन्तनगर में मतदाता जागरूकता रैली निकालते स्कूली छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मांगा गया सहयोग

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के बीएन इंटर कॉलेज भगवन्तनगर में लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान को लेकर छात्र-छात्राओं के साथ एक गोष्ठी और जागरूकता रैली निकाली गईं। ताकि लोकतंत्र के महा पर्व में मतदाता बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले। जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर लोक सभा चुनावों में शत-शत प्रतिशत मतदान को लेकर तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को बीएन इंटर कॉलेज भगवन्तनगर में प्रधानाचार्य अरुण बाजपेई ने छात्र - छात्रओं के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया, ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। मतदान बढ़ाने को लेकर अधिवक्ता अभय शंकर शुक्ल ने छात्र - छात्राओं से कहा कि अपने आस पड़ोस के लोगों को 13 मई को होने वाले चुनावों बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और लोकतंत्र को मजबूत बनाए। माधौगंज के प्रमुख व्यवसायी नवल महेश्वरी ने छात्र-छात्राओं को एक शत प्रतिशत मतदान की प्रेरणा को लेकर एक कलेंडर भी वितरित किया। उसके पश्चात मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गईं। इस अवसर पर विनीत सिंह, पंकज कनोजिया सहित विद्यालय का स्टॉफ मौजूद रहा।

# भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : पूर्व सांसद

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** भारत, अमेरिका और रूस की तरह विकसित राष्ट्र होगा। सभी वर्गों का संपूर्ण विकास हो जाएगा। यह बात पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गंगा चरण राजपूत ने कही। पूर्व सांसद नगर में एक मैरिज हॉल में आयोजित पिछड़ा वर्ग महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सम्मेलन का आयोजन भाजपा के वरिष्ठ नेता सिद्ध प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमीरपुर के पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत ने कहा भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। अगर तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनती है तो पीओके पर तिरंगा फहराया जाएगा। भाजपा सरकार में कई बार मंत्री रही प्रेम लता कटियार की बेटी नीलिमा कटियार ने कहा कि नारी शक्ति के लिए भाजपा ने नारी शक्ति मिशन लागू किया। राशन कार्ड में घर स्वामिनी के नाम करके उन्हे आत्म निर्भर बनाया। आज बहन-बेटियों को घर से निकलने में भय नहीं लगता। कन्नौज जिले की तिर्वा विधान सभा से चौथी बार विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि भाजपा दलित और पिछड़ों के हितों की रक्षा की है। सम्मेलन को उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और क्षेत्रीय विधायक रजनी तिवारी, शाहजहांपुर नगर निगम की महापौर अर्चना वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, बिलग्राम चेयरमैन अनिल राठौर, एबी सिंह, वेदराम राजपूत आदि नेताओं ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के संयोजक अनिल सिंह राजपूत ब्लॉक प्रमुख ने आभार प्रकट किया।



सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत। अमृत विचार

### गौरव को फिर से हासिल करना है : नितिन

**हरदोई, अमृत विचार।** आबकारी एवं मद्यनिषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने बुधवार को मानपुर व सुमई में जनसभाएं की। उन्होंने इंडिया गठबन्धन पर तंज कसते हुए कहा कि भारत का विभाजन कराने वाले लोग अब भारत जोड़ो यात्रा निकालने का ड्रामा कर रहे हैं। आबकारी मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की राह अपनाई, जिसके चलते कश्मीर और कश्मीर के लोगों को 70 साल तक देश में रहते हुए विकास की मुख्य धारा से अलग रहना पड़ा। इस मौके पर शिव कुमार गुप्ता, राकेश मिश्रा प्रधान, रामनाथ फौजी, नाजिम खॉ, रमेश सिंह, जकी खान, अमित सिंह, राजीव कुमार सिंह, राम सेवक प्रधान व राधेश्याम रहें। वहीं माधौगंज क्षेत्र के दौलतयारपुर गांव स्थित डिग्री कॉलेज में आयोजित जनसभा को पूर्व राज्य सभा सांसद नरेश अग्रवाल ने सम्बोधित किया। कहा कि जब तक भाजपा है तब तक भ्रष्टाचार दूर रहेगा। भाजपा सरकार के रहते गुंडे, मवाली नहीं रहेंगे। इस मौके पर एमएलसी अशोक अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती वर्मा, पीके वर्मा, रामू कश्यप, चुनाव प्रभारी गुड्डू सिंह, अभय शंकर शुक्ला, अशोक सिंह, विशाल जायसवाल, सम्पूर्णानन्द सिंह पूनम, नवल माहेश्वरी, अनुराग मिश्रा, विवेक कुमार, रवि वर्मा, डाक्टर रोहित शर्मा ने सम्बोधित किया। इस मौके पर बीजेपी कार्यकर्ता व सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हुए मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई सम्राट चंद्रगुप्त की जयंती

हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड कछौना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अरसेनी में बुधवार को रघुनाथ प्रसाद मौर्य (राष्ट्रीय पर्यवेक्षक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सम्राट अशोक क्लब शाखा उत्तर प्रदेश) के आवास पर अखंड भारत के निर्माता मौर्य वंश के संस्थापक प्रथम चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती मनाई गई।

मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवीण कुमार पटेल जिला पीडी गुप्ता उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम अखंड भारत के निर्माता मौर्य वंश के संस्थापक प्रथम चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित लोगों ने सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए सम्राट अशोक क्लब के हरिपाल कुशवाहा, शाक्य आशीष सिंह मौर्य, रामबली मौर्य सन्तोष मौर्य करन मौर्य शिवम मौर्य आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के बारे में बताया।

### सूखे से निपटने की बनाएं कार्य योजना

**हरदोई।** अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, सभी उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी एवं ग्रामीण तथा समस्त अधिशासी अधिकारी नगरीय निकाय से कहा है कि निकट भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए सूखे की कार्य योजना उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, जिसके अनुपालन में अग्नि शमन तथा कृषि विभाग द्वारा सूखे की कार्य योजना उपलब्ध करा दी गयी है।

# भाजपा जा रही, कांग्रेस आ रही...

हरदोई

**अमृत विचार।** पूरे देश की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। जनता पर महंगाई व बेरोजगारी थोपने वाली पेपरलीक भाजपा सरकार जा रही है, कांग्रेस आ रही है। बुधवार को जिला एवं शहर कंग्रेस कमेटी हरदोई हरदोई की मासिक बैठक हरदोई कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें घर-घर कांग्रेस गारण्टी कार्ड वितरण की समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि पूरे देश की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। जनता पर महंगाई व बेरोजगारी थोपने वाली भाजपा सरकार जा रही है, कांग्रेस आ रही है। पक्की नौकरी, गरीब परिवार की महिलाओं को हर साल एक लाख, सम्पूर्ण कर्जमाफी और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारण्टी इंडिया गठबंधन सरकार की गारण्टी होगी। शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष डॉ अजीमुश्शान, जिला उपाध्यक्ष अनुपम दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष नेतम भारतीय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष महताब अहमद, आउटरीच जिला चेयरमैन तालिब आदि मौजूद रहे।



मासिक बैठक को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष सिंह सोमवंशी।

## सार-संक्षेप



प्रवचन यात्रा में मौजूद संत। अमृत विचार

### संतों ने नैमिष की पावन भूमि से भरी हुंकार

**हरदोई, अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद संतों के निर्देश में संत प्रवचन यात्रा का शुभारंभ नैमिष से हुआ जिसमे देवेंद्रानन्द सरस्वती महाराज, श्री 108 नारायण दास जी महाराज, वनगढ़ आश्रम संतोष दास खाकी महाराज व प्रांतीय मार्गदर्शन मंडल के सदस्य महंत प्रीतम दास बड़ा हनुमान मंदिर मझरेटा सनातनी बाबा आत्मप्रकाश व विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र, प्रान्त धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख विमल जी प्रान्त सहसयोजक बजरंगदल महेंद्र जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री व अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है, उसी क्रम में विश्व हिन्दू परिषद पूज्य संतों के निर्देश में संत प्रवचन यात्रा अवध प्रान्त में बुधवार 10 मई तक निकालेगा। उसी क्रम में अवध प्रान्त के सभी जिलों में संत. प्रवचन करेंगे।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म में 10 साल की कैद

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश यशपाल घर में घुसकर महिला से जबरिया रेप करने के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी कैद सजा सुनाई है। आरोपी 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता अमलेंद्र सिंह ने बताया कि थाना मल्लावां क्षेत्र के बाबतमऊ निवासी कमलेश ने 7 जनवरी 2021 की शाम महिला के घर में घुसकर उसके साथ रेप किया। मामले की रिपोर्ट पीड़िता ने कराई। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश सबूत और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित पर जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई है।

### खाद्य सचल दल ने दुकानों पर की छापेमारी



**हरदोई, अमृत विचार।** खाद्य विभाग ने कई स्थानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। खाद्य विभाग की इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया। खाद्य विभाग की टीम ने बुधवार को एसएस इण्डस्ट्रीज, नेवादा पहुंतेरा के परिसर से पिसी हल्दी, धनिया पाउडर व गरम मसाला के कुल तीन नमूनें संग्रहित किये गये। खाद्य सचल दल के सदस्य खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अनिरूद्ध सिंह गंगवार, अजीत सिंह, राम किशोर, सुभाष चन्द्र मौर्य, खुशीराम, अनुराधा कुशवाहा कार्यवाही में मौजूद रहीं।

## आयोजन: श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने किया 50वां हनुमान चालीसा व सुंदर कांड का पाठ

# सकल सुमंगल दायक रघुनायक गुन गान...

हरदोई

**अमृत विचार।** 50वें मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई अन्य मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा व सुंदर कांड का पाठ किया।

मंगलवार की शाम श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री गणेश साई मंदिर विभूति नगर, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में विभूति नगर के श्री गणेश साईं मंदिर में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति, बजरंग बाण व आरती के साथ बजरंगबली का पूजन किया। इस अवसर पर संगीतमय सुंदर कांड के साथ श्रीराम का गुणगान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन राष्ट्र तभी संभव है जब हर घर में हनुमान चालीसा पाठ के स्वर गूंजे। महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगों ने हनुमान चालीसा राम स्तुति, बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया।



सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# ओसिस क्रिकेट अकादमी ने 2 विकेट से दर्ज की जीत

हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को हरदोई हेरिटेज कप का चौथा मैच अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी बनाम ओसिस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी ने 38.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 145 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओसिस क्रिकेट अकादमी की टीम ने 30.2 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। ओसिस क्रिकेट अकादमी की तरफ से सनी वर्मा ने सर्वाधिक 69 रन, वरुण ने 22 रन तथा नितिन ने 15 रनों का योगदान किया। अन्नपूर्णा क्रिकेट अकादमी की तरफ से अभिषेक तिवारी व अतुल द्विवेदी ने 2-2 विकेट तथा मनी चौधरी, कृष्ण कुमार, हर्षित शुक्ला ने 1-1 विकेट लिया तथा एक खिलाडी रन आउट हुआ।

इस प्रकार इस मैच में ओसिस क्रिकेट अकादमी ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में मैन ऑफ द मैच ओसिस क्रिकेट अकादमी के सनी वर्मा को मिला। गुरुवार को इस प्रतियोगिता का पांचवां मैच सुबह 8 बजे से खेला जाएगा।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**शाहाबाद, हरदोई।** हरदोई रोड पर हूंसेपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा गोकुल निवासी अभिषेक (30) पुत्र रामचंद्र बाइक से अपने घर बेहटा गोकुल जा रहा था। ग्राम हूसेपुर के निकट तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल अभिषेक शराब के नशे में धुत बताया जा रहा था।

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के एक मोहल्ले की निवासी किशोरी को युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां के प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। नगर निवासी पीड़ित मां ने बताया 29 अप्रैल सोमवार की शाम उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात युवक भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला ने देवर पर लगाया पैसे व नकदी चोरी का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी महिला ने देवर पर घर में घुसकर रुपये और जेवर चुराने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी अफसाना पत्नी कासिम ने बताया उसका पति फर्रुखाबाद के घटिया घाट पर कबाड़ फेरी करता है। वह सास के साथ कस्बे में रहती है। उसका देवर जीशान 29 अप्रैल की रात घर में घुस आया और अलमारी में रखे 10 हजार रुपए और जेवरात चोरी कर लिए। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।

### छायाकार को भातृशोक

**हरदोई, अमृत विचार।** एक दैनिक समाचार पत्र के छायाकार पंकज गुप्ता के भाई 49 वर्षीय दिनेश गुप्ता का बुधवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।


दिनेश की फोटो।

उनका अंतिम संस्कार सांडी रोड स्थित मुक्तिधाम पर किया गया। मुक्तिधाम पर अनेक लोगों ने पहुंच कर स्वर्गीय गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डीआरएम ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का किया निरीक्षण

हरदोई

**अमृत विचार।** डीआरएम मुरादाबाद मंडल राजकुमार सिंह ने बुधवार को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। राजकुमार सिंह का नया निरीक्षण सुरक्षा संरक्षण को लेकर था। इसके साथ ही डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्य को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली।

डीआरएम हरदोई रेलवे स्टेशन पर शाम करीब 4 बजे पहुंचे। इसके बाद लगभग डेढ़ घंटे तक हरदोई रेलवे स्टेशन पर रुके और निरीक्षण किया। डीआरएम ने यात्री सुविधाओं को लेकर भी बात की, अधिकारियों को गर्मी में यात्रियों को हो रही असुविधा को दूर करने के निर्देश दिए। हरदोई रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है। डीआरएम ने अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने और गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। हरदोई रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर, कैंटीन में पानी की व्यवस्था को जांचा।


निरीक्षण करते डीआरएम राजकुमार सिंह। अमृत विचार

### प्लेटफार्म पर मिलीं खामियां दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को दिए नर्देश

डीआरएम मुरादाबाद मंडल ने सुरक्षा संरक्षा को लेकर रेल कर्मियों को संबोधित किया। ट्रेनों में आग की बढ़ रही घटनाओं को रोकने व सुरक्षित ट्रेन परिचालन को करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1,2,3,4 व 5 पर कराये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया और खामियां मिलने पर जिम्मेदारों को निर्देशित किया। स्टेशन परिसर में बने स्टैंड का निरीक्षण कर कहा, नए भवन में स्टैंड के लिए भूमि आवंटित की जाएगी। साथ ही कैंटिनो को अमृत स्टेशन योजना के निर्माण में तोड़ा जाएगा। डीआरएम ने हरदोई से माल गोदाम को हटाकर कौड़ा रेलवे स्टेशन पर शिफ्ट की कार्रवाही जल्द से जल्द पूरी करने का भरोसा दिया। हरदोई रेलवे स्टेशन पर माल गोदाम का एक भाग नई बिल्डिंग के पास है ऐसे में हादसों की आशंका लगातार बढ़ जाती है। ऐसे में रेल प्रशासन लगातार माल गोदाम को दूसरे स्टेशन पर स्थापित करने पर विचार कर रहा है। डीआरएम ने कहा कि माल गोदाम को कौढ़ा रेलवे स्टेशन पर स्थापित करना अमृत भारत स्टेशन योजना का एक हिस्सा है, जिस पर विचार किया जा रहा है, एक प्लान बनाकर कार्य किया जाएगा।

### विभागों की कुछ आपत्तियों का निस्तारण

मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत स्टेशन योजना को लेकर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन के बिल्डिंग को लेकर अभी हरदोई रेलवे स्टेशन पर अलग-अलग विभागों में सहमति नहीं बन पाई है ऐसे में अलग-अलग विभागों द्वारा डीआरएम को नई बिल्डिंग के मानचित्र में आपत्तियां दी गई हैं, जिस पर डीआरएम राजकुमार सिंह ने कुछ आपत्तियां का मौके पर निस्तारण किया। जबकि कुछ का निस्तारण जल्द करने की बात कही हैं। फ़िलहाल हरदोई रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग का मानचित्र बनने के बाद से लगातार सवालों के घेरे में है। सबसे पहले हरदोई के सांसद जयप्रकाश रावत ने बिल्डिंग के मानचित्र पर सवाल उठाए थे जिसके बाद बिल्डिंग के मानचित्र को बदल दिया गया था, लेकिन बिल्डिंग का पूरा नक्शा आने के बाद विभागों ने इस पर आपत्ति जताना शुरू कर दिया। विभागों को कई आपत्तियां हैं जिनके निस्तारण की मांग नई बिल्डिंग के निर्माण में लगातार की जा रही है। अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत नई बिल्डिंग के निर्माण को अभी तक आपस में रेल कर्मचारी और इंजीनियरिंग टीम में एक राय नहीं बन पाई है।

## समूह की महिलाओं से ठगी, दी गई तहरीर

**हरदोई, अमृत विचार।** माधौगंज ब्लाक परिसर में आयोजित रोज़गार मेले में समूह चलाने वाली महिलाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर उनका आधार कार्ड लेते हुए 10-10 हज़ार लिए गए। लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली। इस मामले में लखनऊ की एक कंपनी के दो प्रतिनिधियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। बताया गया कि जनवरी माह में ब्लाक परिसर में रोज़गार मेला लगा था। उसी थाने के रूदामऊ की समूह की महिला सुनीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि रोज़गार मेलें में लखनऊ की आईडीएमपी इंडिया कंपनी सेकेंड फ्लोर नीलगिरी फैज़ाबाद रोड इंदिरा नगर के प्रतिनिधि रवि सिंह व गोविंद यादव ने उसे व अन्य महिलाओं से 10-10 हजार रुपये ठग लिये।

# दाई के इलाज से गर्भवती के पेट में बच्चे की मौत

## झोलाछाप की दुकानों पर नहीं लग पा रहा ताला, गंभीर हालत में प्रसूता अस्पताल में भर्ती

बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में झोलाछाप की भरमार है और प्रशासन की मेहरबानी से इनका धंधा भी खूब फल-फूल रहा है। जिसके चलते जानकारी के अभाव में मरीजों को आर्थिक हानि के साथ ही कभी कभी जान से भी जाना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार की रात देखने को मिला।


अस्पताल में भर्ती पिंकी देवी। अमृत विचार

ग्राम जानकी नगर कोथावां निवासी रंजीत ने बेनीगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह पत्नी की डिलीवरी कराने बेनीगंज नगर के बाजार टोला निवासी गोमती देवी के पास ले गया था, वह अपने घर पर ही महिलाओं की डिलीवरी का कार्य करती है। गोमती देवी ने जच्चा-बच्चा दोनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन गोमती देवी द्वारा डिलीवरी कराने में लापरवाही बरतने के कारण बच्चे की पेट में ही मौत हो गई, जिसके बाद से उसकी पत्नी पिंकी की हालत भी काफी खराब है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने पर कार्यवाही की जाएगी। महिला के परिजनों ने बताया कि वह गर्भवती को लेकर पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां गए थे, जहां डाक्टरों ने हालात गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया था। जिसके बाद परिजन कोथावां कस्बे में स्थित एक हास्पिटल पहुंचे, जहां आपरेशन से डिलीवरी कराने की बात डाक्टरों ने कही थी, लेकिन पैसा न होने कारण परिजन महिला को लेकर चले आए। तब गोमती देवी निवासी बेनीगंज ने सामान्य प्रसव कराने की जिम्मेदारी लेकर इलाज शुरू कर दिया, लेकिन इलाज में लापरवाही बरतने के कारण बच्चे की पेट में ही मौत हो गई और हमारी पत्नी की हालत भी नाजुक बनी हुई है। प्रसूता के पति ने बताया कि सुबह से शाम तक दिलासा देने के बाद देर रात को गोमती देवी ने बताया कि बच्चा पेट में ही मर गया, अब अपने मरीज को कहीं और ले जाकर इलाज कराओ, आपरेशन कराकर बच्चे को बाहर निकलवाओ।

> बेनीगंज में घटित घटना में हमें किसी भी प्रकार लिखित सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं और बगैर लिखित सूचना के किसी प्रकार की कार्यवाही संभव नहीं है, बावजूद इसके नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक को मामले में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है
>
> **-मनोज कुमार,** नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, हरदोई

> बेनीगंज नगर में घर के अन्दर कराई गई। डिलीवरी में बच्चे की मौत मामले में पुलिस को सूचना दी गई है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग अधिकारी मनोज कुमार को जरूरी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।
>
> **-डॉ. विपुल वर्मा,** सीएचसी अधीक्षक कोथावां

## स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी की दवा खत्म, बाजार से खरीदी

हरदोई

**अमृत विचार।** क्षय रोग के मरीजों को दी जाने वाली दवा अपने जिले को बरेली से सप्लाई मिलती है। इधर पिछले दो माह से पर्याप्त दवा वहां से नही मिल पा रही है। इस कारण जिले में दवा समाप्त हो गयी है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने मरीजों को बंटवाने के लिए बाजार से दवा खरीदी है। इसके अलावा एक महीने की दवा की डिमांड और कर दी गयी है जल्द ही वह दवा भी आ जायेगी। फिर कोई दिक्कत मरीजों को नहीं होगी।

जिले में टीबी मरीजों की दी जाने वाली दवाएं समाप्त हो गई हैं। एक माह से दवा की कमी चल रही है। इधर एक सप्ताह से दवा बिल्कुल समाप्त हो गई है। इस समस्या को देखते हुए सीएमओ डॉ रोहताश कुमार और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ शरद वैश्य ने टीबी की दवाओं की खरीद शुरू कर दी है। बताया गया है कि जिले में क्षय रोगियों को चिह्नित कर इलाज किया जा रहा है। इन मरीजों के लिए मंडल ड्रग स्टोर बरेली से दवा उपलब्ध कराई जाती है। इन दिनों आपूर्ति न होने से दवा का संकट खड़ा हो गया है। टीबी क्लीनिक और सीएचसी में थ्री एफडीसी और फोर एफडीसी दवाएं नही बची है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शरद वैश्य ने बताया कि टीबी मरीजों को चिह्नित कर इलाज किया जा रहा है। दवा की कमी है। इसके लिए मांग की गई है। जिन मरीजों की दवा चल रही है। बताया कि जल्द दवा उपलब्ध हो जाएगी। टीबी के मरीज को नियमित, समय से वजन के अनुसार दवा लेनी चाहिए। दवा छोड़ना और दो से तीन दिन खाने में गैप करने पर दिक्कत बढ़ती है। फिर से दवा शुरू करने पर वह दवा काम नहीं करती है सीएमओ डॉ रोहताश कुमार ने बताया कि क्षय रोगियों को दी जाने बाली दवा थ्री एफडीसी और फोर- एफडीसी समाप्त हो गयी है। दवा की खरीदारी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द दवाएं उपलब्ध हो जाएंगी। रिफाइम्पिसन कैप्सूल, आइसोनियाजेड, पैराजिनामाइड, इथम्बूटाल दवाएं खरीदी जा चुकी है इन दवाओं की एक महीने की डिमांड और भेजी जा चुकी है।

### प्रणव ने पावरलिफ्टिंग में जीता मेडल



**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के छोटा चौराहा निवासी युवा खिलाड़ी प्रणव मिश्रा (21) पुत्र स्व. रवीन्द्र मिश्रा को पावरलिफ्टिंग एंड बेंच प्रेस ओपन चैंपियनशिप में मेडल मिला है। राजाजीपुरम लखनऊ स्थित एक लॉन में लखनऊ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के द्वारा लखनऊ पावरलिफ्टिंग ओपन चैंपियनशिप का जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग ओपेन चैम्पियम शिप का आयोजन हुआ।

### सरकारी अस्पताल में बीपी मशीन खराब, मरीजों को हो रही परेशानी

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम के सरकारी अस्पताल में मरीजों को सामान्य जरूरी सुविधाओं तक के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अब ब्लड प्रेशर जांचने जैसी सामान्य मशीन तक भी उपलब्ध नहीं हो रही है। इमरजेंसी वार्ड में ऐसा ही मामला सामने आया है। स्वास्थ्य खराब होने पर नगर के मोहल्ला खुर्दपुरा निवासी महिला शकीला अस्पताल गई थीं। इस दौरान उनके घबराहट होने की समस्या हुई। एमरजेंसी में चिकित्सकों से जांच करवाने पर उन्होंने कुछ दवाई लिखी लेकिन ब्लड प्रेशर की जांच नहीं की। जब बीपी जांच करने का कहा तो मौजूद स्टॉफ ने मशीन खराब होने का हवाला दिया। चिकित्सक ने उन्हें डी वार्ड में जाकर बीपी की जांच करवाने का कहा। वार्ड में भी बीपी मशीन उपलब्ध नहीं हो सकी।

# किसान सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर दे दी जान

हरदोई

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में किसान सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पहली घटना में कासिमपुर थाना क्षेत्र की है। ग्रामसभा गौरी फखरुद्दीन का ग्राम बरुआहार निवासी बुजुर्ग किसान शंभू पुत्र खगेश्वर उम्र 85 वर्ष ने बुधवार की सुबह गांव के बाहर बाग में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव कों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक बुजुर्ग के दो लड़के हैं। परिवारजनों के अनुसार कुछ दिनों से मृतक गुमसुम रहता था। दूसरी घटना शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र की है। यहां के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी अजय कुमार (48) गल्ला मंडी में मुनीमी किया करता था। बीते पांच वर्ष से वह मानसिक रूप से परेशान था, जिसका इलाज चल रहा था। बीच में कुछ दिन ठीक होकर काम पर जाने लगा था। इधर 6 माह से उसका दिमागी संतुलन फिर बिगड़ गया था। बुधवार को दोपहर उसने कमरे में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजय विवाहित था। उसका 13 वर्ष का एक पुत्र है।

## किशोरी ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** कछौना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरहकांटी मजरा कमीपुर में मंगलवार की रात को घर में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिजन काफी व्यथित हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिरहकांटी मजरा कमीपुर निवासी अनिल मौर्य की पुत्री दिव्यांशी (14) ने मंगलवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर कोतवाली कछौना की टीम व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### टड़ियावां पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी

**हरदोई, अमृत विचार।** टड़ियावां पुलिस ने शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में बने और अधबने शस्त्र बरामद किए हैं। टड़ियावां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पहाड़पुर के पास खेतों में बनी झोपड़ी मेंछापेमारी कर शस्त्र बना रहे लोगों को दबोचा। पकड़े गए लोगों ने पूछताछ में अपना नाम संतराम और दयाराम बताया है। उनके पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में बने और अधबने हथियार बरामद किए हैं। जिसमें 6 तमंचे, 1 अर्धनिर्मित तमंचा, एक जिंदा व चार खोखा कारतूस एवं भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए है।

# विकास कार्यों धांधली की होगी जांच, शासन को भेजा गया पत्र

हरदोई।

**अमृत विचार।** आखिरकार लोकायुक्त ने नगर पंचायत कुरसठ में साल 2017 के पहले कराए गए विकास कार्यों की जांच के लिए शासन को लिखा,जिस पर सचिव ने डीएम को चिट्ठी जारी करते हुए उनसे तीन महीनें के अंदर जांच रिपोर्ट तलब की है। समाजसेवी जगदीश त्यागी ने लोकायुक्त से शिकायत की थी कि नगर पंचायत कुरसठ में हुए विकास कार्यों में खूब धांधली की गई। जिसमें चेयरमैन के अलावा ईओ,जेई और तत्कालीन लिपिक भी शामिल रहे। माना जा रहा है कि की जाने वाली जांच में इन सबका रसूख खंगाला जाएगा। सचिव की चिट्ठी आते ही कुरसठ नगर पंचायत में खलबली मची हुई है।

**वर्ष 2017 के पहले नगर पंचायत कुरसठ में हुई थी अनियमितता**



समाजसेवी जगदीश त्यागी ने लोकायुक्त में शिकायत कर जांच कराने की मांग की थी। जिस पर एक्शन में आए लोकयुक्त ने शासन को चिट्ठी भेजकर धांधली की जांच कराए जाने के निर्देश दिए है। उसी के तहत शासन की तरफ से सचिव ने डीएम को तीन महीनें के अंदर जांच कर उसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। बताते चलें कि जगदीश त्यागी ने नगर पंचायत कुरसठ की चेयरमैन विद्या देवी, तत्कालीन ईओ, तत्कालीन जेई व लिपिक के खिलाफ दी शिकायती चिट्ठा में कहा है कि विकास कार्यो में शासनादेशों/नियमों का उल्लंघन, टेण्डरों व अन्य सामान क्रय में निर्धारित के बजाय निजी ऐजेन्सियों को मूल्य से अधिक भुगतान, ठेकेदारों के पंजीकरण, नवीनीकरण शासकीय कार्यों में अनियमितता बरते जाने को लेकर लोकायुक्त में गुहार लगाई थी। आरोपित लोगों की भूमिका स्पष्ट कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं अनियमितताओं के चलते शासकीय क्षति का आंकलन कर उसकी वसूली की कार्रवाई लोकसेवक से कराते हुए सरकारी कोष में जमा कराए जाने, वित्तीय अनियमितता के विषय में पालिका अधिनियम 1916 के तहत कार्रवाई व समुचित दण्ड किए जाने की संस्तुति भी की गई है।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आफ्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायेंः-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### हजारों की नकदी समेत माल पर चोरों ने किया हाथ साफ

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पीरपुर गांव में चोर ने एक घर में घुसकर सोलह हजार की नकदी व दो जोड़ी पायल,दो मंगलसूत्र, बिछिया चोरी कर ली। पीड़ित रामजीवन ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### आग से दो घरों का सामान जलकर खाक

**रेउसा।** अज्ञात कारणों से लगी आग से दो घर जलकर खाक हो गये। आग से हजारों का सामान जलकर राख हो गया। बुधवार को रेउसा के ग्राम कुशमौहरा कूटी ग्राम के पड़ोस में मुनीर खां, रहीस खां के घरों में तेज हवाओं के झोंको के साथ आग लग गई। जिसमें बर्तन, कपड़ा, अनाज समेत दो साइकिल जल गई। पीड़ितों के मुताविक 20 हजार का नुकसान का नुकसान हुआ है। फायर बिग्रेड को सूचना दी गई, लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों की मदद से आग की लपटों पर काबू पाया गया। वहीं तहसीलदार उमा शंकर त्रिपाठी के निर्देश से मनीष राठौर ने तिरपाल दिए गये।

### भाजपा बूथ अध्यक्ष का निधन

**हरगांव।** हरगांव विधान सभा के झरेखापुर मण्डल मे धरनाग नेवादा गांव के भाजपा बूथ अध्यक्ष बद्री प्रसाद के आकस्मिक निधन की व सुल्तानपुर गांव के भाजपा मंडल कार्य समिति सदस्य राजकुमार सिंह के पौत्र का सड़क हादसे मे निधन की सूचना के उपरांत बुधवार को धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा के पुत्र अनिमेष पटेल, झरेखापुर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने पहुंच कर शोक संतृप्त परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का दिलासा दिया। इस मौके धरनाग शक्ति केंद्र संयोजक यादवेंद्र सिंह, नौवा महमूदपुर शक्ति केंद्र संयोजक कौशलेंद्र सिंह, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बाबूराम, धरनाग के प्रधान अमित कुमार, पगुरोई प्रधान संदीप कुमार, अर्रो प्रधान विक्रम सिंह, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

### फार्मासिस्ट को दी विदाई

**सेउता।** विकासखंड रेउसा कस्बा अटल चैक रेउसा राजकीय पशु चिकित्सालय प्रांगण में बुधवार सेवानिवृत्त विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सालय में तैनात फार्मासिस्ट कैलाशचन्द कश्यप ने 41 साल सेवा दी। सभी ने फूल माला, अंग वस्त्र देकर फार्मासिस्ट को सम्मानित किया।

# आपसी विवाद में ईंट मारकर भाई की ली जान, दो घायल

▸▸ सबसे छोटा भाई फरार, मृतक की पत्नी ने हत्या का लगाया आरोप

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** तीन भाइयों के आपसी विवाद में एक भाई ने अपने बड़े भाई उसकी पत्नी सहित एक अन्य भाई को ईंट-गुम्मे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों को पुलिस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां, चिकित्सकों ने एक भाई को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

सदरपुर के सोंसा खाफा में मंगलवार की दोपहर राजेश (45) अपने भाई विजय (40) व आशाराम (35) पुत्र बनवारी के साथ बिलौली बाजार चौराहे पर मजदूरी करने गया था। दोपहर में वहां से तीनों शराब पीकर वापस लौटे तो रास्ते में सोसा नर्सरी के पास उनके बीच शराब के नशे में मारपीट हुई। घर पहुंचने पर दोनों भाइयों ने बड़े भाई राजेश को तख्त पर लिटा दिया। शाम को फिर आशाराम व विजय के बीच मारपीट में ईंट-गुम्मे चलने लगे। मारपीट में विजय, पत्नी सीमा व राजेश की पत्नी राजरानी (35) को चोटें आईं। मारपीट की सूचना पर डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराते हुए घायलों की हालत देखी। इस दौरान तख्त पर लेटे राजेश को पुलिस ने उठाने का प्रयास किया तो वह बेहोश मिला। आनन-फानन में पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने राजेश को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल विजय, राजरानी व सीमा का इलाज सीएचसी में चल रहा है। आरोपी मृतक का छोटा भाई आशाराम घटना के बाद से फरार है। मृतक की पत्नी राजरानी ने शराब के नशे में धुत आशाराम पर अपने बड़े भाई को ईंट-गुम्मों व लात-घूंसों से हमलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि दोपहर में तीनों ने एकसाथ शराब पीकर खाफा नर्सरी के पास मारपीट की थी। मौके पर पहुंची पुलिस घायलसें को लेकर सीएचसी महमूदाबाद लेकर आई थी जहां चिकित्सकों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया है। राजेश की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मृतक की पत्नी से बात करती पुलिस। अमृत विचार

# 21,651 युवा मतदाता पहली बार करेंगे मताधिकार का प्रयोग

▶ सीतापुर, धौरहरा व मिश्रिख लोकसभा सीट पर मतदान 13 को

अभिषेक सिंह, सीतापुर।

**अमृत विचार।** चुनाव भारतीय लोकतंत्र का व सुनहरा अवसर है जिसमें जनता स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करती है। नेताओं को साथ ही सभी नागरिकों को चुनाव का बेसब्री के साथ इंतजार रहता है। ऐसे में यह उत्सव उन मतदाताओं के लिए बेहद खास हो जाता है जो अपने मताधिकार का पहली बार प्रयोग करने वाले हों। इस बार सीतापुर लोक सभा सीट पर बड़ी संख्या में नए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

आंकड़ों के मुताबिक इस 2024 को लोक सभा चुनाव में सीतापुर सीट पर करीब 21651 नए मतदाता बने हैं। जिनकी उम्र 18 से 19 वर्ष है। यह मतदाता पहली बार अपने मताधिकार प्रयोग कर देश की सरकार चुनेने में अपना सहयोग देगें। जबकि अगर बात पूरे जिले की नौ विधान सभा सीटों की करी जाए तो इन युवा मतादाताओं की संख्या करीब 29621 है। चुनाव की तारीखों का जितनी बेसब्री से इंतजार नेता कर रहे हैं उससे कहीं ज्यादा बेसब्री इन युवा मतदाताओं में है। भारतीय लोकतत्र में पहली बार वह अपनी भागीदारी करने वाले है।



### किस विधानसभा में है कितने युवा मतदाता

निर्वाचन कार्यालय से जारी आंकड़ों पर नजर डालें तो सीतापुर लोक सभा क्षेत्र में आने वाली सदर विधानसभा सीट पर इस बार करीब 2509 नए युवा मतदाता बने हैं। जबकि हरगांव में 2250, लहरपुर में 4611, बिसवां में 4367, सेवता में 3015 और महमूदाबाद में 4899 नए युवा मतदाता बनाए गए हैं।

▸▸ नौ विधानसभा सीटों पर इस बार बढ़े हैं 29,621 युवा मतदाता

### महमूदाबाद विधानसभा में सबसे अधिक युवा मतदाता

पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं के आंकड़े पर अगर नजर डाली जाए तो इस बार सबसे अधिक नए मतदाता महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए हैं। महमूदाबाद में इस बार करीब 4899 नए युवा मतदाता बने हैं जोकि अन्य विधानसभा क्षेत्र में बने नए युवा मतदाता से ज्यादा है। यह सभी मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश की सरकार चुनने में अपनी भागीदारी निभाएंगें।

# घर से निकले व्यक्ति की गला रेतकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

### अपराध

▸▸ ग्रामीणों ने युवक का खून से लथपथ शव खेत में देखा

▸▸ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शुरू की छानबीन

**अमृत विचार।** खैराबाद थाना इलाके में मंगलवार की शाम घर से निकले अधेड़ व्यक्ति का खेत में खून से लथपथ शव देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। अधेड़ व्यक्ति की हत्या अज्ञात हमलवारों ने गला रेतकर किये जाने की आशंका परिजनों ने व्यक्त की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली नगर के मोहल्ला दुर्गापुरवा निवासी सुरेंद्र (44) वर्ष पुत्र मुन्ना लाल की गला रेतकर कर दी गई। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम वह घर से निकले जिसके बाद उनका कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार दोपहर खैराबाद इलाके के ग्राम नानकारी इलाके में एक अधेड़ व्यक्ति की गला रेता शव मिलने की सूचना पुलिस को ग्रामीणों ने दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक खैराबाद मय फोर्स मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक सुरेंद्र की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर गर्दन काटे जाने के निशान मिलें है। जिससे हत्या किये जाने की आशंका परिजनों ने जताई है। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया कि परिजनों की तरफ से तहरीर मिलते ही मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उपरांत स्थिति स्पष्ट होते ही आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### पांच साल बाद जरूर बदलवा दें गैस का पाइप


उपभोक्ताओं को पंफलेट देकर जागरूक करती सेल्स अधिकारी मोनिका।

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** सरकारी तेल कंपनियों और उनके वितरकों ने एलपीजी घरेलू गैस कनेक्शनों की बुनियादी सुरक्षा जांच नि:शुल्क करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में बुधवार को रामपुरकलां क्षेत्र के मां शांति इंडियन गैस एजेंसी बाबूपुर सरवा जलालपुर ने क्षेत्र में एलपीजी सुरक्षा पर लोगों को जागरूक करते हुए गैस हादसों से सचेत रहने व उनसे बचाव की जानकारी दी। सेल्स अधिकारी मोनिका की अगुवाई में कर्मचारियों ने कैंमा, पिपरा, परासपुर, जगदीशपुर, दहावा, न्योराजपुर, दहिया आदि स्थानों पर गैस, चूल्हा, पाइप एवं रेग्युलेटर की मुफ्त जांच की गई। सेल्स अधिकारी ने लोगों को अभियान के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि पांच साल में नियमित रूप से पाइप बदलवा देना चाहिए, क्योंकि इसमें दरार पड़ जाती है। जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने सिलेंडर लीक होने पर आपातकालीन नंबर 1906 डायल कर सूचना देने की अपील करते हुए गैस सुरक्षा के निर्देशों का पालन करने का सुझाव दिया है। प्रबंधक रविन्द्र प्रकाश ने बताया कर्मचारियों द्वारा घर–घर पहुंचकर लोगों को जानकारी दी जा रही है।

### शस्त्र फैक्ट्री के साथ अंतर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कानून व्यवस्था नियंत्रण रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिसवां पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान संलिप्त अंतर्जनपदीय अपराधी को भी गिरफ्तार करते हुए मौके से भारी मात्रा में निर्मित और अर्धनिर्मित शस्त्रों को बरामद किया है। संदना पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए शातिर अपराधी ओमकार पुत्र छोटकन निवासी कुम्हारनपुरवा थाना बिसवां को चंदनपुर नहर पुलिया से कोटरा जाने वाले खड़ंजे से आगे नहर के किनारे जंगल में टीले के पीछे खड्ड में नीम के पेड़ नीचे झाड़ियों की आंड में अवैध शस्त्र का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से पुलिस ने चार निर्मित,नौ अर्धनिर्मित अवैध शस्त्र,एक अद्धी, पांच जिंदा कारतूस और भारी मात्रा में अवैध शस्त्र निर्माण में सहायक उपकरणों को बरामद किया। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अंतर्जनपदीय अपराधी है। जिसके विरुद्ध चोरी, नकबजनी, मारपीट, छेड़छाड़, अवैध शस्त्र व अवैध शराब जैसे अपराधों के संबंध में जनपद सीतापुर सहित लखनऊ के विभिन्न थानों में लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

### वन्स मोर प्रोग्राम में देवेंद्र कश्यप के काव्यपाठ की रिकार्डिंग

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** ये समय चक्र चलता रहता जो कभी नहीं रुकने वाला, ये दौर तुम्हारा आया है फिर दौर हमारा आयेगा। इन पंक्तियों को कभी डॉ. देवेन्द्र कश्यप निडर ने लिखा था, मगर उनको ये नहीं मालूम था कि ये पंक्तियां कभी उनके ऊपर ही सटीक उतरेंगी। बताते चलें कि क्षेत्र के अल्लीपुर गॉंव निवासी डॉ देवेंद्र कश्यप निडर ने कम समय में साहित्य के उत्कर्ष को स्पर्श किया है। इस श्रृंखला में दूरदर्शन (डीडी यूपी) लखनऊ के लोकप्रिय प्रोग्राम वन्स मोर में श्री निडर के काव्यपाठ की रिकार्डिंग हुई। इस जनप्रिय प्रोग्राम में देवेन्द्र ने सामाजिक सरोकार, मताधिकार प्रयोग और शिक्षापरक विषयों पर केन्द्रित काव्यपाठ की प्रस्तुतियां दी हैं। श्री निडर के इसके अतिरिक्त कई बार आकाशवाणी लखनऊ सहित तमाम निजी चैनलों से आलेख, कहानी, कविता के कार्यक्रम प्रसारित हो चुके हैं। इन्होंने पर्वत पुरुष दशरथ मॉंझी के अभूतपूर्व संघर्ष पर केन्द्रित प्रबंध काव्य श्रमवीर को लिपिबद्ध किया है। जिसे पं. प्रताप नारायण मिश्र युवा पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया गया है। बाल चेतना पर केन्द्रित रचना काश! चिरैया हम भी होते को भी सृजित किया है। इसके अतिरिक्त अनेक स्फुट गीत, गजल, मुक्तक, छंद आदि का लेखन किया है। उप्र भाषा संस्थान लखनऊ और राज्य हिंदी संस्थान बनारस से भी सम्मानित हो चुके हैं। देवेन्द्र कहते हैं कि साहित्य लेखन विरासत में नहीं अपितु स्वयं की रुचि के कारण फलीभूत हो हुआ है। मुझे साहित्य का विद्यार्थी होने पर फख्र है।



वन्स मोर कार्यक्रम में रिकार्डिंग के बाद देवेंद्र कश्यप निडर। अमृत विचार

### लोकतंत्र और संविधान को बचाने का है चुनाव: शिवम



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सपा छात्र सभा जिलाध्यक्ष शिवम सिंह।

**सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी छात्र भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन व छात्र युवा संघर्ष समिति ने संयुक्त बैठक का आयोजन किया। जिसे छात्र पंचायत का नाम दिया गया। इस छात्र पंचायत में समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का है, अगर हम संविधान और लोकतंत्र को नहीं बचा पाए तो वोट का अधिकार खतरे में आ जायेगा। छात्र पंचायत में कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, शिशिर बाजपेई, राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष शोभित अवस्थी व आर्यन मिश्रा व तीनों दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# मजदूर हितों के आह्वान के साथ निकाली रैली



मजदूर दिवस पर संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले रैली निकालते मजदूर।

### विश्व मजदूर दिवस

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बे के नलकूप विभाग के निरीक्षण भवन परिसर में बुधवार को एक मई विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर संगतिन किसान मजदूर संगठन के द्वारा मजदूर हित के आह्वान को लेकर बैठक की गयी जिसके बाद विशाल रैली निकाली गई। मजदूर नेताओं के अगुवाई मे सैकड़ों की संख्या में मजदूर रैली में शामिल होकर मजदूर हित में आवाज बुलंद करते नजर आए।

रैली नलकूप विभाग के गेस्टहाउस से प्रारम्भ होकर नेरी मार्ग मेन चैराहा होते हुये हरदोई मार्ग से ब्लाक परिसर पहुची जहां पर 19 गांव के करीब 200 मनरेगा मजदूरों ने कार्य की मांग करते हुये डिमांड पत्र सौंपा। संगठन की ब्लाक प्रमुख रामबेटी ने कहा कि आज ही के दिन मजदूरों का आंदोलन रंग लाया था और मजदूरों ने आठ घंटे की ड्यूटी का नियम बनवाया था।

उसी को लेकर आज इस दिवस को खास तौर पर विश्व भर के मजदूर मनाते है, लेकिन वर्तमान में देश की केंद्र सरकार 12 घंटों का शिफ्ट लाकर मजदूरों के अधिकारों का हनन करने के प्रयास में है। जिसके खिलाफ भी आवाज बुलंद की जायेगी। इस मौके पर जमुना, बिटोली, शिवलाल, गगाराम, रामकिशोर, उत्तम, चंद्रभाल, अनीता, रामसुखी, आदि श्रमिक मौजूद रहे।

# बगैर अनुमति हो रहे प्रोगाम को बंद कराने गई पुलिस से अभद्रता

**कमलापुर।** मुंडन समारोह में बगैर अनुमति चल रहे डांस प्रोग्राम को बंद कराने पहुंची पुलिस टीम की आयोजकों से झड़प हो गई। पुलिस टीम ने कार्यक्रम आयोजकों और महिलाओं सहित 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

मंगलवार की देर रात क्षेत्र के मास्टर बाग में मुंडन संस्कार के अवसर पर बज रहे डीजे को बंद कराने गयी पुलिस से परिजनों की झड़प हो गई। वीर प्रताप के लड़के के मुण्डन संस्कार के अवसर पर गांव में स्टेज लगाकर डीजे पर नृत्यांगनाओं का डांस चल रहा था। तेज आवाज में डीजे बजने की शिकायत पर चौकी प्रभारी पीयूष सिंह हमराही फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर डीजे बंद करने को कहा। जिस पर लोग चौकी प्रभारी सहित फोर्स पर हमलावर हो गये। चौकी प्रभारी ने थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने मौके पर पहुंचकर कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने आकर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस ने मौके से गिरफ्तार राजेश, अनिल, सुरेश, मुकेश, सूरजभान, सत्य प्रकाश सहित अमित के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की है।

# दाउदपुर जंगल में लगी आग को बुझाने में जुटी दमकल टीमें

### साझा प्रयास

▸▸ ग्रामीण भी कर रहे हैं सहयोग, अज्ञात कारणों से लगी है आग

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के दाऊदपुर जंगल में अज्ञात कारणों के चलते भयानक आग लग गई जिसको बुझाने के लिए ग्रामीणों और दमकल टीमें लगी हुई हैं। पीरनगर गांव के करीब जंगल से लगी आग पछुआ हवा का रूख पाकर पूरब की तरफ बढ़ चली आनन-फानन में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी जिसपर पुलिस ने तुरंत फायर टीम को सूचना दी और मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और गांव व फसल को बचाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। फायर ब्रिगेड के क्षेत्राधिकारी सुभाष सिंह मौके पर पहुंचकर टीमों को निर्देश देते रहे। उन्होंने कहा कि आप सब गांव तक आग न पहुंचने दें। दमकल टीमें और पुलिस ग्रामीणों की मदद कर आग को जंगल के बाहर आने से रोक लिया गया है। खबर लिखे जाने तक जंगल में आग अभी भी फैली हुई है। आग पर काबू करने का प्रयास किया जा रहा है।


जंगल में लगी आग अमृत विचार

### आग से जलकर राख हुई 16 बीघा गेहूं की फसल

**लहरपुर।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अनिया कलां मजरा पूसूपुरवा में गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। लहरपुर क्षेत्र के ग्राम पूसूपुरवा में बुधवार को किसान सुखरानी पत्नी जगदीश की गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों की वजह से अचानक आग लग गई और तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। भारी संख्या में ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन हवाओं के सहारे आग ने सोहन व कल्लू पुत्र नजरू के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। भारी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू पाया नहीं जा सका। आग से किसान सुखरानी की 10 बीघा गेहूं की फसल, सोहन की तीन बीघा व कल्लू की तीन बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। सब कुछ जल जाने के बाद मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंची। एक अन्य आग लगने की घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महतनिया में घटित हुई जहां गांव के सुधांशु पुत्र दरबारी लाल के गन्ने की पेड़ी लगे खेत में अचानक आग लग गई ग्रामीणों और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक किसान सधांशु की चार बीघा गन्ने की पेड़ी जलकर नष्ट हो गई। ज्ञातव्य है कि तहसील मुख्यालय में एक ही मोटर फायर इंजन है जिस वजह से अग्निकांडों पर काबू पाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### प्रोत्साहन

महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हुईं खेल प्रतियोगिताएं

# जिस बूथ पर अधिक मतदान होगा, सहयोगी टीम होगी पुरस्कृत

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महिला खेलकूद प्रतियोगिता मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी को शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिस बूथ पर सर्वाधिक मतदान होगा, वहां की सहयोगी टीम को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।


मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

शटल दौड़ प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग की आरती प्रजापति, अपूर्वा पांडे, शगुफ्ता इकबाल, रचना पांडे, प्रतिभा यादव प्रथम बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की कल्पना मिश्रा, रंजन टंडन, नीतू भार्गव, सारिका सेठ, पूनम कनौजिया द्वितीय व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम की कुसुम लता, अर्चना, राजकुमारी, कंचन मिश्रा, रेखा तृतीय स्थान पर रहीं। पासिंग द बॉल प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग की वंदना तिवारी, रंजन मिश्रा, शैली सिंह, अर्चना, संगीता, प्रिया पांडे, अस्मिता सिंह, बबीता दुबे, इति श्रीवास्तव, सोनल वर्मा प्रथम रहीं। द्वितीय स्थान पर एनआरएलएम की विनम देवी, ललित गुप्ता, रेखा, संगीता यादव, वैशाली देवी, सुनीता देवी, रीना देवी, सरिता, शारदा, नेहा पांडे द्वितीय एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की रंजना टंडन, सारिका सेठ, कल्पना मिश्रा, पूनम कनौजिया, नीतू भार्गव, सुमन कुमारी, पट्टू कुमारी, नर्मदा अवस्थी, राम, नीलम पांडे तृतीय रहीं। हॉकी ड्रिबलिंग प्रतियोगिता में जूही उपाध्याय, प्रीति पांडे, प्रीती बारी, शुची सिंह, मोनिका गुप्ता प्रथम रही व एनआरएलएम की अदीब, भानु, सरस्वती, रेनू वर्मा, सरिता, प्रिया सिंह द्वितीय रही तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार की पूनम राजवंशी, शोभा देवी, अरुण लता, नीलम पांडे, शशि विजय तृतीय रही मेकअप प्रतियोगिता में बाल विकास परियोजना की कल्पना मिश्रा, नीतू भार्गव, रंजना टंडन, पूनम कनौजिया, सारिका सेठ प्रथम एनआरएलएम की अंजनी राजवंशी, प्रिया तिवारी, अंजली देवी, पूजा, विनीता द्वितीय रहीं।

# देश के बेहतर विकास के लिए करें मतदान

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बुधवार को मतदान संकल्प हस्ताक्षर पटल का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार ने पटल पर संदेश लिखकर एवं हस्ताक्षर करके किया।

हस्ताक्षर अभियान पटल का शुभारंभ करते हुए खण्डशिक्षा अधिकारी सिमी निगार ने कहा कि मतदान करना और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करना एक राष्ट्रीय कार्य है, शिक्षक अपने विद्यालय के सेवित क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से चलाएं,जिससे आगामी लोकसभा चुनाव 13 मई को मतदान के दिन शत-प्रतिशत मतदाता वोट करने के लिए निकलें। इस मौके पर संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि, प्रत्येक चुनाव में मतदान करना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने वोट का प्रयोग अवश्य करें, इससे न सिर्फ लोकतंत्र मजबूत होता है बल्कि देश और समाज का बेहतर विकास भी होगा। इस मौके पर शिक्षक रामपाल, मोहम्मद असद सिद्दीकी,राम कैलाश रस्तोगी, नूर सबा, अल्पना वर्मा, महफूज खां, राजेश कुमार वर्मा, संदीप कुमार, रामचन्द्र वर्मा, रेखा देवी, राकेश कुमार, सौरभ शुक्ला, सुनील तिवारी, प्रदीप कुमार आदि लोग मौजूद थे।



हस्ताक्षर पटल पर संदेश लिखती महिला व मौजूद बीईओ सिमी निगार। अमृत विचार

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च ।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या के ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं ।

## संपादकीय

# संघर्ष विराम का समय

गाजा में हर दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। राफा पर इजराइल के सैन्य हमले से संघर्ष में वृद्धि होगी और इसके कारण हजारों फिलिस्तीनी नागरिक मारे जाएंगे। शीघ्र ही अगर युद्ध विराम समझौता नहीं किया गया तो यह युद्ध गाजा में चौतरफा विनाश और भीषण परिणामों के साथ, पूरे क्षेत्र में और भी भयंकर नतीजों के साथ फैल जाएगा। गाजा में युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को उस समय भड़का था, जब हमास ने इसराइल के दक्षिणी इलाके में घातक हमला किया था जिसमें लगभग 1200 लोग मारे गए थे। उसके बाद इजराइली सैन्य हमलों में 34,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं और 73 हज़ार से अधिक घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर इजराइल और हमास से युद्ध विराम के लिए सहमति की अपील की है। गुटेरेस की यह अपील ऐसे समय में जारी की गई है जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए बातचीत चल रही है। उधर युद्ध विराम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बुधवार को इजरायल पहुंच गए हैं। हमास और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से एंटनी ब्लिंकन की यह सातवीं यात्रा है। उन्होंने इजराइली नेताओं से मुलाकात की। क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन इजराइल को गाजा पट्टी के एक हिस्से में बड़ा जमीनी हमला शुरू करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे, जहां फिलिस्तीनियों ने युद्ध के दौरान शरण मांगी थी।

इजराइल ने इजराइली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में अपने 33 बंधकों (महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारियों से पीड़ित) को रिहा करने के मध्यस्थों के सुझाव पर सहमति व्यक्त की है। जेलों में बंद इन फिलिस्तीनियों में से कई हत्या के मामलों में आरोपी हैं। ब्लिंकन और बिडेन के अन्य शीर्ष सहयोगी भी हमास से छह सप्ताह के संघर्ष विराम और कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में बंधकों को मुक्त करने के लिए एक समझौते पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं। वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। नवंबर में, हमास ने सात दिवसीय संघर्ष विराम के दौरान 100 से अधिक बंधकों को मुक्त कर दिया। वास्तव में अब और देरी नहीं कार्रवाई करने का समय आ गया है। क्योंकि कोई अन्य विकल्प नहीं है। अस्थायी संघर्ष विराम से स्थायी संघर्ष विराम हो सकेगा।

# आर्थिक उदारवाद से मध्यवर्ग की आकांक्षाओं को लगे पंख


डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी। कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए।

90 के दशक से ही निजीकरण के महिमा मंडन ने मध्य वर्ग को बेहद उत्साहित कर रखा था और दस वर्ष के मनमोहन काल में बढ़ी समृद्धि ने इस वर्ग की आकांक्षाओं को जैसे पंख लगा दिए थे। इन्हीं पंखों पर चढ़ कर कारपोरेट नेशनलिज्म ने अपनी ऊंची उड़ान भरी जिसे जमीन पर रेंगता आर्थिक रूप से निम्न तबका हसरत भरी निगाहों से ताकता रहा।

कारपोरेट नेशनलिज्म इसी तरह आता है जैसे भारत में आया। स्वप्नों को त्रासदियों में बदल देने वाले छद्म राष्ट्रवाद और पुनरुत्थानवाद की आड़ में मुनाफे का निरंकुश खेल, जिसमें राजनीति बंधक बन जाती है और लोकतंत्र जैसे किसी प्रहसन में तब्दील हो जाता है। चल रही व्यवस्था से नाराज लोगों को अच्छे दिनों के ख्वाब दिखाना, बेरोजगारी से त्रस्त समाज को नौकरी के सब्जबाग दिखाना, अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिलाना और जनता की तमाम जहालतों का ठीकरा व्यवस्था पर काबिज लोगों और उनकी नीतियों पर फोड़ना। इस तरह यह अपना रास्ता बनाता है।

इतना ही काफी नहीं होता। कारपोरेट नेशनलिज्म को अपने पांव पसारने के लिए एक ऐसे प्रायोजित नायक की जरूरत होती है जिसके छद्म छवि निर्माण से जनता को भ्रमित और चमत्कृत किया जा सके ताकि उसे लगे कि हमारा उद्धार करने वाला आ गया और कि हमें उसका खैर मकदम करते हुए अपने सिस्टम की चाबी उसे सौंप देनी चाहिए।

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

ऐसा दौर, जिसने भारतीय पत्रकारिता का घोर नैतिक पतन देखा, जिसने मध्य वर्ग की जटिल मानसिकता के भीतर की कुरूपताओं को उजागर किया, तथाकथित सवर्णों के बड़े हिस्से की सांप्रदायिक चेतना को उभारा और जिसने तथाकथित निचली जातियों के कई भ्रष्ट राजनीतिक ठेकेदारों के राजनीतिक चरित्र को खोल कर सामने रख दिया। सबसे महत्वपूर्ण कि इस दौर ने नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की परतों को उधेड़ कर रख दिया और हमें अहसास दिलाया कि अपने मुनाफे के लिए कारपोरेट का एक प्रभावशाली तबका किस कदर जन विरोधी हो सकता है।

कारपोरेट नेशनलिज्म ने निजीकरण को मुक्ति का मार्ग घोषित किया। हमारे देश के बिजनेस क्लास ने साबित किया कि मुनाफे की संस्कृति में अधिकाधिक लाभ कमाने के लिए वह नैतिक रूप से कितना नीचे गिर सकता है। अधिकाधिक मुनाफा कमाना, अधिकाधिक श्रम लेना, न्यूनतम वेतन देना। नीति निर्माण की प्रक्रिया पर अपनी पकड़ को निरंतर सख्त करता यह वर्ग अमानवीयता की हदों से गुजरता गया जहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत संरचनाओं पर उसके बढ़ते आधिपत्य ने एक पतित संस्कृति का निर्माण किया।

जब हम नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की बातें करते हैं तो हम इसके चरित्र को यूरोप और अमेरिका से अलग कर देखने की कोशिश करते हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक और पढ़े लिखे देशों में निजी उपक्रमों पर नियामक संस्थानों का कठोर नियंत्रण होता है और वे निर्धारित मानकों की उपेक्षा नहीं कर सकते। हमारे देश में ये उपक्रम तय मानकों को धता बताने में बिलकुल भी गुरेज नहीं करते। ऐसा हर क्षेत्र में है जिस कारण हमारे देश में निजीकरण संगठित लूट का एक माध्यम बन गया है। क्या कोई सोच सकता है कि यूरोप के पढ़े लिखे देशों के डिजाइनर प्राइवेट स्कूल हमारे देश की तरह बच्चों की स्तरीय शिक्षा से अधिक चिंता उनके ड्रेस और उनकी किताबों के माध्यम से अधिकाधिक मुनाफा लूटने पर करें?

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी।

कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए। हेल्थ स्ट्रक्चर में सरकारी निवेश से अधिक तवज्जो करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलाई जा रही बीमा योजनाओं के माध्यम से निजी सेक्टर को मुनाफा के अवसर देना इसी आर्थिक चिंतन का हिस्सा है।

हालांकि, कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका तक में सार्वजनिक हेल्थ बीमा के माध्यम से चिकित्सा प्रणाली की विफलता उजागर हो चुकी है। हमारे देश में तो उस दौर की दुर्दशा की याद अभी भी अधिक पुरानी नहीं पड़ी। लेकिन उस दुर्दशा के बावजूद न नीति निर्माताओं ने कोई सीख ली, न जनता ने।

कोरोना संकट ने साबित किया कि दुनिया के जिस भी देश ने स्वास्थ्य में सरकारी संरचना को मजबूती दी है वही इस महामारी का बेहतर तरीके से सामना कर सका। लेकिन, कॉर्पोरेट संस्कृति इन सीखों पर भ्रम का आवरण चढ़ाने में देर नहीं लगाती। कारपोरेट नेशनलिज्म जब एक बार किसी सिस्टम पर काबिज हो जाता है तो आसानी से इसके तंबू नहीं उखड़ते। जब तक यह बकरों के खून को चूस सकता है, जब तक यह मानवता को तहस नहस कर सकता है, तब तक अंतिम दम तक यह फन काढ़कर खड़ा रहता है। बहुत सारे लोग, जिनमें कुछ नामचीन चिंतक पत्रकार भी शामिल हैं, उम्मीदें लगाए हैं कि 2024 शायद इनका विराम बिंदु साबित हो। लेकिन, यह इतना आसान नहीं। कोई राजनीतिक दल या दलों का समूह तब तक इन्हें अपदस्थ नहीं कर सकता जब तक जनता इनके तंबुओं के बांस उखाड़ने पर आमादा न हो जाए। फिलहाल तो ऐसी अधिक उम्मीद नहीं।

नौकरी और अच्छे भविष्य, अच्छी अर्थव्यवस्था और अच्छे दिनों के आश्वासनों के पुल पर चढ़ कर आया, नेशनलिज्म और ठेठ सांप्रदायिकता को अपने औजारों की तरह यूज करते कारपोरेट राज को असल चुनौती किसी राजनीतिक दल से नहीं, जनता से ही मिलती है और इसके कनात तब उखड़ते हैं जब तक चतुर्दिक त्राहि त्राहि नहीं मच जाती और बिलबिलाती जनता विरोध में मुट्ठियां नहीं कस लेती। इतिहास इस तथ्य का साक्षी है। हालांकि बिलबिलाती जनता जब विरोध में मुट्ठियां कस लेती है तो झूठे स्वप्नों का आख्यान रचते, देश और जनता को ठगते सिस्टम के अलंबरदारों की कैसी दुर्गति होती है यह भी इतिहास अनेक उदाहरणों से हमें बताता है। लगता नहीं कि भारत के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अभी उस व्यामोह से बाहर निकल सका है जिसका वितान कारपोरेट नेशनलिज्म के सूत्रधारों ने रचा है। शायद अभी और फजीहतें बाकी हैं।

## प्रसंगवश

# विकास के अग्रदूत:श्रमिक


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जब बहुत बड़ा भार होता है, तब पांच-सात मजदूर मिल कर उसे खिसकाते हैं, उठाते हैं, खड़ा करते हैं और यथास्थान ले जाते हैं, तब वे एक स्वर में जिन शब्दों का उच्चारण करते हैं, वे शब्द मानो उनके जीवन की व्यथा-कथा हैं, विवशता और हिम्मत। निर्धन मजदूर का जीवन मानो इन शब्दों का ही आख्यान है -

पल्ले पर गई हे ईसा।/ कोई बात नहीं है हे ईसा।/ थोरी रह गयी हे ईसा।/ पार पकर लयी हे ईसा। जिन श्रमिकों ने सडकें बनायी हैं, समुद्र को पाटा है, पर्वतों को पीस कर खेत बनाए हैं, खानों में प्रवेश करके संपदा का दोहन किया है, अपनी जान हथेली पर लेकर बहुमंजिले महल बनाए हैं, जिनकी बदौलत उद्योग चल रहे हैं, वे श्रमिक ही विकास के अग्रदूत हैं, देश का असली निर्माण करने वाले तो वे श्रमिक ही हैं। परन्तु यह कैसी व्यवस्था है, यह कैसी विडंबना है कि इतने श्रम के बाद भी वे ही आवासहीन हैं, वे ही धनहीन हैं? उनका जीवन त्रासदियों से आकुल-व्याकुल है।

इन कमेरों के श्रम के बिना वह बाजार और बाजार की नियामक-शक्तियां, वह अर्थव्यवस्था, वे बैंक, वह पैसा उत्पादन नहीं कर सकता। निर्माण नहीं कर सकता। रक्षा नहीं कर सकता। बाजार की नियामक-शक्तियां सब मिल कर के भी बाजार को नहीं चला सकेंगी। श्रम के बिना बाजार नहीं चलेगा। यह अलग है कि श्रम अपने परिवेश और व्यवस्था में कितना सस्ता और कितना महंगा है। बाजार की शक्तियां मनुष्य की इस श्रम-शक्ति का यांत्रिक-विकल्प खोजती रहती हैं। बेरोजगारी जितनी अधिक होगी, श्रम उतना सस्ता होगा। उत्पादक को उत्पादन का लाभ न मिले और बिचौलिया मुनाफ़ा कमाए तो भला उत्पादन कैसे बढ़ेगा? प्राइवेट-स्कूल-कालेज हैं, अध्यापक और अध्यापिकायें पढ़ा रही हैं, उन्हें क्या मिल रहा है? दस हजार-पंद्रह -हजार? बाकी मुनाफा कौन ले रहा है? जो खेती कर रहा है, उसे क्या मिला? कितना मिला? बाकी मुनाफा किसे मिला? श्रमिक आधे पेट रहे और कारपोरेट का पेट फूलता जाय। इस विश्व बाजार-व्यवस्था में मनुष्य की श्रम शक्ति का महत्व दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। मनुष्य की महिमा घट रही है।

# अर्थव्यवस्था की वैश्विक चुनौतियां


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक पंडितों को धता बताते हुए भारत, वैश्विक अपेक्षाओं से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इसी के फलस्वरूप पूरी दुनिया अब भारत को निर्विवाद रूप से तेज़ी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था मान चुकी है। परंतु इसी के साथ अपने प्रतिस्पर्धी एवं पड़ोसी देश चीन के साथ अपनी तुलना करने पर हमें कुछ कठोर यथार्थ का भी सामना करना पड़ता है। आज नहीं तो कल वैश्विक मंच पर चीन को पछाड़ने के लिए हमें कठोर यथार्थ को स्वीकार करते हुए उन सभी मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां हम चीन से पीछे रह गए हैं। एक ओर जहां चीन की प्रति कैपिटा इनकम 12 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक है। तो वहीं दूसरी और भारत की प्रति कैपिटा इनकम मात्र 2200 अमेरिकी डॉलर है। एक तरफ चीन ने अपने देश से गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। तो वहीं दूसरी और भारत में गरीबी एक यक्ष प्रश्न है। देश की आजादी के समय भारत की स्थिति चीन से काफी बेहतर थी किंतु भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में हुई कुछ भारी गलतियों के कारण हम चीन से विकास की रफ्तार में बहुत पीछे छूट गए थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है। सभी आयात एवं निर्यात संबंधी गणना को 'बैलेंस ऑफ पेमेंट' के नाम से जाना जाता है। इसमें दो तरह के खाते होते हैं। जिसमें से पहला 'कैपिटल अकाउंट' और दूसरा 'करंट अकाउंट' के नाम से जाना जाता है। 'कैपिटल अकाउंट' में वह सभी ट्रांजैक्शन (लेन-देन) दर्ज होते हैं जो कि किसी दीर्घकालिक संपत्ति (एसेट) या फिर उत्तरदायित्व (लायबिलिटी) से संबंध रखते हैं। उदाहरण स्वरुप कोई कर्ज लेना एक लायबिलिटी है। तो कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एसेट का निर्माण करता है। इसके इतर 'करंट अकाउंट' वह खाता है जहां दर्ज किए गए ट्रांजेक्शन किसी एसेट अथवा लायबिलिटी से संबंध नहीं रखते हैं। यह करंट अकाउंट दो भागों में विभाजित हो जाता है। पहला 'ट्रेड अकाउंट' जिसमें सभी वस्तुएं जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, कृषि संबंधित उत्पाद आदि शामिल रहते हैं। तथा दूसरा 'इनविजिबल अकाउंट' जिसमें सेवाएं, लाभांश, दान, उपहार, ब्याज आदि को दर्ज किया जाता है।

यदि करंट अकाउंट के इन्हीं ट्रेड एवं इनविजिबल खातों का कुल योग ऋणात्मक होता है, तो इसे 'करंट अकाउंट डेफिसिट' बोला जाता है। यही करंट अकाउंट डेफिसिट भारत की लगभग स्थाई समस्या बन चुकी है। आसान शब्दों में इसे समझें तो भारत लंबे समय से आयात की अपेक्षा निर्यात कम कर रहा है। और हम विश्व मंच पर एक आयात प्रधान देश बन कर रह गए हैं। केंद्र सरकार इस क्षेत्र को गंभीरता से लेते हुए अपने दूरगामी लक्ष्य पर जिस प्रकार से कार्य कर रही है, उसी का परिणाम है कि हमारा करंट अकाउंट डिफिसिट कम होने की ओर अग्रसर है। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत का चालू खाता घाटा अप्रैल-सितम्बर 2022 के 48.8 बिलियन डॉलर के मुकाबले आधे से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 17.5 बिलियन डॉलर का हो गया है। परंतु इस घाटे से उबर कर 'सरप्लस अकाउंट' बनने में अभी समय लगेगा।

भारत के साथ अच्छी बात यह है कि साल दर साल हमारे चालू खाते का घाटा देश के कैपिटल अकाउंट के सरप्लस से बैलेंस हो जाता है। और इस तरह से भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व लगातार मजबूत होता रहता है। परंतु कैपिटल अकाउंट को मजबूती विदेशी निवेश तथा कर्ज से मिलती है और इसलिए बहुत हद तक इस पर वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थितियों का नियंत्रण होता है। मंदी की चपेट में आते ही किसी देश का कैपिटल अकाउंट सरप्लस खत्म हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत के लिए अत्यंत आवश्यक खनिज तेल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व प्राकृतिक गैस के आयात पर संकट उत्पन्न हो सकता है। और इस संकट का अर्थ है देश में गंभीर स्थितियां पैदा होना। साथ ही कैपिटल अकाउंट का मूल्यवर्धन होने का अर्थ लाभ ब्याज एवं डिविडेंड के रूप में पैसा बाहर जाना भी होता है। इसलिए कैपिटल अकाउंट के बढ़ने से यदि विदेशी मुद्रा कोष बढ़ रहा है, तो इसे स्वस्थ दृष्टिकोण नहीं माना जाना चाहिए। इसका अर्थ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला यह उपकरण भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। भारत का बड़ा ऊर्जा आयातक होना इस घाटे में बड़ा रोल अदा करता है।

## सोशल फोरम

# हर मजदूर का एक मालिक


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है?

हर मज़दूर का एक मालिक होता है। मालिक एक निश्चित तनख़्वाह के एवज में यह तय करता है कि मजदूर क्या करेगा, क्या नहीं करेगा, कब करेगा। मालिक खुद काम नहीं करता वो काम करवाता है। मालिक बात मनवाता है और मज़दूर बात मानता है। मालिक मन की बात करता है, मज़दूर सुनता है। मालिक की मर्ज़ी, चाहे जब उठे, चाहे जब सो जाए। जब मर्ज़ी हो मज़दूरों की तरफ देखे जब चाहे अनदेखा कर दे। पर मज़दूर को इस बाबत बुरा मानने का हक नहीं होता। पर ना मज़दूर की गति मालिक के बिना, और ना मालिक की हैसियत मज़दूरों के बिना। दोनों लड़े झगड़े या शांति से रहें, इन्हें साथ रहना ही होता है।

पर मालिक होता है चतुर। चतुर है इसीलिए मालिक है। बहुत बार वो मजदूर की तरफ़ मुस्कुरा कर निहार लेता है। पीठ थपथपा देता है, हाल चाल पूछ लेता है बच्चों के। मज़दूर इतने भर में निहाल हो जाते हैं और चतुर मालिक इसके एवज़ में मज़दूरों से वो सब भी करवा ले जाता है जिसे बेगार कहते हैं।

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है? उसे क्या चाहिए। इसके बदले में मुस्कुराती है सभी को देखकर और यदा कदा पप्पियों से नवाजती है। मजदूर राजी हैं इस तनख़्वाह से और मजे की बात यह कि काम के घंटे तय न होने के बावजूद राजी हैं। चूंकि मालिक मिलनसार और खुशमिजाज है, इसलिए वो उसकी हर ख़्वाहिश को सिर माथे पर लेने के लिए तैयार बने रहते हैं। मालिक मज़दूर दोनों एक दूसरे से खुश हों ऐसी व्यवस्था अमूमन होती नहीं। पर हमारे घर में है। और इस व्यवस्था के चलते सब राजी खुशी हैं और अमन चैन कायम है।

-फेसबुक वॉल से

# ढंग से जीने की आजादी देता है संविधान


हफीज किदवई
लेखक

इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है।

अगर कोई आपको पकड़ कर कहे कि चलो उठो, तुम्हें फ़लाने नेता को खून देना है। तो आप उसे किस अधिकार से मना कीजिएगा। यही नहीं अगर कोई अधिकारी कह दे कि आपकी किडनी निकालकर फ़लाने को लगा दी जाए। तो आपके पास ऐसी कौन सी ताक़त है, जो यह करने से रोकिए।

अच्छा अगर कोई कहे कि सुबह आपको नाश्ते में पोहा, दोपहर खाने में बाटी चोखा और रात को हल्का खाना ढोकला ही खाना है। इसके अतिरिक्त कुछ नहीं खाया जा सकता, पीने के केवल दो विकल्प हैं, सत्तू या फिर पानी, बाकी कोई सॉफ्ट ड्रिकन नहीं पी सकते हैं। तो ऐसा करने से मना करने की कौन सी ताक़त है आपके पास। अच्छा यह भी छोड़िए, अगर कोई आपसे कह दे कि आप सिर्फ फ़लाने तरीके की लड़की या लड़के से ही शादी कर सकते हैं। कोई दूसरे से नहीं, या फिर आप प्रेम सिर्फ अपने ही धर्म, मज़हब या फिर कॉलोनी में कर सकते हैं, तो वह कौन सी ताकत है, जिससे आप इस पाबंदी से निपटेंगे। मसला यह है कि आप जो रोजमर्रा की ज़िंदगी जीते हैं, अगर इसमें कोई अपना ज़बरन हस्तक्षेप करे, तो वह कौन सी ताक़त है, जो इसे रोकेगी।

जानते हैं यह ताकत क्या है। यह है हमारे देश का संविधान। इसमें लिखी हमारे अधिकार और कर्तव्यों की वह लाइन है, जो ऐसा हर काम करने से रोकती है यह है हमारी ताक़त। हमारे संविधान ने हमें दैहिक स्वतंत्रता दी है। इसलिए कोई भी,कभी भी, खड़ा होकर हमारी नसों से खून नहीं निकलवा सकता है, हमारी किडनी नहीं छीन सकता है, हमारी गाड़ी नहीं उठवा सकता है, हमारे खानों को सीमित नही कर सकता है, हमारे मनोरंजन पर पहरा नहीं बैठा सकता है।

लोग संविधान को केवल आरक्षण जैसे विषयों पर ही लाकर ख़त्म कर देते हैं। आरक्षण तो सिर्फ़ एक मामूली हिस्सा है, असली बात तो यह है कि हमारा संविधान, हमें, हमारे ढंग से जीने की आज़ादी देता है। अगर यह नहीं होगा, तो कोई भी ताकतवर आपको पकड़कर चार यूनिट खून ले लेगा और कोई अधिकार न होने पर, आप सिर्फ खून देंगे और रोएंगे। इसलिए ज़रूरी है संविधान, इसलिए ही बात हो रही है कि इसे बचा लो। आरक्षण के पन्ने से ज़्यादा यह बात महत्वपूर्ण है, जिसपर बात ही नहीं हो रही।

अभी वैक्सीन का तमाशा बाहर आया है। जानते हैं सुप्रीम अदालत में हुक़ूमत ने क्या कहा है कुछ रोज़ पहले, यही की उसने कभी भी वैक्सीन लगाना अनिवार्य नहीं किया था। यानि वैक्सीन वैकल्पिक थी। यह जानते हैं किस डर से कही गई बात है। संविधान का डर, क्योंकि वह ज़बरदस्ती से रोकता है। जबकि आपको पता है कि हर जगह पर वैक्सीन लगवाना अनिवार्य ही था मगर यह विभागीय स्तर पर हुआ था। हमारा संविधान इतना ही शक्तिशाली है कि उसमें हर कमज़ोर के लिए ताकत रखी गई है।

आपको हमेशा लगता होगा कि आप बड़े ताकतवर हैं। आपको संविधान की ज़रूरत ही क्या है। संविधान हमारी ज़िंदगी मे क्या ही रोल निभाता है। यह तो दलित और अल्पसंख्यक के लिए है। मगर जब कभी आप कमज़ोर पड़ते हैं, डॉक्टर के आगे, वकील के आगे, पुलिस के आगे, अधिकारी के आगे, दबंग के आगे, नेताओं के आगे,तब यही संविधान होता है, जो आपकी ताक़त बनकर इनका मुकाबला करता है। यह सिर्फ कुछ पन्नों की किताब नहीं है, इसकी अहमियत समझिए ।

यहां कोई यह नही कह सकता है कि फलानी कुर्सी पर सिर्फ काले रंग के लोग बैठेंगे। कोई यह नही कह सकता कि इस नल से केवल गोरे लोग पानी पिएंगे। यहां केवल छोटे कद के लोगों का इलाज होगा। यहां सिर्फ लंबे कद के लोगों की सुनवाई होगा। यहां हमारा संविधान हमें रंग, कद, वज़न, लिंग, धर्म, जाति, वर्ग से बराबर करता है और कुछ लोग कहते हैं मसला केवल आरक्षण है।

ज़रा ग़ौर कीजिये। संविधान नहीं रहेगा, तो सिर्फ आरक्षण ही नहीं जाएगा, बहुत कुछ जाएगा और नया क्या आएगा, आपको और हमें नहीं पता। इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है। इस बात की गंभीरता को समझिए। देश के संविधान का सम्मान कीजिए।

# बिहार: सनातन और कानून तार तार


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में सनातन धर्म और संस्कृति की झंडाबरदार भाजपा सरकार है। बिहार में कुछ दिन पहले तो उसके मुखिया नीतीशकुमार कथित 'सेकुलर' पाले में थे और विशेष अवसरों पर पल्लेदार मुस्लिम टोपी भी लगा लेते थे, किंतु अब, जैसा कि वे कहते हैं, उनका स्थायी ह्रदय परिवर्तन हो गया है और वे भाजपाई खेमें में ही हमेशा रहेंगे। ऐसे में बिहार को भी भगवा मान लेना समीचीन होगा। वहां भाजपा का सत्ता में साझा है और उसके दो उप मुख्यमंत्री भी हैं। ऐसा होते हुए भी वहां हो रही घटनाएं विचलित कर देने वाली हैं, क्योंकि उनसे सनातन धर्म सांसें तोड़ रहा है और कानून की धज्जियां उड़ रही हैं। यहां के बांका जिले के सदर थाना क्षेत्रांतर्गत हिरमोती गांव में एक दामाद का अपनी सास से विवाह संपन्न हो गया। सिकंदर यादव का विवाह ढाई दशक पहले दिलेश्वर और गीता दंपति की बेटी के साथ हुआ था, जो दो बच्चों को जन्म देने के बाद परलोक सिधार गई। सिकंदर ने अन्यत्र शादी कर ली, लेकिन पटी उससे भी नहीं और तलाक़ हो गया। इस बीच सिकंदर का पहले वाली ससुराल आना जाना बना रहा और 45 वर्षीय सास गीता से प्रेम हो गया। प्रेम उभय पक्षीय था। बात बढ़ी और एक दिन ससुर ने दोनों को गलत हालत में देख लिया। पंचायत बुलाई गई। दोनों की पेशी हुई। दोनों ने परस्पर प्रेम प्रसंग को स्वीकारा। तब ससुर सहित सबने दोनों के विवाह का निर्णय लिया। लोग बुलाए गये और डंके की चोट पर दामाद ने सास की मांग में सिंदूर डाला और विदा कराकर अपने घर ले गया। यही नहीं, इस विवाह का प्रशासन तंत्र में पंजीकरण भी हुआ। क्षेत्र में खूब चर्चा हुई।

सनातन धर्म के सिद्धांतों और लोकमान्य संस्कृति के अनुसार यह विवाह घृणास्पद और गर्हित है। सास धर्म-माता होती है। अंग्रेज भी इसे 'मदर-इन-ला' कहते हैं, यानी विधानतः माता। तथ्य यह भी है कि कानून भी ऐसे विवाह की अनुमति नहीं देता। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 को धारा 11 के साथ पढ़ने पर स्थिति साफ हो जाती है। कुछ रिश्तों में शादियां वर्जित हैं, जैसे मां बेटा, भाई बहन, ससुर बहू आदि इनमें सास और दामाद भी है। इसके अलावा जिन दो का विवाह हो रहा हो, यदि उनमें किसी का जीवन साथी जिंदा है, तो बिना तलाक़ हुए विवाह नहीं हो सकता। ज्ञातव्य है यह विवाह अवैध होने के कारण धारा 494 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 7 वर्ष की सजा से दंडनीय है।

बिहार के सनातन धर्म के ध्वज वाहक कहां हैं? इन दिनों भाजपा 'मंगलसूत्र' को भी चुनावी मुद्दा बना रही है। तो क्या 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मोदी-नीतीश एक एक महिला को दो दो मंगल सूत्रों से सज्जित कर देंगे? यानी जीवित पतियों वाली नारियों के अमर्यादित विवाह होने देंगे?

# राष्ट्रपति ने 30 मिनट में 51 बार सरयू को किया प्रणाम

51 बटुकों और तीन आचार्यों ने 2100 बत्ती की कराई आरती, भावुक और भावविह्वल दिखीं राष्ट्रपति

## सरयू की साधना में लीन दिखीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पूजन अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच की आरती

अयोध्या कार्यालय


सरयू जी की आरती उतारती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। अमृत विचार


हनुमानगढ़ी पर बजरंगबली के दर्शन करतीं राष्ट्रपति। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरयू की जलधारा में अस्ताचल की ओर प्रस्थान करते सूर्य के प्रतिबिंब के बीच बुधवार शाम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ 5:58 पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरयू तट पर अपने पग धरे। सरयू तट पूरी श्रद्धा के साथ 5:58 से 6:28 बजे तक सलिला सरयू की साधना में लीन रहीं। 30 मिनट की इस अवधि के दौरान उन्होंने करीब 51 बार सलिला सरयू को प्रणाम करते हुए अपनी आस्था व्यक्त की। केवल इतना ही नहीं सरयू अभिषेक पूजन के बाद करीब दो मिनट तक वहीं कुर्सी पर बैठ अपलक सरयू लहरों को निहारतीं रहीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी पूरी के साथ पूरी तरह से अपने आध्यात्मिक प्रवास पर बुधवार शाम चार बजे रामनगरी पहुंचीं थीं। हनुमानगढ़ी में हनुमंतलला के दरबार में श्रद्धा निवेदित करने के बाद कुछ देर नयाघाट गेस्ट हाउस में विश्राम किया। इसके बाद सरयू तट पर आरती स्थल पर पहुंची। यहां सबसे पहले सरयू अभिषेक पूजन प्रारम्भ हुआ। तीन आचार्यों में से एक वरिष्ठ आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच अभिषेक पूजन प्रारम्भ कराया। शाम 5:59 से 6:11 बजे तक चले अभिषेक पूजन के दौरान राष्ट्रपति ने पुष्प, दूध और लाल चुनरी सरयू में अर्पण की। अभिषेक पूजन में राष्ट्रपति की तल्लीनता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह रामनामी ओढ़े धूप-बत्ती और अन्य पूजन विधियां बिना एक क्षण रुके करतीं रहीं। कल-कल करती सरयू और लहरों के अनहद के बीच सूर्य देवता अस्ताचल हुए तो चंद्रमा की छाया ने सरयू में स्थान बनाया।

अभिषेक पूजन के बाद दो मिनट तक राष्ट्रपति वहीं कुर्सी पर विराजमान होकर सरयू को निहारतीं रही। खास बात यह है रही कि इस दौरान राज्यपाल और मंत्री समेत उनके सुरक्षा कर्मी वहां से हट ऊपर आरती स्थल की ओर चले गए। इसके बाद राष्ट्रपति पांच कलश से सुसज्जित आरती स्थल पर पहुंची और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरती प्रारम्भ हुई। 6:15 से 6:27 तक उन्होंने पूरी श्रद्धा से सरयू की आरती की। उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी सहभागिता की। आरती के बाद राष्ट्रपति ने कुछ क्षण आचार्य से बात की। इसके बाद रामलला के दर्शन के लिए प्रस्थान किया। सरयू आरती समिति के अध्यक्ष शशिकांत दास ने बताया कि आज के इस विशेष पूजन के दौरान 51 बटुक वैदिक और तीन आचार्य वेदक ध्वनि, स्वस्तिवाचन से पूजन अर्चन किया गया। 2100 बत्ती की आरती उतारी गई। उन्होंने बताया कि आरती के पूर्व राष्ट्रपति द्वारा षोडशोपचार से पूजन किया। जिसमें वैदिक परंपरा के मुताबिक चुनरी अर्पित की गई और दूध, दही, पंचामृत, मेवा अभिषेक किया।

### राष्ट्रपति के दर्शन पूजन के जरिए ट्रस्ट ने दिया जवाब

**अयोध्या कार्यालय।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित न किए जाने की बात कहने वालों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जवाब दे दिया। देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति ने बुधवार को गर्भगृह में श्रीराम लला के करीब पहुंच दर्शन-पूजन किया। गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रधानमंत्री के अलावा अर्चक ही पहुंचे थे। राष्ट्रपति के दौरे के समय राहुल गांधी के उस बयान की चर्चा भी सुनने को मिली। जिसमें उनकी ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्राण प्रतिष्ठा में न बुलाए जाने की बात कही थी। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राष्ट्रपति के आगमन और दर्शन-पूजन के जरिए इसका व्यावहारिक जवाब दिया। राष्ट्रपति को विशेष व्यवस्था के तहत गर्भगृह में श्रीविग्रह के समीप ले जाया गया। जहां केवल अर्चक ही पहुंचते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रधानमंत्री पहुंचे थे।

### देव नदियों में सरयू प्रथम नदी, आज मुझे दर्शन का सौभाग्य मिला

अभिषेक और आरती के बाद सरयू आरती समिति के अध्यक्ष शशिकांत दास ने बताया कि राष्ट्रपति ने आरती के बाद उनसे अपनी भावना को व्यक्त करते हुए कहा ' मुझे अभी रामलला के दर्शन करने हैं नहीं तो मैं अभी और कुछ देर यहां रहती। अध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान वह भावुक भी हुई और कहा कि देव नदियों में सरयू प्रथम नदी है। जिसके दर्शन का सौभाग्य मुझे मिला है।

### सरयू तट पर राष्ट्रपति, रामपथ पर आस्था का आवेग

राष्ट्रपति के आगमन पर भी कुछ अलहदा दृश्य नहीं था। राष्ट्रपति जब हनुमानगढ़ी के दर्शन के बाद गेस्ट हाउस में विश्राम कर रहीं थीं तब रामपथ पर श्रद्धालुओं का सैलाब था। रामलला के दर्शन के लिए आतुर श्रद्धालुओं से पटे रामपथ पर बस उतनी देर यातायात प्रतिबंधित किया गया, जितनी देर राष्ट्रपति का आवागमन होना था। यह अलग बात है कि उदया चौराहे से लेकर चौतरफा बैरिकेडिंग रहीं लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने कोई जबरदस्ती नहीं दिखाई। ऐसे ही सरयू तट से राष्ट्रपति के जाने के 20 मिनट बाद आम श्रद्धालुओं को नयाघाट पर प्रवेश दिया गया।

### मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

- 5:58 पर सरयू तट पर पहुंचीं राष्ट्रपति।
- 5:59 पर सरयू अभिषेक पूजन किया प्रारम्भ।
- 5:59 से 6:11 बजे तक सरयू अभिषेक पूजन किया।
- 6:11 से 6:12 बजे तक कुर्सी पर बैठ सरयू निहारती रहीं।
- 6:13 से 6:27 बजे तक 2100 बत्ती की आरती की।
- 6:27 से 6:28 एक मिनट तक आचार्यों व बटुकों से बातचीत की।
- 6:28 पर राष्ट्रपति ने रामलला के दर्शन के लिए प्रस्थान किया।


अयोध्या एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, कृषि मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया।


एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का हाथ जोड़कर का स्वागत करते मंडलायुक्त गौरव दयाल।

### राष्ट्रपति का एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अयोध्या एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नितीश कुमार ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। मंदिर परिसर में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, गोपाल जी, पुजारी सत्येन्द्र दास ने राष्ट्रपति व राज्यपाल का स्वागत किया।


दर्शन के उपरांत राज्यपाल, ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रपति।


सरयू नदी में दुग्धाभिषेक करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।


राम मंदिर में राष्ट्रपति को मंदिर मॉडल भेंट करते ट्रस्ट सदस्य।

### स्वागत के लिए सरयू तट पर रेड कार्पेट

बेटी के साथ अयोध्या की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत के लिए सरयू तट पर आरती स्थल की सीढ़ियों पर रेड कार्पेट बिछाया गया था। फूलों से सजे आरती स्थल पर गेंदों और गुलाब की लड़ियों का तोरण द्वार बनाए गए थे। राष्ट्रपति के आगमन से एक घंटे पहले ही नयाघाट पर भजनों की गूंज होती रही। आरती स्थल पर पीताम्बर वस्त्रों में 51 बटुकों की उपस्थिति भी आकर्षण का केंद्र बनी रही।

### श्रद्धालुओं में दिखी राष्ट्रपति की एक झलक पाने की ललक

राष्ट्रपति के अयोध्या प्रवास के दौरान अयोध्या धाम में मौजूद श्रद्धालुओं में भी राष्ट्रपति की एक झलक पाने की ललक दिखी। लता मंगेशकर चौक पर गुजरात से आए भीखम भाई और उनकी पत्नी शुभि ने कहा कि हम लोग भी राष्ट्रपति को देखना चाहते थे। बीकानेर से आए रमेश सिंह ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री आए उसके बाद राष्ट्रपति यह अयोध्या के बदलाव का प्रतीक है। सहारनपुर से परिवार के साथ रामलला के दर्शन के लिए आए शत्रुघ्न चौधरी ने भी कहा कि रामलला भव्य मंदिर में विराजमान है तो सभी श्रद्धा निवेदित करने आ रहे हैं। यह बड़ी बात है। अयोध्या धाम विश्व की धार्मिक नगरियों में उच्चतम स्थान पर पहुंच गई है। वहीं रामपथ पर भी श्रद्धालुओं में राष्ट्रपति को देखने की आतुरता दिखी। जब रामलला के दर्शन के लिए राष्ट्रपति जाने लगी तो सड़क के किनारे लोग जमा रहे।

### ग्रीन रूम में देखा राम मंदिर निर्माण का प्रजेंटेशन

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या पहुंची राष्ट्रपति ने बुधवार को श्रीराम मंदिर निर्माण का प्रजेंटेशन को देखा। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रीराम जन्म भूमि परिसर में बनाए गए ग्रीन रूम में इसकी व्यवस्था कराई थी। वह ग्रीन रूम में लगभग 15 मिनट तक रहीं। सूत्रों के मुताबिक ट्रस्ट ने श्रीराम मंदिर निर्माण की शुरूआत से अब तक कराए गए कार्यों के प्रजेंटेशन की व्यवस्था की थी। इसके लिए निर्माण करने वाले इंजीनियरों को लगाया गया था। यहां मंदिर के क्षेत्रफल को दर्शाया गया था। मंदिर की नींव खुदाई से लेकर कैसे-कैसे निर्माण कराया गया। इसमें कितने दिन लगे और किन वस्तुओं का निर्माण में इस्तेमाल किया गया। यह सभी जानकारियों को दर्शाया गया था। इससे जुड़े लोगों ने राष्ट्रपति को विस्तार से जानकारी दी गई। अभी मंदिर निर्माण में कितने लगेंगे। इसकी भी जानकारी दी। इस दौरान इंजीनियरों के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे।

# लहरपुर में आज गृहमंत्री करेंगे चुनावी जनसभा

**सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड लहरपुर में आज गृह मंत्री अमित शाह चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी साथ में रहेंगे। अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता से लेकर जिले के अफसरों की टीम ने बुधवार देर शाम तक कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। डीएम-एसपी ने सभा स्थल का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मालूम हो कि तहसील के निकट पक्का तालाब तीर्थ के सामने राजनाथ सिंह मैदान पर 2 मई बृहस्पतिवार को गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया गया है। भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क कर लोगों को सभा को सफल बनाने की अपील करते हुए नजर आये। बुधवार को डीएम अनुज सिंह, एसपी चक्रेश मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, पार्किंग व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सीएमओ डॉक्टर हरपाल सिंह, एएसपी डॉक्टर प्रवीन रंजन सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी मिथिलेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


गृहमंत्री अमित शाह। अमृत विचार

### विधानसभा चुनाव में सपा ने जमाया था कब्जा

लहरपुर विधानसभा में 2017 से बीते 2022 के कार्यकाल में बीजेपी ने अपना कब्जा जमाया था। बीते 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले की नौ विधानसभा सीटों में से लहरपुर विधानसभा सीट पर भाजपा को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था।


तैयारियों के संबंध में निर्देश देते एसपी चक्रेश मिश्र, साथ में मौजूद डीएम अनुज सिंह।

### गृहमंत्री के आगमन की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**सीतापुर, अमृत विचार।** गुरुवार को गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। स्थानीय तहसील के निकट पक्का तालाब तीर्थ के सामने राजनाथ सिंह मैदान पर दो मई बृहस्पतिवार को गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं, भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा पूर्व विधायक सुनील वर्मा एवं कार्यकर्ता व पदाधिकारी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क कर लोगों को सभा को सफल बनाने की अपील कर रहे हैं। वहीं ऐसी चिलचिला की धूप में कार्यक्रम को सफल रूप देने के लिए पुरजोर मेहनत में जुटे हुए हैं। बता दें बुधवार को जिला अधिकारी अनुज सिंह पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए, इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, पार्किंग व अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर प्रवीन रंजन सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी मिथिलेश कुमार, अपर जिला अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, उप जिलाधिकारी अनिलकुमार रस्तोगी, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र पुरी, राजेश्वर रस्तोगी, रामे बाजपेई, मनोज गुप्ता, विशाल कपूर, निखिल मेहरोत्रा, महेंद्र अवस्थी, प्रधान विवेक शुक्ला उर्फ पोनू आदि उपस्थित थे।

# समाज का दिशा निर्देशक होता है चिकित्सक : डॉ. नीरज

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ पूर्वी के विधायक डॉ नीरज बोरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई कार्यक्रम में चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. यूसी दीक्षित भी बैठक में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉक्टर नीरज बोरा ने कहा कि चिकित्सक समाज का महत्वपूर्ण अंग होने के साथ-साथ समाज का दिशा निर्देशक भी होता है जिस प्रकार लोग अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सक की सलाह मानते हैं। चिकित्सा प्रकोष्ठ से जुड़े सभी चिकित्सकों को 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को सरकार करने के लिए अपनी संपूर्ण ऊर्जा लगानी है जिससे भारत संपूर्ण विश्व में अपना शीर्ष स्थान प्राप्त कर सके।

# भाजपा सरकार में अंधकार में युवाओं का भविष्य: आनंद


महिलाओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील करते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया।

**महोली/सीतापुर, अमृत विचार।** धौरहरा संसदीय क्षेत्र की महोली विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क के दौरान सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने डबल इंजन की सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि यह कैसी सरकार है, यहां पेपर लीक हो रहे हैं। एक-दो नहीं बल्कि एक दर्जन परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर भी लीक हो गया। 60 लाख नौजवानों का जीवन अंधकार में डाल दिया है। परीक्षा देकर घर पहुंचते है तो पता चलता है कि परीक्षा निरस्त हो गई।

क्षेत्र के नरहरा, मदनियां, बसवैं, कुसैला, सेमरावां, पिपरावां, बंजरिया, मूड़ाहूसा, बसारा, भेरूकहा गोड़वा आदि गांवों में आयोजित जन सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और भाजपा के लोगों को यह समझना चाहिए कि सपा परिवार संघर्ष का परिवार है। भाजपा का परिवार झूठ बोलता है।

### सार-संक्षेप

#### झूठे वादे कर दो बार जनता को ठग चुकी है सरकार: नरेंद्र

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** पूरे जनपद में आज तक एक भी चिमनी नहीं लगी। युवा बेरोजगार घूम रहा है। मोदी सरकार देश की जनता को दो बार झूठे वायदे देकर ठगने का कार्य कर चुकी है। जनता इस बार उनके झांसे में आने वाली नहीं है। आने वाली 13 मई को गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर के पक्ष में मतदान कर विजयी बनाएं। उक्त बातें सपा सरकार के पूर्व कबीना मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने पैंतेपुर, हैबतपुर और मीरा नगर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा 33 स्वतंत्रता संग्राम वाले मीरानगर गांव में उनकी सरकार के कार्यकाल में सीएचसी भवन तो बन गया था लेकिन मौजूदा सरकार आज तक उसमे एमबीबीएस चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं करवा सकी। शिक्षा के लिए बनवाए गए विद्यालयों में भवन तो बनकर तैयार कई किंतु शिक्षक नहीं है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओ से भाजपा सरकार की नाकामियों, महगाई जैसी समस्याओं के संबंध में जागरूक करने का काम करनेऔर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। पूर्व चेयरमैन मोहम्मद अफजल के प्रतिनिधि मोहम्मद अजमल ने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता राकेश राठौर को जिताने के लिए आज से जुट जाये और अधिक से अधिक मतदान करवाने का संकल्प लें। गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर ने भी सभी को कीमती मत देकर विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर अमर सिंह वर्मा, मंजू बंसवार, अभयराज वर्मा, शिवेंद्र यादव, मोहम्मद हनीफ, दिलीप वर्मा, लाल बहादुर वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

#### चूल्हे की राख से गुड़बेल में लगी आग, जिन्दा जली भैंस

**महोली/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसन की बेपरवाही से गन्ने की सूखी खोई में आग लग गई। इससे पहले कि गुड़बेल संचालक कुछ समझ पाता, आग की लपटों ने खूंटे से बंधी दो भैंसों को अपनी जद में ले लिया। जिसमें एक भैंस की जिंदा जलने से मौत हो गई जबकि दूसरी भैंस आंशिक रूप से जल गई। चीख-पुकार के बाद ग्रामीणों ने स्प्रे मशीन की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन टीमों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में करीब पांच लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के कार्टरगंज गांव का आग ने तांडव मचाया। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के किनारे बसे इस गांव के सुशील वर्मा ने अपनी गुड़बेल लगा रखी है। गुड़बेल के बाईं ओर पड़ोस में परशुराम वर्मा का पक्का मकान है। मकान के पीछे उन्होंने कूड़ा डंप कर रखा है। वहीं पर एक छप्पर के नीचे खूंटे में उनकी दो भैंस बंधी थीं। बुधवार की दोपहर परशुराम के घर की किसी महिला ने चूल्हे की राख घूरे पर फेंक दी। घूरे ने आग पकड़ ली। आग की लपटों ने भैंस के छप्पर को अपनी जद में ले लिया। इससे पहले की परशुराम के परिजन या गुड़बेल पर काम कर रहे लोग कुछ समझ पाते, आग की भयावह लपटों में एक भैंस जिंदा जलकर मर गई जबकि आंशिक रूप से जल गई। चीख-पुकार के बाद खेतों में काम कर रहे लोग ट्रैक्टर में स्प्रे मशीन जोड़कर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह नाकाम रहे।

# राहुल गांधी कभी सीरियस नहीं होते : धामी

अयोध्या कार्यालय


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करते ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय।

**अमृत विचार :** राहुल गांधी कभी सीरियस नहीं होते। विदेश में पीएम मोदी की आलोचना करते-करते देश की आलोचना करने लगते हैं। ये बातें बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से कहीं। वो भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह का बुधवार को नामांकन कराने पहुंचे थे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन भी किए।

राहुल गांधी के राम मंदिर दर्शन करने की अटकलों पर सीएम धामी ने कहा कि जब उनको बुलाया गया था तब आए नहीं। अब चुनाव चल रहा है। इसलिए ऐसा है। कहा कि उन लोगों के लिए मंदिर जाना, पूजा करना, जनेऊ पहनकर दिखाना, यह सामान्य घटना है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हो, भगवान राम के मंदिर का बनना हो, हर समय उन्होंने विरोध किया। वैसे भी सनातन का विरोध करते हैं। रामसेतु को भी कपोल कल्पित बताया। सुप्रीम कोर्ट से लेकर अनेकों प्रकार से उसमें अडंगा लगाने काम किया है। यह सनातन के लोग और राम भक्त जानते हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अयोध्या अब पूरे विश्व का ऐतिहासिक धाम बन रहा है। एक कार्यकर्ता के रूप में एक कारसेवक के रूप में लल्लू सिंह का बड़ा योगदान रहा है। इस बार का चुनाव बहुत ऐतिहासिक होगा। लल्लू सिंह ऐतिहासिक मतों से जीतेंगे। यह अयोध्या की धरती है। देश और दुनिया में फिर से राम युग आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह कालखंड और सौभाग्य हम सभी राम भक्तों को मिला है। निश्चित रूप से यहां से ऐतिहासिक विजय होगी, क्योंकि ऐतिहासिक काम यहीं से हो रहा है।

▸▸ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बोले - अयोध्या के ऐतिहासिक धाम बनने में लल्लू का बड़ा योगदान

# 8 मई तक मतदान कार्मिकों का होगा द्वितीय प्रशिक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला विकास अधिकारी/सहा. प्र. अधिकारी, मत. का. हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण 02 मई को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल निकट टोल प्लाजा, खैराबाद में प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा।

आठ विधानसभाओं के मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 03 मई आठ मई तक जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल निकट टोल प्लाजा, खैराबाद में प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण में मतदान पार्टी के समस्त कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। प्रशिक्षण में 3578 पीठासीन अधिकारी, 3578 मतदान अधिकारी प्रथम, 3578 मतदान अधिकारी द्वितीय एवं 3578 मतदान अधिकारी तृतीय इस प्रकार कुल 14318 कार्मिकों द्वारा उक्त तिथियों में प्रशिक्षण प्राप्त किया जायेगा। समस्त मतदान कार्मिकों के पहचान पत्र प्रमाणित करने के लिए एक पटल भी बनाया गया है, पहचान पत्र पर जिला निर्वाचन अधिकारी की मोहर लगायी जायेगी।



## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस के काल में देश में बम धमाके होते थे और सरकार कुछ नहीं करती थी। हमारी सरकार आई तो आतंकियों को घर में घुसकर मारा। - अनुराग ठाकुर



2014 मोदी लहर ,2019 में मोदी की आंधी, अब मोदी की सुनामी चल रही है। सपा बसपा और कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है। – केशव प्रसाद मौर्य



सपा, बसपा और कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है। इन्हें जनता ने नकार दिया है। देश की 140 करोड़ जनता ने मोदी जी को स्वीकार किया है। –संजय निषाद



जब तक लोग मेरे नजदीक नहीं आते मुझे मरकहवा सांड समझते हैं और करीब आने पर दुधारू गाय पाते हैं। उनकी समस्याएं अपने आप ही खत्म हो जाती हैं। –ओपी राजभर

# एक कदम आगे चलने वाली भाजपा कैसरगंज में क्यों ठिठक गई

**जीतने का दावा तो सभी कर रहे, लेकिन अभी तक पत्ते किसी ने नहीं खोले**

**कल है नामांकन का आखिरी दिन, 20 मई को होगा मतदान**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** आखिर राजनीति में एक कदम आगे चलने वाली भारतीय जनता पार्टी कैसरगंज लोकसभा सीट को लेकर ठिठक क्यों गई है? यहां से अभी तक पार्टी ने प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने भी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। भाजपा द्वारा मौजूदा सांसद बृजभूषण सिंह को टिकट को लेकर ऊहापोह कि स्थिति ने सभी दलों के दांव को रोक रखा है।

सच पूछिए तो कैसरगंज सीट इस समय देश की सबसे ज्यादा चर्चित बन गई है। जहां जीतने का दावा तो सभी कर रहे हैं लेकिन अभी तक किसी ने पत्ते नहीं खोले हैं। दरअसल, कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पर 3 मई को नामांकन का आखिरी दिन है। वहीं 20 मई को मतदान होगा। अभी तक तीनों दलों की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा न करने से निर्वाचन क्षेत्र की सियासत गर्मा गई है।



इससे पहले तमाम मीडिया में दावा किया जा रहा था कि 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के बाद भाजपा अपने प्रत्याशी का ऐलान कर देगी लेकिन अब जबकि नामांकन में 48 घंटे से भी कम वक्त बचा है। तीनों दलों की ओर से उम्मीदवार को लेकर उहापोह के बीच कुछ लोगों ने कथित तौर पर पर्चे भी खरीद लिए हैं लेकिन वह भी आधिकारिक घोषणा के इंतजार में हैं। सूत्रों के मुताबिक, कैसरगंज के तीन स्थानीय नेताओं और एक बाहरी नेता ने पर्चा खरीद रखा है। सूत्र बता रहे हैं कि, सपा और बसपा को अभी भाजपा के फैसले का इंतजार है। प्रत्याशियों की घोषणा में हो रही देरी से यह सवाल भी उठ रहे हैं कि 3 मई को नामांकन के बाद उम्मीदवार के पास प्रचार के लिए सिर्फ 15 दिन ही बचेंगे। नेता और संभावित उम्मीदवार इस बात को लेकर भी बेचैन हैं कि वह इतने कम समय में पूरे क्षेत्र में कैसे प्रचार कर सकेंगे। अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। दोनों दलों को भाजपा के अगले कदम का इंतजार है। हालांकि दोनों दलों की तरफ से अंतिम वक्त में भी नामांकन दाखिल करने की पूरी तैयारी है।

## किसी को मिला टॉर्च तो किसी को गुब्बारा

**अमृत विचार, लखनऊः** चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न मिल गए हैं। चुनावी महासमर में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न मिलते ही प्रचार तेज हो गया है। अब तक अपना नाम के साथ प्रचार कर रहे थे अब चुनाव चिह्न के साथ मैदान में हैं। कोई ट्रक लेकर चुनाव मैदान में दौड़ा तो कोई टार्च लेकर दौड़ा। गैस सिलेंडर, ऑटो रिक्शा, गुब्बारा, कैची, हॉकी आदि चुनाव चिह्न लेकर प्रत्याशी चुनावी महासमर में कूद पड़े हैं। सभी अब दिन रात एक करके मतदाताओं को अपना चुनाव चिह्न दिखाकर वोट मांग रहे हैं। बताते चर्वऽकि प्रत्याशियों के पास चुनाव प्रचार का समय बहुत कम है। मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार थम जाएगा। ऐसे में 11 मई की शाम पांच बजे तक ही चुनाव प्रचार कर सकते हैं। शेष बचे 10 दिनों में प्रत्याशी जनसभाएं, गांव-गांव सम्पर्क करने के साथ ही पार्टी के बड़े नेताओं की सभाओं की व्यवस्था में भी लगे हैं, जिससे चुनावी नैया पार हो सके।



राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में जल्द ही दो लड़कों यानि अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी रोड शो करने जा रही है। इससे पहले इंडी गठबंधन से जुड़े दलों ने मिलकर झंडे-बैनर जुटा लिए हैं। इसी क्रम में लखनऊ, कैसरबाग स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर एकत्रित किए गए इंडिया गठबंधन के दलों के झंडे। –अमृत विचार

## दिन में प्रचार करने से बच रहे प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिसका असर चुनाव प्रचार पर दिखाई दे रहा है। अधिकांश उम्मीदवार बड़ी बैठकों से बच रहे हैं और घर-घर जाकर प्रचार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चौथे से लेकर सातवें चरण के उम्मीदवारों को तो गर्मी की चिंता सबसे ज्यादा है, क्योंकि इस समय यहां पर गर्मी अपने चरम पर होगी जिससे दिन में चुनाव प्रचार करना आसान नहीं होगा। इसलिए ये प्रत्याशी सुबह और शाम की जनसभा और कार्यक्रम को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# दिग्गजों के चक्रव्यूह को भेदने उतरे राजनीति के नवधा खिलाड़ी

**भाजपा और सपा से मैदान में हैं राजनीति के धुरंधर**

**बसपा और भाकपा के प्रत्याशी पहली बार चुनावी मैदान में**

**अयोध्या में सज गया मैदान सियासत चढ़ रही परवान**

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी चक्रव्यूह रचा जाने लगा है। सियासी दलों के थिंक टैंक नित नए प्रयोग कर रहे हैं। सियासी चक्रव्यूह को भेदने के लिए सूरमा मैदान ले चुके हैं। अयोध्या में राजनीति के धुरंधर, दिग्गज खिलाड़ियों के चुनावी चक्रव्यूह को भेदने के लिए इस बार नवधा खिलाड़ी उतर गए हैं। भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने कई बार के विधायक और मंत्री रहे पुराने चेहरों को मैदान में भेजा है तो बहुजन समाज पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नए खिलाड़ियों को सियासी चक्रव्यूह भेदने का जिम्मा सौंपा है।

यूं तो बदले दौर में अयोध्या की सियासत भी बदली है लेकिन क्रिकेट के खेल और राजनीति में कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता है। यह जुमला खेल से राजनीति तक चर्चा में रहता है। अब लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। धर्म के साथ सियासी दृष्टि से अति महत्वपूर्ण मानी जाने वाली अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र) के रण में इस बार पहले की अपेक्षा कुछ नया है। अमूमन अयोध्या के चुनावी रण में ज्यादातर सधे सियासी खिलाड़ी को ही मैदान में उतारा जाता रहा है। साल 2014 के चुनाव में सियासत के मंझे खिलाड़ियों भाजपा से लल्लू सिंह, सपा से मित्रसेन यादव, कांग्रेस से डॉ. निर्मल खत्री, बसपा से जितेंद्र सिंह बब्लू को मैदान में थे। यह सभी कभी न कभी राजनीतिक कौशल दिखा चुके थे।

साल 2019 के चुनाव मे भी सियासी परिदृश्य ऐसा ही रहा। भाजपा से लल्लू के साथ सपा-बसपा गठबंधन से पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव और कांग्रेस से डा. निर्मल खत्री लोकसभा चुनाव के मैदान में थे। यह सभी राजनीति के लड़ाके रहे हैं, लेकिन इस बार तस्वीर अलग है।

भाजपा और सपा ने अनुभवी, राजनीति के खेल में माहिर राजनेताओं को मैदान में उतारा है। लल्लू सिंह और अवधेश प्रसाद, दोनों पुरानी जमात के नेता हैं। यह कांट-छांट से सियासी पैंतरे में माहिर हैं। दूसरे को पटकनी देने के लिए राजनीति के हर दांव की काट उनके पास होती है।

मैदान सज गया है। कदमताल शुरू हो गई है। कप्तान निर्देश दे रहे हैं। मतदाताओं को जगाए जाने का दौर है। नवधा खिलाड़ी चक्रव्यूह में घुस पाएंगे, भेद पाएंगे या उलझ जाएंगे। यह तो समय बताएगा लेकिन पुराने और नए के बीच चाले चली जानी शुरू हो गई हैं।

### 2014 से सांसद हैं लल्लू

सांसद लल्लू सिंह अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से सन् 1991 से 2012 तक विधायक रहे। इस दौरान वह सूबे में ऊर्जा और पर्यटन राज्य मंत्री भी रहे। साल 2004 से अब तक का लोकसभा चुनाव लड़ते आ रहे हैं। 2014 से वह अयोध्या की वीआईपी सीट से सांसद हैं। संगठन से सत्ता प्रतिष्ठान तक ऊंची रसूख रखते हैं। दिल्ली दरबार ने उन पर भरोसा जताया। एक बार फिर फतह के लिए चुनावी मैदान में भेजा है। वह अपनी छवि और अपने पुराने वोट बैंक के सहारे मैदान में है।

### आठ बार विधायक रह चुके हैं अवधेश प्रसाद

सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद समाजवादी पार्टी का पिछड़े वर्ग का चेहरा हैं। अतीत हो चुकी जिले की सोहावल (सु.) विधानसभा क्षेत्र से आठ बार विधायक रहे। वर्तमान में मिल्कीपुर (सु.) से विधायक हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के करीबी रहे हैं। सपा ने इस बार उन्हें मैदान में भेज नया प्रयोग किया है। कई बार प्रदेश सरकार में समाज कल्याण सहित अन्य विभागों के मंत्री रहे हैं। अतीत में अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। गठबंधन से इतर भी सपा के जनाधार के साथ ही प्रसाद चुनाव मैदान में है। सियासी खेल में माहिर लल्लू और अवधेश दोनों नेताओं को राजनीति में बेदाग छवि का माना जाता है।









लल्लू सिंह



अवधेश प्रसाद



अरविंद सेन



सच्चिदानंद पांडेय

### पिता से सीखी है अरविंद ने राजनीति

इस बार राजनीति के इन धुरंधरों को चुनौती देने के लिए नवधा खिलाड़ी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। चुनावी धारा बदलने के प्रयास में हैं। राजनीतिक विचारों की लड़ाई को नए सिरे से परवान चढ़ाने के लिए अरविंद सेन यादव चुनाव मैदान में उतरे हैं। यादव पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। वाम विचारधारा से जुड़े पूर्व विधायक, पूर्व सांसद स्व. मित्रसेन यादव के बड़े पुत्र है। सियासी परिवार का होने के नाते राजनीति का ककहरा उन्होंने अपने पिता के साथ ही सीख लिया था।

### सच्चिदानंद की प्रोफाइल पुरानी नहीं

कभी यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा ने भी राजनीति के नवधा खिलाड़ी सच्चिदानंद पांडेय को दिग्गजों के सामने सियासत में दो-दो हाथ करने के लिए भेजा है। पांडेय पड़ोसी अंबेडकरनगर जिले के रहने वाले हैं। राजनीति में उनकी प्रोफाइल पुरानी नहीं है। पड़ोसी जिले के जिला स्तरीय एक भाजपा नेता के साथ राजनीति में उतरने वाले पांडेय को अंबेडकरनगर में भाग्य आजमाने का मौका नहीं मिला तो उन्होंने राम नगरी से सियासत की शुरुआत कर दी।

## चुनावी चक्कर

**पहचानत हो, हम धनंजय सिंह की मेहरारू हैं**

नाम से पहले डॉन, माफिया, बाहुबली जैसे विशेषण का प्रयोग भले धनंजय सिंह के व्यक्तित्व से कुछ लोगों को सशंकित करता हो, लेकिन उनकी दक्षिण भारतीय पत्नी श्रीकला की छवि इससे बिल्कुल इतर है। श्रीकला बसपा के टिकट पर जौनपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं हैं। वहां, जनसभाओं को संबोधित करते हुए श्रीकला का मजाकिया अंदाज चर्चा का विषय बन गया है। पिछले दिनों उन्होंने एक जनसभा में ऐसा कह दिया कि इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल, क्षेत्र में श्रीकला का प्रचार करने और वोट मांगने का तरीका ही दिलचस्प है। नामांकन से पहले श्रीकला ने जब एक चुनावी जनसभा में खुद को धनंजय की मेहरारू कह कर परिचय दिया तो वहां मौजूद सभी हंस पड़े। इससे पहले, लोगों को उम्मीद थी कि श्रीकला दक्षिण भारतीय भाषा वाले लहजे में ही संभवत: बातचीत करें। लेकिन उन्होंने लगभग सभी को चकित करते हुए ठेठ भोजपुरी भाषा में अपनी बात रखी। उनके बात करने का यह देसी तरीका ही चर्चा में आ गया है। भीड़ में एक उम्रदराज महिला को चाची कहकर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमें पहचानत हो, हम कौन हैं? इससे पहले कि जवाब आता, श्रीकला बोलीं अरे हम धनंजय सिंह की मेहरारू हैं। श्रीकला यहीं नहीं रुकतीं हैं। वह जनसभा में आई महिलाओं से कहती हैं- ''हम आपकी पतोह हैं। अगर वोट ना देबो तो हम आपसे आके झगड़ा करबे। सोच लिहो, हम बड़ी झगड़ालू हैं।'' दक्षिण भारतीय मूल की श्रीकला के बोलने के अंदाज को देखकर वहां मौजूद सभी जोरदार ठहाका लगाते हैं। वहीं, क्षेत्रीय राजनीति की नब्ज पकड़ते हुए श्रीकला प्रचार के दौरान सरेराह कहीं समोसे की दुकान पर रुक जातीं हैं तो कहीं अचानक ठेले पर गोलगप्पा खाने लगतीं हैं। बहरहाल, चुनाव में क्षेत्र के मतदाताओं ने उनके इस अंदाज को कितना पसंद किया यह तो मतदान के परिणाम ही बताएंगे।

# मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ीं प्रत्याशियों की मुश्किलें

**लालगंज लोकसभा क्षेत्र में पिछले चुनाव की तरह नहीं है माहौल**

**भाजपा से नीलम, सपा से दरोगा सरोज व बसपा से इंदू मैदान में**

**बसपा को यहां से चार, सपा को दो और भाजपा को एक बार मिली है जीत**

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां प्रचार-प्रसार जोरों पर है, वहीं मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशी परेशान हैं। कुछ यही स्थिति आजमगढ़ की लालगंज सुरक्षित संसदीय सीट की भी है।

इस चुनाव में कहीं विकास तो कहीं स्थानीय समस्याओं को लोग मुद्दा बना रहे हैं। यहां चुनावी मैदान में जहां नीलम सोनकर भाजपा से हैं वहीं इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज ताल ठोक रहे हैं, जबकि बसपा ने डॉ. इंदु चौधरी पर अपना दांव खेला है। बुधवार को भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों ने नामांकन भी कर दिया।

पिछले कई चुनावों की तरह इस चुनाव में अभी तक चौक-चौराहों व चाय-पान की दुकानों पर प्रत्याशियों का आकलन व हार-जीत के दावे भी अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। गांवों में प्रत्याशियों के पहुंचते ही समर्थक जिंदाबाद के नारे को बुलंद करने लगते हैं। मतदाता भी सभी को जीत का आशीर्वाद दे खुशी-खुशी विदा कर रहे हैं। ग्रामीण अपनी समस्या से अवगत करा प्रत्याशी को वोट का आश्वासन भी दे रहे हैं। प्रत्याशी के जाते ही उसकी चर्चा भी खत्म हो जाती है। जिससे प्रत्याशियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। वोटर दबी जुबान कहते हैं कि इस बार सोच-समझ कर वोट डालना है, वोट बर्बाद नहीं करना है। वोट देने के सवाल पर चुप्पी तोड़ते हुए कहते हैं कि इस बार मतदाताओं का आकलन करना इतना आसान नहीं होगा। हां चुनाव से एक दिन पहले निर्णय जरूर हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर भाजपा की मौजूदा सांसद और प्रत्याशी नीलम सोनकर केंद्र की योजनाओं, राममंदिर के निर्माण के सहारे तथा प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को सामने रख कर जनता से मिल रही हैं और दोबारा जिताने के लिए अपील कर रहीं हैं। इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज पिछड़ी जाति को आधार बना पीएम मोदी और सीएम योगी को घेरते हुए जनता से वोट मांग रहे हैं। बसपा की प्रत्याशी डॉ. इंदू यहां सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से पिछड़े वर्ग के मतदाताओं से जुड़ कर वोट पाने की जुगत लगा रहीं हैं।

2019 लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा की साझा प्रत्याशी संगीता आजाद ने भाजपा की प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। संगीता 518,820 मत मिले तो नीलम सोनकर के खाते में 3,57,223 वोट आए थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में मोदी लहर के बीच यह सीट भाजपा के खाते में चली गई थी। भाजपा के टिकट पर नीलम सोनकर ने समाजवादी पार्टी की सरोज को कड़े मुकाबले में 63,086 मतों के अंतर से हराया था। बसपा के डॉक्टर बलिराम तीसरे स्थान पर रहे थे और उन्हें 2,33,971 वोट मिले थे।



नीलम सोनकर



दरोगा सरोज



डॉ इंदू चौधरी



### 1984 के बाद कांग्रेस को नहीं मिली सफलता

1990 के बाद के राजनीतिक परिणामों पर नजर डालें तो यहां पर किसी भी दल का एकाधिकार नहीं रहा। कांग्रेस को 1984 के बाद से यहां पर जीत नहीं मिली है, लेकिन जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी को बारी-बारी से जीत मिल चुकी है। हालांकि बहुजन समाज पार्टी को इस दौरान चार बार जीत मिली तो समाजवादी पार्टी को दो बार, जबकि भारतीय जनता पार्टी को महज एक बार ही जीत मिली है।

### 'राम' नाम वालों को मिली ज्यादातर जीत

लालगंज के चुनावों में एक दिलचस्प बात यह है कि 1962 से 2014 तक हुए 14 लोकसभा चुनावों में यहां से ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी जीते, जिनके नाम में राम लगा हुआ था। 1967 से लगातार 1996 लोकसभा चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों के नाम में राम शब्द लगा हुआ था। 1999 और 2009 में यही हुआ था।

### 1962 में हुआ था पहला चुनाव

लालगंज सीट पर पहली बार 1962 में चुनाव हुए थे, यहां से प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के विश्राम प्रसाद चुनाव जीते थे। उसके बाद 1967 व 71 में यहां से कांग्रेसी उम्मीदवार रामधन राम लगातार जीते थे। इमरजेंसी के बाद देशभर में चुनाव हुए तो रामधन यहां से भारतीय लोकदल के टिकट पर खड़े हुए और जीत दर्ज की। इसके बाद 1980 में भी यह सीट जनता पार्टी के पास रही। यहां से छंगुर राम जीते, 1984 और 1989 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के टिकट पर फिर रामधन राम जीते।

### 1996 में बसपा का खुला खाता

1989 में रामधन पाला बदलकर फिर जनता दल में गए और जीते। 1991 में राम बदन राम यहां से जनता दल से फिर चुनाव जीते। 1996 में इस सीट पर पहली बार बसपा का खाता खुला और पार्टी उम्मीदवार डॉ. बलिराम जीते। 1998 में सपा के दरोगा प्रसाद सरोज, 1999 में डॉ. बलिराम ने फिर जीत हासिल की। 2004 में दरोगा प्रसाद सरोज ने बाजी मारी, 2009 में डॉ. बलिराम फिर जीते।

### लालगंज: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| संगीता आजाद | 5,18,820 |
| नीलम सोनकर | 3,57,223 |
| पंकज मोहन सोनकर | 17,630 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | नीलम सोनकर | 3,24,016 |
| सपा | बेचई सरोज | 2,60,930 |
| बसपा | डॉ. बलिराम | 2,33,971 |
| कांग्रेस | बलिहारी बाबू | 21,832 |






### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1962 | विश्राम प्रसाद | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1967 व 71 | रामधन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | रामधन | जनता पार्टी |
| 1980 | छांगुर राम | जनता पार्टी |
| 1984 | रामधन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | रामधन | जनता दल |
| 1991 | राम बदन | जनता दल |
| 1996 | बलिराम | बहुजन समाज पार्टी |
| 1998 | दरोगा प्रसाद सरोज | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बलिराम | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | दरोगा प्रसाद सरोज | समाजवादी पार्टी |

| 2014 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|
| 7,713 | 5,060 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | डॉ. बलिराम | 2,07,998 |
| भाजपा | नीलम सोनकर | 1,68,050 |
| सपा | दरोगा प्रसाद सरोज | 1,47,182 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,32,489 |
| पुरुष | - 8,74,236 |
| महिला | - 9,58,229 |
| अन्य | - 24 |



## वोटों के बंटवारे और ध्रुवीकरण से
# खिल सकता कमल

मनोज त्रिपाठी

**पं. बंगाल : मोदी बनाम ममता के बीच चुनाव**

**तीसरा चरण - 04 सीटें**

पिछला परिणाम

- टीएमसी 02
- भाजपा 01
- कांग्रेस 01

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल में सात मई को तीसरे चरण में मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। इससे पहले राज्य में पहले चरण में कूच बिहार अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी तथा दूसरे चरण में दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में मतदान हो चुका है। तीसरे चरण के चुनाव वाला पूरा इलाका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। यहां के नौजवानों को काम की तलाश में कोलकाता जाना पड़ता है, तो बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने दूसरे राज्य भी जाते हैं। जाहिर है कि गरीबी और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। मालदा और मुर्शिदाबाद दोनों जिलों में गंदगी और जाम की समस्या भी विकराल है। गंगा नदी मालदा से होकर मुर्शिदाबाद में प्रवेश करती है। यह डेल्टा क्षेत्र है, जिसके कारण नदी तट कटाव भी बड़ी समस्या है। गंगा की कटान में पिछले कुछ वर्षों में कई सौ गांव समा चुके हैं और हजारों लोग विस्थापित होकर बेघर हैं। इस बार भी सभी राजनीतिक दल और उनके नेता पिछले चुनावों की ही तरह नदी कटाव से प्रभावित लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि चुनाव बाद ठोस कदम उठाए जाएंगे। सीएए मुद्दे की गूंज भी यहां कम नहीं है। तृणमूल कांग्रेस नेता कह रहे है कि सीएए का असल उद्देश्य मुसलमानों को शिविरों में भेजना है। तृणमूल ने सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर 2021 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल



### टीएमसी, कांग्रेस और माकपा में मुस्लिम मतों के लिए घमासान, भाजपा कर रही जबरदस्त प्रचार

मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीटों पर मुस्लिमों की आबादी ठीक-ठाक है, यही वजह है कि तृणमूल, वामपंथी और कांग्रेस में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की होड़ है। ऐसे में भाजपा की उम्मीद मुस्लिम वोटों के विभाजन और मतदाताओं के ध्रुवीकरण पर टिकी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन चार सीटों में भाजपा ने मालदा उत्तर का चुनाव जीता था। कांग्रेस मालदा दक्षिण में विजयी रही थी, जबकि तृणमूल को जंगीपुर और मुर्शिदाबाद में सफलता मिली थी। इस बार भाजपा ने चारों सीटों पर जोरदार प्रचार अभियान छेड़ रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मालदा में चुनाव प्रचार किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुर्शिदाबाद में रैलियां की हैं, तो तृणमूल की तरफ से ममता बनर्जी और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी लगातार सक्रिय हैं। कांग्रेस जरूर प्रचार के मामले में थोड़ी पीछे नजर आ रही है।

### मालदा दक्षिण : पिछली बार मामूली अंतर से हारी भाजपा इस बार कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाने के प्रयास में

- भाजपा की श्रीरूपा मित्रा इस बार यह सीट जीतने में पूरा जोर लगाए हैं। पिछली बार वह आठ हजार वोटों के मामूली अंतर से कांग्रेस अबू हासेम खान चौधरी से हार गई थीं। टीएमसी ने यहां शाहनावाज़ अली रेहान को मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद की उम्र देखते हुए उनके पुत्र ईशा खान चौधरी पर दांव लगाया है, जो अपनी पारिवारिक विरासत को बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं। यह सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। लेकिन इस बार संघर्ष त्रिकोणीय दिख रहा है। ईशा खान चौधरी के पिता अबू हासेम खान चौधरी पिछले तीन चुनाव से इस सीट पर जीत रहे थे। इससे पहले उनके चाचा स्व. एबीए गनी खान चौधरी कई बार सांसद चुने गए थे। कांग्रेस प्रत्याशी ईशा खान चौधरी इस लोकसभा क्षेत्र की वैष्णवनगर और सूजापुर सीट से विधायक रह चुके हैं। लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में वह सूजापुर विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस से हार गए थे।

**2019 का वोट शेयर**

| 35% | 34% | 27% |
|---|---|---|
| कांग्रेस | भाजपा | टीएमसी |

### मालदा उत्तर : मुस्लिम वोट बंटने से भाजपा 2019 में पहली बार जीती, इस बार भी जीत का समीकरण वही

भाजपा नेता खगेन मुर्मू मालदा उत्तर से सांसद हैं। पार्टी ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। खगेन मूर्मू का इस बार मुकाबला पूर्व आईपीएस अधिकारी टीएमसी प्रत्याशी प्रसून बनर्जी से है। कांग्रेस ने यहां मुश्ताक आलम पर दांव लगाया है। कांग्रेस के इस बार मालदा दक्षिण से प्रत्याशी ईसा खान चौधरी 2019 के लोकसभा चुनाव में मालदा उत्तर से चुनाव लड़े थे, लेकिन जीत नहीं पाए थे। तृणमूल कांग्रेस ने उनकी फुफेरी बहन मौसम बेनजीर नूर को मैदान में उतार दिया था। आपस की लड़ाई और मुस्लिम वोट बंटने से दोनों को हार मिली थी और भाजपा ने पहली बार इस सीट पर कमल खिला दिया था।




### भाजपा ने झोंकी ताकत मोदी की फिर सभाएं

तीसरे चरण के चुनाव के साथ राज्य में चौथे और पांचवे चरण के मतदान का माहौल अपने पक्ष में बनाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। एक दिन पहले उन्होंने मालदा में जोश भरा था। अब अगले दो दिनों में उनकी फिर राज्य में रैलियां हो सकती हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे के बाद असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा भी सभाएं करने आएंगे।

### मुर्शिदाबाद : त्रिकोणीय मुकाबले में चौंकाने वाले परिणाम के कयास

मुर्शिदाबाद सीट पर सीपीआई-एम (माकपा) के राज्य सचिव और तेजतर्रार नेता मोहम्मद सलीम, तृणमूल कांग्रेस से मौजूदा सांसद अबू ताहेर खान और भाजपा के गौरी शंकर घोष के बीच तिकोना मुकाबला हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी मुर्शिदाबाद विधानसभा सीट से 2021 में विधायक चुने गए थे, पार्टी ने लोकसभा का टिकट देकर मैदान में उतारा है। सीपीआई-एम का इस सीट पर 1980 से 1999 तक लाल झंडा फहराता रहा है। कांग्रेस ने 2004 और 2009 में जीत हासिल की थी, लेकिन सीपीआई-एम के बद्दरुद्दोज़ा खान ने 2014 में सीट वापस छीन ली थी। 2019 में तृणमूल के अबू ताहेर खान ने जीत हासिल की थी। मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा हुई थी। यहां वोटों का ध्रुवीकरण होने की आशंका जताई जा रही है, लोग मान रहे हैं कि परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं।

**2019 का वोट शेयर**

| दल | वोट शेयर |
|---|---|
| टीएमसी | 41 % |
| कांग्रेस | 26 % |
| भाजपा | 17 % |
| माकपा | 13 % |

### जंगीपुर : प्रणब दा के बेटे मैदान में नहीं, टीएमसी दूसरी जीत की कोशिश में

जंगीपुर को बीड़ी उद्योग के लिए जाना जाता है। लोकसभा सीट से दिग्गज कांग्रेस नेता पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी ने 2004 और 2009 में चुनाव लड़कर जीता था। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 2012 में हुए उपचुनाव में उनके बेटे अभिजीत मुखर्जी यहां से सांसद चुने गए। 2014 की मोदी लहर में भी अभिजीत यहां से चुनाव जीते थे। 2019 में टीएमसी के उम्मीदवार बीड़ी कारोबारी खलीलुर्रहमान यहां से विजयी हुए थे। उन्होंने भाजपा की माफूजा खातून को तीन लाख से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी थी। अभिजीत को ढाई लाख से ज्यादा वोट मिले थे पर वह तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। इस बार खलीलुर्रहमान फिर टीएमसी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने भाजपा ने संगठन से जुड़े नेता धनंजय घोष को मैदान में उतार है, जबकि कांग्रेस ने अभिजीत मुखर्जी के स्थान पर मुर्तजा हुसैन पर दांव लगाया है।

**2019 का वोट शेयर**

| दल | वोट शेयर |
|---|---|
| टीएमसी | 43 % |
| कांग्रेस | 24% |
| भाजपा | 20 % |
| माकपा | 7 % |

# एनडीए के लिए साख और राजद की नाक का सवाल

**बिहार तीसरा चरण 05 सीटें**

2019 का परिणाम

- एनडीए 05
- इंडिया गठबंधन 00

चुनाव डेस्क



अमृत विचार। बिहार में सात मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में पांच सीटों मधेपुरा, झंझारपुर, सुपौल, अररिया और खगड़िया में वोट डाले जाएंगे। यहां एनडीए और इंडिया गठबंधन ने प्रचार मे अपनी ताकत झोंक रखी है। इन सभी पांच सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जीत हासिल की थी। ऐसे में इस बार के चुनाव में एनडीए के सामने जहां इन सीटों पर कब्जा बनाए रखने की चुनौती है, वहीं इंडिया गठबंधन में खासतौर पर राजद जिसका पिछले लोकसभा चुनाव में खाता ही नहीं खुला था, इस बार कुछ सीटें छीनने की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है।

एनडीए में जदयू को तीसरे चरण में पांच में तीन वह सीटें मिली हैं, जिस पर उसके सांसद हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस सीटों पर अपने मौजूदा सांसदों को ही चुनाव मैदान में उतारा है। इस चरण में भाजपा और लोजपा (चिराग पासवान) ने एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं।

इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में राजद तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। एक-एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का उम्मीदवार मैदान में है। इंडिया गठबंधन से चुनावी अभियान में अगुवा तेजस्वी यादव का साथ केवल मुकेश सहनी देते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस और वाम दलों के बड़े नेताओं के दौरे, रैली, रोड शो कुछ भी नहीं हुआ है। बिहार में राहुल गांधी की अब तक केवल एक सभा हो पाई है। इसके मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जनसभाएं कर चुके हैं। दो और रैलियों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गृह मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पूरी ताकत लगाए हैं। इस तरह प्रचार में इंडिया गठबंधन पीछे नजर आ रहा है। लेंकिन पांचों सीटों पर यादव और मुस्लिम समीकरण

### मधेपुरा : जनता यहां यादव सांसद ही चुनती, इस बार मुकाबला बराबरी का

मधेपुरा तीसरे चरण की सबसे चर्चित सीट है। यहां से राजद प्रमुख लालू यादव, शरद यादव और पप्पू यादव चुनाव लड़ चुके हैं। यहां यादव मतदाता ही जीत-हार तय करते आए हैं। 2019 में इस सीट पर जदयू के दिनेश चंद्र यादव जीते थे। 2014 में राजद के टिकट पर पप्पू यादव जीते थे। इस बार जदयू ने मौजूदा सांसद दिनेश चंद्र यादव पर भरोसा जता है, तो राजद ने प्रो. कुमार चंद्रदीप को मैदान में उतारा है। 1998 के बाद से इस सीट पर तीन बार जदयू और तीन बार राजद ने जीत हासिल की है। दिलचस्प बात यह है कि यहां से अभी तक यादव जाति से ही सांसद चुने गए हैं। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार पर जदयू और एक-एक पर भाजपा व राजद का विधायक है।

**2019 में पप्पू यादव को दिया नाकार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिनेश चंद्र यादव | 6,24,334 | 54.41 |
| राजद | शरद यादव | 3,22,807 | 28.14 |
| जेएपी | पप्पू यादव | 97,631 | 3.35 |

### झंझारपुर : बसपा की चुनौती से त्रिकोणीय संघर्ष होने के आसार

झंझारपुर में जदयू ने मौजूदा सांसद रामप्रीत मंडल को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की ओर से मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुमन कुमार महासेठ चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। सुमन महासेठ पूर्व विधान पार्षद सदस्य हैं। विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं लेकिन लोकसभा का चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हैं। पिछले चुनाव में जदयू के रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को हराया था। माना जाता है कि यहां की राजनीति पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के सांसद ही करते रहे हैं। 2019 में रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था। 2014 में यहां पहली बार भाजपा जीती थी।

**2019 में बहुत पीछे था राजद उम्मीदवार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | रामप्रीत मंडल | 6,02,391 | 56.80 |
| राजद | गुलाब यादव | 2,79,440 | 27.10 |

### सुपौल : अति पिछड़ा ही इस सीट पर तय करेंगे जीत और हार

सुपौल लोकसभा सीट पर सामान्य वर्ग के वोटरों का दबदबा रहता है। राजद ने अनुसूचित जाति के चंद्रहास चौपाल को यहां उम्मीदवार बनाया है, उनकी लड़ाई जदयू के दिलेश्वर कामत से है जो अति पिछड़ा समाज से आते हैं। अब दोनों उम्मीदवार में सामान्य वर्ग के वोट अपने पाले में जंग की छिड़ी है। मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। सुपौल में अति पिछड़ा वोटरों की संख्या 40 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती है, जो चुनाव में जीत-हार तय करते हैं। यहां से 2014 में कांग्रेस की रंजीत रंजन जीती थीं और 2019 में चुनाव हार गई थीं।

**2019 में अति पिछड़ा वर्ग ने दिलाई जीत**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिलेश्वर कामत | 5,97,377 | 53.78 |
| कांग्रेस | रंजीत रंजन | 3,30,524 | 30.00 |

**2014** में कांग्रेस की रंजीत रंजन यहां जीती थीं चुनाव

**2019** में जदयू के दिलेश्वर कामत ने दी थी रंजीत रंजन को मात

### खगड़िया : लोजपा को बाहरी उम्मीदवार उतारना पड़ सकता भारी

इंडिया गठबंधन में माकपा को खगड़िया सीट मिली है। माकपा ने यहां से संजय कुमार को उतारा है। बसपा ने डॉ. रवि कुमार पर दांव लगाया है। एनडीए में यह सीट चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को मिली है। पिछले दो चुनाव से लोजपा यहां जीत रही है। लोजपा ने राजेश वर्मा पर दांव लगाया है। राजेश वर्मा भागलपुर से आते हैं। इस कारण 'बाहरी उम्मीदवार' की चुनौती से निपटना पड़ रहा है। इस सीट से लोजपा के महबूब अली कैसर 2014 और 2019 में जीते थे। कहा जाता है कि यहां पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी परिणाम प्रभावित करते रहे हैं। यादव बड़ी संख्या में हैं, पर राजद को सिर्फ एक बार ही जीत मिली है। राजद ने लोजपा के सांसद महबूब अली कैसर को शामिल करके लोजपा को बड़ा झटका दिया है।

**2019 में मुकेश सहनी रह गए बहुत पीछे**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| लोजपा | चौ. महबूब अली | 5,10,193 | 52.8 |
| वीआईपी | मुकेश सहनी | 2,61,623 | 27.10 |

### अररिया : भाजपा सीट बचाने में जुटी राजद की राह भी नहीं आसान

- अररिया लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप कुमार सिंह को फिर चुनावी मैदान में उतारा है। राजद ने शाहनवाज आलम को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के पास जहां अररिया में अपनी साख बचाने की चुनौती है, वहीं राजद की राह आसान नहीं दिख रही है। शाहनवाज पूर्व केंद्रीय मंत्री व मो. तस्लीमुद्दीन के पुत्र हैं। 2018 में तसलीमुद्दीन के निधन के बाद हुए उपचुनाव में राजद के सरफराज आलम और भाजपा-जेडीयू के प्रदीप सिंह में मुकाबला हुआ था। इसमें राजद प्रत्याशी को जीत मिली थी। लेकिन 2019 में भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप सिंह ने बाजी मारी थी। उन्होंने राजद के उम्मीदवार सरफराज आलम को करीब एक लाख 37 हजार मतों से हरा दिया था।

**2019 में राजद ने खो दी थी यह सीट**

| दल | उम्मीदवार | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | प्रदीप कुमार सिंह | 6,18,434 | 52.87 |
| राजद | सरफराज आलम | 4,81,193 | 41.14 |

# शिवसेना उद्धव को यहां मिली राकांपा से चुनौती

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार** । महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित उस्मानाबाद को अब धाराशिव नाम से जाना जाता है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र का नाम अभी उस्मानाबाद ही है। उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर कभी एक-दूसरे के सहयोगी रहे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित पवार के बीच मुकाबला होगा। शिवसेना (उद्धव) ने इस सीट से मौजूदा सांसद ओमप्रकाश राजेनिम्बालकर को राकांपा प्रत्याशी अर्चना पाटिल के खिलाफ मैदान में उतारा है। अर्चना पाटिल का यह पहला चुनाव है। बसपा ने संजय भागवत बाघमारे को टिकट दिया है। एआईएमआईएम से सिद्दीक इब्राहिम बाउदीवाले प्रत्याशी हैं।

उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से 1996 तक कांग्रेस का एकछत्र राज रहा। लेकिन कोई प्रत्याशी दोबारा नहीं चुना गया, कांग्रेस ने हर बार नया चेहरा दिया। 1984 से 1996 तक लगातार तीन बार कांग्रेस के टिकट से अरविंद कांबले सांसद बने। 2009 में एनसीपी के टिकट पर पद्मसिन्हा पाटील चुने गए थे। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के प्रत्याशी ओमप्रकाश भुपाल सिंह राजेनिम्बालकर को जीत मिली थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के राणा जगजित सिंह दूसरे नंबर पर रहे थे।

उस्मानाबाद सीट पर सात मई को मतदान होगा। इस सीट के अंतर्गत उस्मानाबाद, तुलजापुर, ओमेरगा, लोहारा, कलांब, भूम, परांडा और वाशी विधानसभा सीटें आती हैं।



उद्धव बालासाहेब ठाकरे।

शिवसेना (यूबीटी) नेता के अनुसार राजेनिम्बालकर लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को सुनकर उनका हल निकालते हैं, जिससे वह लोगों के प्रिय बन गए हैं। राजेनिम्बालकर का कहना है कि उनके पास चीनी कारखाने या कॉलेज नहीं हैं, इसलिए उनका समय पूरी तरह से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित है। पिछले चुनाव में हम (अविभाजित शिवसेना) भाजपा के साथ थे, इसलिए उन्हें लगता है कि मैं मोदी लहर के कारण जीता, लेकिन इन पांच सालों में मैंने लोगों के लिए काम किया है।

राजेनिम्बालकर के मुकाबले में उतरीं राकांपा अजित पवार की अर्चना पाटिल राकांपा से भाजपा में गए तुलजापुर के विधायक राणा जगजीतसिंह पाटिल की पत्नी हैं। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा का महायुति गठबंधन उन्हें जिताने के लिए एकजुट है।

अर्चना पाटिल का कहना है कि एक महिला यहां से चुनाव लड़ रही है और यह लोकसभा सीट देवी तुलजा भवानी का घर भी है। महायुति महिलाओं का सम्मान करती है। महिलाएं बड़ी संख्या में उनके लिए मतदान करने आएंगी




**समर्थन करें** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कोडरमा में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

## इस सीट पर दूसरे चरण में पड़ने थे वोट, बसपा प्रत्याशी के निधन से अब सात मई को तीसरे चरण में होगा मतदान
# हैंडक्रॉफ्ट की नगरी में कांग्रेस को वनवास के खात्मे का इंतजार

**बैतूल संसदीय सीट**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** ग्रीन सिटी के नाम से प्रसिद्ध और हैंडक्राफ्ट उत्पादों के लिए भारत में अलग पहचान रखने वाली बैतूल संसदीय सीट पर कांग्रेस 1996 से वनवास काट रही है। इस सीट से कांग्रेस के अंतिम सांसद प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी असलम शेर खान थे। उन्होंने 1991 में यहां राम लहर के बावजूद जीत दर्ज की थी। इसके बाद यहां के मतदाताओं को भगवा रंग ऐसा भाया कि वे कांग्रेस के हाथ के साथ जाने से परहेज करते रहे। कांग्रेस ने इस बार रामू टेकाम को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने अपने सांसद दुर्गा दास उइके पर दांव लगा दिया है। बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए अर्जुन भलावी के साथ समर में उतरी है। इस सीट पर बसपा ने पहले उनके पिता को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन नामांकन के बाद उनका निधन हो गया था। इस कारण दूसरे चरण में होने वाला मतदान चुनाव आयोग ने रोक दिया था। अब यहां तीसरे चरण में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

**2019 में रामू टेकाम को मिली करारी हार**

कांग्रेस ने 2019 में भी रामू टेकाम को उम्मीदवार बनाया था तब भाजपा के दुर्गा दास उइके ने उन्हें बड़े अंतर से हराया था। इस चुनाव में बसपा अशोक भलावी तीसरे नंबर में थे। हालांकि बसपा ने उनके निधन के बाद उनके बेटे अर्जुन भलावी को इस चुनाव में मैदान में उतार दिया है। अुर्जन भलावी लगातार पिता की समाजसेवा के सहारे वोट मांग रहे हैं। जबकि भाजपा मोदी की गारंटी के सहारे है तो कांग्रेस लोगों को यही बताने में जुटी है कि अगर भाजपा आई तो संविधान खत्म कर देगी। पांच गारंटी के बारे में भी लोगों को बताकर रामू टेकाम द्वारा वोट मांगने की कोशिश की जा रही है।

- भाजपा ने वर्तमान सांसद दुर्गा दास उइके पर दोबारा जताया है अपना विश्वास
- कांग्रेस से रामू टेकाम दे रहे टक्कर, बसपा ने प्रत्याशी के निधन के बाद पुत्र को उतारा

**विधान सभा चुनाव में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई भाजपा**

विधानसभा की यहां आठ सीटें हैं। भाजपा की कोशिश थी कि सभी सीटों को जीत लिया जाए, लेकिन दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीतने में कामयाब हो गए थे। विधानसभा चुनाव परिणाम पर भी गौर करें तो यहां भाजपा का पलड़ा भारी है।

1952 में जब पहला चुनाव हुआ था तब कांग्रेस के भीकूलाल चांडक जीते थे। इसके बाद पार्टी के नरेंद्र कुमार साल्वे लगातार दो बार सांसद चुने गए। जब 1977 में चुनाव हुआ तो इस सीट को जनता पार्टी ने कांग्रेस से छीन लिया। जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने यहां से मुस्लिम चेहरे के रूप में गुफरान आजम को मैदान में उतार दिया। उन्होंने न सिर्फ इस सीट को कांग्रेस की झोली में डाल दी बल्कि पार्टी अगला चुनाव जब 1984 में लड़ी तो फिर उसे यहां से जीत मिली हालांकि तब कांग्रेस का चेहरा गुफरान नहीं बल्कि असलम शेर खान थे। 1989 में जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आंदोलन शुरू हुआ तो कांग्रेस के लिए इस सीट पर जीतना मुश्किल हो गया। ऐसी लहर आई की भाजपा के आरिफ बेग ने कांग्रेस के हराया। हालांकि 1991 में राम मंदिर निर्माण आंदोलन की लहर होने के बाद भी भाजपा को यह सीट गंवानी पड़ी थी। तब असलम शेर खान फिर यहां से जीते। यह कांग्रेस के लिए जीत वाला अंतिम चुनाव था। 1996 से लगातार कांग्रेस इस सीट पर हार रही है।

इस सीट पर कांग्रेस हर बार चक्रव्यूह बनाती है लेकिन भाजपा उसे भेद देती है। 1996 में भाजपा के विजय खंडेलवाल जीते थे। उन्होंने इस सीट पर 1998, 1999 और 2004 में भी भाजपा की झोली में डाला। 2008 में उप चुनाव हुआ तो हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा को जीत दिलाई। इसी साल परिसीमन बदला और यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई। फिर कांग्रेस ने तगड़ी व्यूह रचना की लेकिन उसका कोई भी दांव काम नहीं आया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-12500 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# रियल एस्टेट क्षेत्र में तीन गुना बढ़ा निवेश

## परामर्श कंपनी सीएंडडब्ल्यू के अनुसार जनवरी-मार्च में 5,743 करोड़ रुपये पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी



आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, यह कुल रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। सीएंडडब्ल्यू की बुधवार को जारी पूंजी बाजार की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था। कार्यालय संपत्तियों में निवेश मामूली बढ़कर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2,248 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,180 करोड़ रुपये था। हालांकि, मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं में निवेश मार्च तिमाही में घटकर 865 करोड़ रुपये रह गया, पिछले साल समान तिमाही में 1,645 करोड़ रुपये था। औद्योगिक और लॉजिस्टिक खंड में भी मार्च तिमाही में 268 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,170 करोड़ रुपये था। होटल परियोजनाओं में निवेशकों ने समीक्षाधीन तिमाही में कोई रुचि नहीं दिखाई।

हालांकि पिछले साल समान तिमाही में इस खंड में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। सीएंडडब्ल्यू की मूल्यांकन, परामर्श और पूंजी बाजार खंड के प्रबंध निदेशक सोमी थॉमस ने कहा-चालू कैलेंडर की पहली तिमाही में भी रियल एस्टेट क्षेत्र में मजबूत पूंजी प्रवाह देखा गया। इसमें नए ग्राहक और निवेशकों के विश्वास के कारण आवासीय क्षेत्र का दबदबा रहा।

### मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण 11 प्रतिशत बढ़ गया

बृहन्मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में मजबूत आवास मांग के दम पर संपत्तियों का पंजीकरण अप्रैल में 11 प्रतिशत बढ़कर 11,628 इकाई हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मुंबई में अप्रैल 2023 में 10,514 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था। नाइट फ्रैंक के अनुसार-पिछले महीने 11,628 इकाइयों का पंजीकरण हुआ। मुंबई के बाजार में मकान खरीदने वालों के सकारात्मक रुख के बीच मुंबई में संपत्ति पंजीकरण 2024 में लगातार चौथे महीने 10,000 से अधिक रहा। कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 80 प्रतिशत आवासीय इकाइयां हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा-बाजार की सकारात्मक परिस्थितियों ने राज्य के खजाने को काफी बढ़ावा दिया, जिससे अप्रैल में राजस्व संग्रह अब तक का सर्वाधिक रहा। अप्रैल में संपत्ति पंजीकरण में तेजी आई है...यह सकारात्मक गति जारी रहने की उम्मीद है, जो मजबूत आर्थिक वृद्धि व स्थिर ब्याज दरों से प्रेरित है, जिनके स्थिर रहने की उम्मीद है।

## 11 प्रतिशत बढ़ गई बिजली की खपत

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत बढ़कर 144.25 अरब यूनिट रही है। मुख्य रूप से तापमान बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2023 में बिजली की खपत 130.08 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग भी अप्रैल, 2024 में बढ़कर 224.18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 215.88 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगभग 260 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिजली की खपत के साथ-साथ मांग में वृद्धि मुख्य रूप से तापमान बढ़ने और इस्पात तथा बिजली जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण हुई।

## ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करना नई सरकार के एजेंडे में हो सकता है शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक ने निर्यात को लेकर दी जानकारी



ऑनलाइन माध्यम से भारत के निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए देश में ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करने का मुद्दा नई सरकार के लिए वाणिज्य मंत्रालय के 100 दिन के एजेंडे में शामिल होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्त मंत्रालय सहित संबंधित मंत्रालयों के साथ ई-वाणिज्य माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदमों पर काम कर रही है क्योंकि इस क्षेत्र में निर्यात के बड़े अवसर हैं। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंत्रालयों को नई सरकार के लिए 100 दिन की योजना तैयार करने को कहा गया है। भारत में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुए। मतगणना चार जून को होगी। अधिकारी ने कहा कि ये केंद्र ई-वाणिज्य माध्यमों से निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। उद्योग जगत के एक विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसे केंद्र में निर्यात मंजूरी को सुगम बनाया जा सकता है। इसके अलावा इसमें भंडारण सुविधाएं, सीमा शुल्क मंजूरी, रिटर्न प्रोसेसिंग, लेबलिंग, टेस्टिंग और रीपैकेजिंग की भी सुविधा हो सकती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

## विदेशी निवेशकों ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो महीने बाद अप्रैल में एफपीआई फिर हुई बिकवाली

लगातार दो माह तक खरीदार रहने के बाद अप्रैल में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बन गए और उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मॉरीशस के साथ कर संधि में संशोधन से उपजी चिंताओं और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ने से रुख में यह बदलाव देखने को मिला। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। लेकिन अप्रैल में यह रुझान पलट गया और एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर ली।

वर्ष 2024 के पहले चार महीनों में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का कुल शुद्ध निवेश 2,222 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 44,908 करोड़ रुपये रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने भारतीय इक्विटी से 8,671 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

## जीएंडबी, गोदरेज प्रॉपर्टीज में भूमि विकास पर जारी रहेगी साझेदारी

**नई दिल्ली।** गोदरेज समूह के संस्थापक परिवार द्वारा कारोबारी समूह के सौहार्दपूर्ण विभाजन की घोषणा के अगले दिन बुधवार को गोदरेज एंड बॉयस और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि वे मुंबई के विखरोली में भूमि विकास के लिए सहयोग जारी रखेंगी।

गोदरेज एंड बॉयस (जीएंडबी) और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने संयुक्त बयान में कहा कि जब भी मालिक भूमि विकसित करने के इच्छुक होंगे, तब समय-समय पर दोनों कंपनियां विखरोली में भूमि विकास के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को जारी रखेंगी।

## बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार हुई सुस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं



देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,32,468 इकाई थी।

इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाददाताओं से कहा कि अप्रैल में सपाट वृद्धि पिछले साल उद्योग के उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है। इसके अलावा चल रहे आम चुनावों का प्रभाव भी है। उन्होंने कहा-हमने इस साल बहुत ऊंचे आधार पर शुरुआत की है... अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है...चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव ख़त्म हो जाएं, तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री अप्रैल में 1,37,952 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,37,320 इकाई थी। दूसरी ओर हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई रही, जो पिछले साल इसी माह 49,701 इकाई थी।

# राष्ट्रीय

# कांग्रेस लिखित में गारंटी दे कि वह धर्म के आधार पर नहीं देगी आरक्षण: नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है

बनासकांठा (गुजरात), एजेंसी



नरेंद्र मोदी गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल घटकों को लिखित में यह गारंटी देने की चुनौती दी कि वे ऐसा कभी नहीं करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है।

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद गुजरात में अपनी पहली चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि जब तक वह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में हैं, तब तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को नौकरियों और शिक्षा में दिए गए आरक्षण की रक्षा की जाएगी। भाजपा के दिग्गज नेता ने जोर देकर कहा-मैं कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) के साथ-साथ उनकी पार्टी और समर्थकों को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि कभी भी धर्म के नाम पर आरक्षण का दुरुपयोग नहीं करेंगे, न ही कभी संविधान के साथ खिलवाड़ करेंगे या कभी धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देंगे। उन्होंने कहा-कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लिखित में गारंटी दें कि वे धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं देंगे क्योंकि उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

## आवश्यक रस्मों के बिना हिंदू विवाह वैध नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हिंदू विवाह नाचने-गाने, खाने-पीने या वाणिज्यिक लेनदेन का अवसर नहीं है और वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है जिसे भारतीय समाज में काफी महत्व दिया जाता है। हाल ही में पारित अपने आदेश में पीठ ने युवक-युवतियों से आग्रह किया कि वे विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले ही इसके बारे में गहराई से विचार करें क्योंकि भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है। पीठ ने दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में अपने आदेश में यह टिप्पणी की।




**नई दिल्ली :** एयर मार्शल नागेश कपूर 1 मई को बेंगलुरु में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) ट्रेनिंग कमांड का पदभार संभालने के बाद अन्य लोगों के साथ मार्च करते हुए। ● एजेंसी

## एक नजर

### जम्मू के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि दरमियानी रात को किश्तवाड़ जिले में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गयी। भूकंप 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कम तीव्रता वाले इस भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप से अब तक किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### डॉ. अतुल वर्मा हिमाचल के नए डीजीपी नियुक्त

**शिमला।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1992 बैच के अधिकारी डॉ. अतुल वर्मा को हिमाचल प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आईपीएस संजय कुंडू की सेवानिवृत्ति के बाद हुई है। डॉ. वर्मा, जो पहले सीआईडी, हिमाचल प्रदेश के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे, अब जनहित में राज्य पुलिस बल के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। डॉ. वर्मा की नियुक्ति की अधिसूचना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा बुधवार यानी एक मई को तत्काल प्रभाव से जारी कर दी गई है।

## भाजपा न तो आरक्षण हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी

कोरबा (छत्तीसगढ़), एजेंसी

- अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनसभा में विपक्षी दल पर लगाया झूठ बोलने का आरोप



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा न तो अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि चार जून को वह अपनी हार का ठीकरा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर फोड़ने वाली है।

शाह कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण करती रही है। शाह ने कहा-कांग्रेस पार्टी का एक सूत्र है- झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो। वे कहते हैं कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने मेरा एक 'फर्जी वीडियो' प्रसारित किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 10 साल से आपके आशीर्वाद से मोदी जी के पास बहुमत है। मोदी ने ना आरक्षण हटाया, ना हटाएंगे।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुमत का उपयोग अनुच्छेद 370 हटाने, राम जन्मभूमि पर मंदिर बनाने, सीएए लागू करने, तीन तलाक समाप्त करने और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए किया। उन्होंने कहा-मैं आपको मोदी की गारंटी देने आया हूं, जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को ना हम हटाएंगे, ना ही कांग्रेस को हटाने देंगे। भाजपा नेता ने कोरबा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सरोज पांडेय को वोट देने की अपील की। इस सीट पर सात मई को मतदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा-खरगे साहब! क्यों एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं? चार जून (चुनाव परिणाम) को हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटने वाला है। आपको नहीं पता ये किसी के नहीं होते।

## दिल्ली की अदालत ने की प्रवर्तन निदेशालय की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा-मजबूत नेता और एजेंसियां जिनकी रक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें ही बनाते हैं शिकार

दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में एक आरोपी का इलाज करने वाले डॉक्टरों के बयान दर्ज करने के लिए सख्त पीएमएलए कानून का उपयोग करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना करते हुए कहा कि इतिहास सिखाता है कि मजबूत नेता, कानून और एजेंसियां आम तौर पर जिनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं उन्हीं को पलटकर निशाना बनाते हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह टिप्पणी अमित कत्याल द्वारा दाखिल एक आवेदन पर फैसला करते हुए की, जिसमें रेलवे नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चिकित्सा आधार पर पांच फरवरी को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने 30 अप्रैल को अंतरिम जमानत के विस्तार को यह देखते हुए अस्वीकार कर दिया कि कात्याल स्पष्ट रूप से ठीक होने की राह पर हैं और जेल परिसर के भीतर निर्धारित जीवन शैली का पालन कर सकते हैं। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि कात्याल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने उन डॉक्टरों के बयान दर्ज करने में ईडी द्वारा पीएमएलए की धारा 50 के उपयोग पर आपत्ति जताई थी।

## कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों ने छोड़ी पार्टी आप के साथ गठबंधन पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** आप से गठबंधन के विरोध में कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों नीरज बसोया और नसीब सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पद से इस्तीफा दे दिया था। लवली द्वारा आप के साथ गठबंधन का हवाला देकर इस्तीफा देने और राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस उम्मीदवारों के बयानों के बाद पार्टी की दिल्ली इकाई में दरारें उजागर हुई थी। इन घटनाक्रम के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्रों में नीरज बसोया और नसीब सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता परेशान हैं और आप से गठबंधन के कारण अपमानित महसूस कर रहे हैं।

## कोर्ट ने मिशेल की जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी का रुख पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला**




दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में नियमित जमानत का अनुरोध करने वाले कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से उनका रुख व्यक्त करने के लिए कहा है।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने ब्रिटिश नागरिक की जमानत याचिकाओं पर जांच एजेंसियों को नोटिस जारी किया, जिसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पण के तहत लाया गया था और बाद में कथित घोटाले में भूमिका के लिए उसे गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने 22 अप्रैल को पारित दो अलग-अलग आदेशों में सीबीआई और ईडी के वकील से तीन सप्ताह में अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जेम्स फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। शीर्ष अदालत ने जेम्स की उस दलील को खारिज कर दिया था जिसमें कहा गया था कि उसे इस आधार पर रिहा किया जाए कि वह इस मामले में दी जाने वाली अधिकतम कारावास की सजा का आधा हिस्सा जेल में बिता चुका है। इसके पहले उच्च न्यायालय ने मार्च 2022 में सीबीआई और ईडी, दोनों से ही जुड़े मामलों में उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से जुड़ा है। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया कि वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की आपूर्ति के लिए 8 फरवरी, 2010 को हस्ताक्षरित सौदे के कारण सरकारी खजाने को लगभग 2,666 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने अदालत के विस्तार की मांग वाली याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा जिसमें अदालत, अदालत कक्षों, वकीलों के कक्षों, पार्किंग स्थान और बुनियादी ढांचे के विस्तार का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने याचिका पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों तथा कानून एवं न्याय मंत्रालय और उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा दायर की गई है। इस याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्च न्यायालय के विस्तार के लिए ढांचागत जरूरतों के मद्देनजर यहां बापा नगर की पूरी जमीन का कब्जा सौंप दिया जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा-परेशानी यह है कि उच्च न्यायालय यहीं है। हमें अगल-बगल की भूमि की आवश्यकता होगी। हम इस पर गौर करेंगे और देखेंगे कि हम क्या कर सकते हैं। वस्तुत: आज हमारे पास कोई जमीन नहीं है। मामले मे अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। इस मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व स्थायी वकील अनुराग अहलूवालिया ने किया, वहीं दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रशासन पक्ष का प्रतिनिधित्व वकील रावी बीरबल ने किया।

